रविवारीय
लखनऊ, रविवार
31 अगस्त, 2025
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष 8
सं. 2082 वि.
वर्ष 79, अंक - 15 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर * *

स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

मूल्य : 3 रुपये
epaper : epaper.swatantrabharat.net

राहुल द्रविड़ ने साल भर में ही छोड़ा राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच का पद



### सात साल बाद चीन पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

## एससीओ के साथ काम करने को प्रतिबद्ध है भारत

**बीजिंग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सात साल से ज्यादा के अंतराल के बाद शनिवार को चीन पहुंचे। इस यात्रा पर पूरी दुनिया की नजर है। दुनिया बेहद उत्सुकता से पीएम

**एयरपोर्ट पर हुआ भव्य स्वागत**

**राष्ट्रपति जिनपिंग से आज होगी बातचीत**

**एससीओ के वार्षिक शिखर सम्मेलन में लेंगे भाग**

मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात का इंतजार कर रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीतियों की वजह से भारत-अमेरिका संबंधों में अचानक आई गिरावट को देखते हुए यह यात्रा और भी महत्वपूर्ण हो गई है। पीएम मोदी मोदी मुख्य रूप से 31 अगस्त और 1 सितंबर को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीन आए हैं। एससीओ के बारे में उन्होंने कहा, भारत एससीओ का सक्रिय और रचनात्मक सदस्य है। अपनी अध्यक्षता के दौरान, हमने नवाचार, स्वास्थ्य और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के क्षेत्रों में नए विचार रखे हैं और सहयोग की पहल की है। उन्होंने कहा कि भारत साझा चुनौतियों का समाधान करने और क्षेत्रीय सहयोग को मजबूत करने के लिए एससीओ सदस्यों के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। रविवार को चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ उनकी निर्धारित बैठक वाशिंगटन के टैरिफ विवाद के मद्देनजर और भी महत्वपूर्ण हो गई है, जिसका असर दुनिया भर की लगभग सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ा है। इस वार्ता में पीएम मोदी और शी भारत-चीन आर्थिक संबंधों का जायजा लेने और पूर्वी लद्दाख सीमा विवाद के बाद गंभीर तनाव में आए संबंधों को और सामान्य बनाने के लिए कदमों पर विचार-विमर्श करेंगे। प्रधानमंत्री अपनी दो-राष्ट्र यात्रा के दूसरे और अंतिम चरण में जापान से इस चीनी शहर पहुंचे हैं।

7 सालों बाद एक बार फिर पीएम मोदी चीन की धरती पर पहुंचे हुए हैं। प्रधानमंत्री का ये दौरा अहम इसलिए माना जा रहा है क्योंकि इससे भारत-चीन संबंधों पर जमी बर्फ पिघलेगी। इस दौरान पीएम मोदी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के अलावा रूस के राष्ट्रपति पुतिन और अन्य नेताओं से भी मुलाकात करेंगे।



### भारत से रिश्ते सुधारना बेहतर विकल्प : चीन

**बीजिंग।** चीन ने स्वीकार किया है कि मौजूदा वैश्विक परिदृश्य में भारत से रिश्ते सुधारना बेहतर विकल्प है। चीन के सरकारी पत्र ग्लोबल टाइम्स में यह दावा किया गया है। इसमें कहा है, भारत-चीन के बीच राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष होने पर आपसी संबंधों पर वर्षों से जमी बर्फ पिघलना दोनों देशों के लिए लाभकारी है। पीएम नरेंद्र मोदी की रविवार को तियानजिन यात्रा सात वर्षों के बाद पहली चीन यात्रा होगी। ग्लोबल टाइम्स के मुताबिक, एससीओ शिखर सम्मेलन में भारत की सक्रिय भागीदारी बहुपक्षीय सहयोग ढांचे को फिर से कायम करने में भरोसे को दर्शाती है। हाल में, हिमालयी सीमा पर सैनिकों के बीच मिठाइयों के आदान-प्रदान किया है। कैलास मानसरोवर यात्रा शुरू होना और दोनों देशों के बीच सीधी उड़ानें जल्द से जल्द शुरू करने की घोषणा संकेत है कि दोनों देश आपसी संपर्क मजबूत कर रहे हैं। चीन-भारत संबंधों का चरणवार सुधार मुख्यतः साझा रणनीतिक जरूरतों से प्रेरित है। दोनों देश समझ रहे हैं कि अंतहीन सीमा विवादों के बजाय सीमित संसाधनों को आर्थिक विकास एवं अधिक जरूरी रणनीतिक प्राथमिकताओं पर लगाना ज्यादा तर्कसंगत विकल्प है। भारत, चीन के साथ राजनयिक संबंध स्थापित करने वाले पहले देशों में से एक था। 70 साल से भी पहले, चीन, भारत और अन्य देशों ने साझा रूप से शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के पांच सिद्धांतों की वकालत की थी। वे आज भी अंतरराष्ट्रीय संबंधों का बुनियादी मानदंड है।

### टैरिफ विवाद पर बोले राजनाथ

## दोस्त या दुश्मन नहीं, होता है परमानेंट इंटरेस्ट

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिकी टैरिफ पर विवाद के बीच कहा कि कोई भी देश परमानेंट दोस्त या दुश्मन नहीं होता है। सिर्फ परमानेंट इंटरेस्ट होता है। राजनाथ ने यह बात एक मीडिया

**भारत किसी भी कीमत पर समझौता नहीं करेगा**

हाउस के कार्यक्रम में शनिवार को कही। उन्होंने कहा कि दुनिया में ट्रेड वॉर जैसे हालात हैं। विकसित देश तेजी से संरक्षणवादी हो रहे हैं। भारत किसी को अपना दुश्मन नहीं मानता, लेकिन हम राष्ट्रीय हित और लोगों के हितों से समझौता नहीं करेंगे।

राजनाथ के इस बयान को ट्रम्प के टैरिफ के खिलाफ भारत, रूस और चीन के करीब आने की खबरों से जोड़कर देखा जा रहा है। रक्षा मंत्री ने कहा हमारे लिए अपने लोगों का, किसानों का, छोटे व्यापारियों का, देशवासियों का हित सबसे ऊपर है। चाहे कितना भी दबाव डाला जाए, लेकिन भारत किसी भी कीमत पर समझौता नहीं करेगा। सिंह बोले- दुनिया भारत की रक्षा क्षमताओं की गवाह है। जिस तरह से हमारी सेनाओं ने स्वदेशी उपकरणों के साथ पाकिस्तान पर सटीक हमले किए, उससे पता चलता है कि कोई भी मिशन बिना दूरदर्शिता और तैयारी के सफल नहीं हो सकता। 2014 में हमारा डिफेंस एक्सपोर्ट 700 करोड़ रुपए से कम था। आज यह बढ़कर लगभग 24 हजार करोड़ रुपए हो गया है, जो एक रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। यह दर्शाता है कि भारत अब केवल खरीदार नहीं रहा बल्कि निर्यातक बन रहा है।


राजनाथ सिंह ने कहा कि एक ऐसी सुरक्षा प्रणाली तैयार की जा रही है जो दुश्मन के किसी भी हमले से बचाव करने और उसका जवाब देने, दोनों में सक्षम होगी। उन्होंने कहा, जैसा कि हमने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान देखा, आज की लड़ाइयों में हवाई सुरक्षा की अहमियत बहुत बढ़ गई है। ऐसे में 'सुदर्शन चक्र मिशन' एक बड़ा बदलाव लाने वाला साबित होगा।

सिंह ने कहा कि बदलते वैश्विक हालात ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अब रक्षा क्षेत्र में बाहरी देशों पर निर्भर रहना कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा, आज की स्थिति में आत्मनिर्भरता हमारी अर्थव्यवस्था और सुरक्षा दोनों के लिए आवश्यक है। रक्षा मंत्री ने कहा, आज रक्षा क्षेत्र केवल राष्ट्रीय सुरक्षा की नींव नहीं है, बल्कि यह हमारी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और उसके भविष्य को सुरक्षित करने का एक प्रमुख आधार भी बन गया है।



## डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग में आगे बढ़ रहा यूपी : योगी

**नोएडा।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शनिवार को नोएडा स्थित राफे एमफिब्र कंपनी पहुंचे। जहां पर मौजूद मुख्यमंत्री योगी



आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया। वे यहां रक्षा उपकरण और ड्रोन निर्माण इकाई के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए हैं। कंपनी की तरफ से बनाये गए ड्रोन उड़ाकर दिखाए जिनका रक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री अवलोकन किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर युद्ध ने नये प्रारूप से परिचय करवाया है। ऑपरेशन सिंदूर ने भी बहुत कुछ सिखाया है। आगे कहा कि उत्तर प्रदेश डिफेंस

**नोएडा में बोले मुख्यमंत्री योगी**

मैनुफ़ैक्चरिंग में आगे बढ़ रहा है। कॉरिडोर को चिन्हित जमीन दिलवाई जा रही है। इस इकाई से होने वाले परीक्षण से अब हमें दूसरे देशों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। कोई हमारा डेटा कैप्चर कर पंगु नहीं बना पाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि मैं पीएम और रक्षा मंत्री का आभारी हूं, जिन्होंने देश की वर्तमान चुनौती को ध्यान में रखते हुए देश के दो उभरते रक्षा विनिर्माण केंद्रों में से एक उत्तर प्रदेश को दिया है। आगे कहा कि मैं रक्षा मंत्री को धन्यवाद देता हूं जिन्होंने उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल केंद्र बनाया है। लखनऊ की मुस्कुराहट तब तक अधूरी थी। जब तक वहां से मिसाइल की आवाज दुश्मन के कानों तक नहीं पहुंचे। अब इसे और भी बेहतर तरीके से देखा जा सकता है। अभी ऑपरेशन सिंदूर में ब्रह्मोस ने अपनी क्षमता का प्रदर्शन भी किया है।

## जम्मू में बारिश से तबाही, 6000 घरों में घुसा पानी



**जम्मू।** मूसलाधार बारिश से शहर में छह हजार से ज्यादा घरों में जलभराव हुआ। एक हजार के आसपास घरों में मलबा भरा और लगभग 150 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं। शहर भर में नुकसान का आकलन कर रही विभिन्न विभागों की टीमों से इस आंकड़े का पता चला है। 26 अगस्त को हुई बारिश से काफी तबाही मची। पानी ओवरफ्लो होने के कारण लोगों के घरों में जा घुसा। इससे घरों में रखा सामान खराब हो गया। जिला

**150 से अधिक घर क्षतिग्रस्त**

**200 वाहनों में आई खराबी**

प्रशासन की टीमें शहरभर में नुकसान का आकलन कर रही हैं। हर घर में जाकर रिपोर्ट बनाई जा रही है।

इन टीमों में तहसीलदार, नायब तहसीलदार स्तर के अधिकारियों की सेवाएं ली जा रही है। आंकलन पूरा होने के बाद रिपोर्ट को सौंपी जाएगी और बनता मुआवजा सरकार की ओर से दिया जाएगा। हालात यह हैं कि चौथे दिन भी घरों में मलबा भरा पड़ा है। कई घरों में दरारें आई हैं तो कहीं पर दीवारें गिर गई हैं। जिन घरों में पानी घुसा है। यहां पर बिजली उपकरण, बेड, अलमारी को भी नुकसान हुआ है। इस कारण बारिश से सबसे ज्यादा परेशानी गरीब परिवारों को पेश आई है। घरों में फ्रिज टीवी, लैपटॉप, बेड, अल्मारियां, इंडक्शन सहित अन्य घरेलू सामान खराब हुआ है।

### रामबन व रियासी 12 की मौत

जम्मू-कश्मीर के रियासी और रामबन में कुदरत ने कहर बरपाया है। शनिवार को भूस्खलन और बादल फटने से बड़ा हादसा हुआ है। दोनों हादसे में कुल 12 लोगों की मौत हो गई। रामबन में बादल फटने से 5 लोगों की जान चली गई, वहीं, रियासी में भूस्खलन से एक ही परिवार के सात लोगों की मौत हो गई। रियासी में भारी बारिश के चलते भूस्खलन होने से कच्चा मकान गिर गया। जिसमें पति, पत्नी और 5 बच्चों सहित सात लोगों की मौत हो गई। मलबे में दबने से एक ही परिवार के सभी सदस्यों की जान चली गई। मृतकों की पहचान नजीर अहमद व उसकी पत्नी वजीरा बेगम के रूप में हुई है। बिलाल अहमद पुत्र नज़ीर अहमद, 13 वर्ष, मोहम्मद मुस्तफा पुत्र नज़ीर अहमद, 11 वर्ष, मोहम्मद आदिल पुत्र नज़ीर अहमद, 8 वर्ष, मोहम्मद मुबारक पुत्र नज़ीर अहमद, 6 वर्ष और मोहम्मद वसीम पुत्र नज़ीर अहमद, 5 वर्ष के रूप में हुई है। उधर, रामबन में बादल फटने से पांच लोगों की मौत हो गई और 5 लोग लापता हैं। लापता लोगों की तलाशी जारी है। ओम राज, विद्या देवी व द्वारका नाथ के रूप में तीन मृतकों की पहचान हुई है। दो शवों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। राहत-बचाव कार्य जोरों पर चल रहा है। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, राहत और बचाव दल को तुरंत प्रभावित क्षेत्र में भेजा गया है और लापता लोगों की तलाश के लिए अभियान जारी है। अधिकारियों ने बताया कि अब तक चार शव बरामद किए जा चुके हैं, जबकि पांच व्यक्ति अभी भी लापता हैं। अचानक हुए इस बादल फटने की घटना से इलाके में बाढ़ जैसी स्थिति बन गई।

## त्योहारों पर 150 पूजा स्पेशल ट्रेनें चलाएगा रेलवे

**गोरखपुर।** रेलवे प्रशासन ने त्योहारों के मौसम में यात्रियों की सुविधा के लिये 21 सितंबर से 30 नवम्बर के बीच 150 पूजा स्पेशल ट्रेनों का इंतजाम किया है जिनके जरिये 2024 अतिरिक्त फेरे लगाये जायेंगे। पूर्वोत्तर रेलवे के प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि यात्रियों की बढ़ोत्तरी को देखते हुए रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए हजारों विशेष ट्रेनों के संचालन का फैसला लिया है। बिहार जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए ही 12000 से अधिक ट्रेन सेवाओं के संचालन की योजना बनाई जा चुकी है। जिन ट्रेन के संचालन की योजना बन चुकी है उनका नोटिफिकेशन भी अब जारी किया जाना शुरू हो चुका है। 21 सितम्बर से 30 नवम्बर तक कुल 150 पूजा स्पेशल ट्रेनों के संचालन संबंधी अधिसूचना जारी कर दी गई है जिनके माध्यम से कुल 2024 अतिरिक्त फेरे सुनिश्चित किए जाएंगे। विशेष रूप से उत्तर भारत, पूर्वी भारत और दक्षिण भारत के बड़े स्टेशनों से चलने वाली इन ट्रेनों से महानगरों और ग्रामीण इलाकों के बीच बेहतर संपर्क सुनिश्चित किया गया है।

## 'कर्मचारी को बकाया राशि न देना न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ'

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने कहा है कि दूसरी नौकरी ढूंढना व्यक्ति का एक बुनियादी अधिकार है और भले ही वह प्रतिद्वंद्वी

**कलकत्ता हाईकोर्ट की अहम टिप्पणी**

कंपनी में ही क्यों ही जॉइन ने करे, इसे नैतिक पतन नहीं माना जा सकता। उच्च न्यायालय ने कहा कि किसी कंपनी द्वारा इस आधार पर कर्मचारी को बकाया राशि का भुगतान न करना प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ है। भारत में एक विशेष प्रकार की इंसुलेटर फिल्म की एकमात्र निर्माता होने का दावा करने वाली कंपनी के अनुशासनात्मक आदेश और दंड को रद्द करते



हुए जस्टिस शम्पा दत्त (पॉल) ने कंपनी को 8 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से साधारण ब्याज सहित 1.37 लाख रुपये की ग्रेच्युटी राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया। जस्टिस दत्त ने फैसले में कहा, बेहतर सुविधाओं के साथ दूसरी नौकरी ढूंढना, भले ही वह किसी प्रतिद्वंद्वी कंपनी में हो, यह हर कर्मचारी का एक बुनियादी अधिकार है और यह नैतिक पतन नहीं है। कंपनी की याचिका को खारिज करते हुए, उच्च न्यायालय ने कहा कि अपीलीय प्राधिकारी का आदेश तर्कसंगत है और ग्रेच्युटी भुगतान के प्रावधान कानून के अनुरूप हैं। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता कंपनी अपने इस आरोप को पुष्ट करने के लिए न तो कोई गवाह पेश कर सकी और न ही कोई कॉल रिकॉर्ड दिखा सकी कि प्रतिवादी एक प्रतिद्वंद्वी कंपनी के संपर्क में था। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता कंपनी यह भी साबित नहीं कर सकी कि उन्हें कोई नुकसान हुआ।

## कश्मीर में कुख्यात आतंकी बागू खान ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले के गुरेज सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास सुरक्षाबलों ने ह्यूमन जीपीएस के नाम से मशहूर आतंकी बागू खान को मार गिराया है। बागू खान समंदर चाचा के नाम से भी जाना जाता था। अधिकारियों को उसका पहचान पत्र भी मिला है। सूत्रों के अनुसार, बागू खान 1995 से पाक अधिकृत कश्मीर में रह रहा था। वह 25 सालों से आतंकी गतिविधियों में एक्टिव था और घुसपैठ के सबसे पुराने मददगारों में से एक था। वह 100 से ज्यादा घुसपैठ की घटनाओं में शामिल था। बागू खान जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ के सभी रास्तों से वाकिफ था और पकड़े जाने से बचने के तरीके भी पता थे। इसलिए उसे ह्यूमन जीपीएस नाम दिया गया। वह सुरक्षा एंजेसियों की लिस्ट में हिजबुल मुजाहिदीन का मोस्ट वांटेड आतंकी था। सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस की 28 अगस्त को बागू खान के साथ गुरेज सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश के दौरान मुठभेड़ हुई थी। इसमें वह अपने एक साथी के साथ मारा गया। दूसरे आतंकी की पहचान नहीं हुई है।

## 50 से भी कम हथियार चले और घुटनों पर आ गया था पाक

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में मई महीने में चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान की कमर तोड़ दी। वहां और पीओके में रहने वाले

**'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर नया खुलासा**

100 से ज्यादा आतंकियों को हवाई हमलों में ढेर कर दिया गया। साथ ही, कई एयरबेस भी तबाह किए गए। वायुसेना उप प्रमुख नर्मदेश्वर तिवारी ने ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ा नया खुलासा किया है। उन्होंने कहा है कि इस ऑपरेशन के दौरान भरत को सिर्फ 50 से भी कम हथियार दागने पड़े थे। महज इतने हथियारों से ही पाकिस्तान ने घुटने टेक दिए और सीजफायर की गुहार लगाने लगा। एक न्यूज चैनल से बात करते हुए एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी ने कहा कि पाकिस्तान को सीजफायर की टेबल तक लाने के लिए भारतीय वायुसेना को 50 से भी कम हथियार दागने पड़े। उन्होंने कहा, प्रस्तुत विकल्पों की सूची में से हमारे पास बड़ी संख्या में टारगेट सेट्स थे और 9 ठिकानों को टारगेट किया। हमारे लिए मुख्य बात यह थी कि 50 से भी कम हथियारों के साथ सीजफायर हुआ। इसलिए यही वह महत्वपूर्ण बात है, जिसे मैं आपको समझाना चाहता हूं। उन्होंने आगे कहा, किसी भी युद्ध को शुरू करना काफी आसान होता है, लेकिन उसे खत्म करना आसान नहीं होता। यह बात ध्यान में रखने योग्य है, ताकि हमारी सेना सक्रिय रहे, तैनात रहे और वे किसी भी संभावित स्थिति के लिए तैयार रहें। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का क्रेडिट भारत की एकीकृत वायुकमान और नियंत्रण प्रणाली (आईएसीसीएस) को दिया जो आक्रामक और रक्षात्मक दोनों ही अभियानों की रीढ़ रही। इसी सिस्टम ने भारत को कड़ा जवाब देने में सक्षम बनाया और इसके चलते पाकिस्तान ने सीजफायर की मांग की।

## जांच रिपोर्ट : 1978 के दंगे से ज्यादा प्रभावित हुआ संभल

**संभल।** 1978 के दंगे का असर शहर के खग्गू सराय पर सबसे ज्यादा पड़ा था। इस इलाके में रहने वाले हिंदू परिवार पलायन करने के लिए मजबूर

**मुलायम सिंह पर था केस वापसी की पैरवी का आरोप**

हुए थे। हालांकि ज्यादातर परिवार शहर के उन मोहल्लों में जाकर बसे जहां हिंदू आबादी रहती है। 1978 के दंगे में जो नौ हत्याएं, आगजनी, लूटपाट व अन्य गंभीर मामले में 16 केस दर्ज किए गए थे। उसमें आठ



केस राजनीतिक दबाव के चलते वापस लिए गए थे। बाकी आठ केस का भी कोई निष्कर्ष नहीं निकला। पीड़ित न्याय की आस लगाए बैठे रहे लेकिन न्याय हुआ नहीं। इस मोहल्ले का शिव मंदिर भी तब से ही बंद हो गया था। 24 नवंबर 2024 को हुए बवाल के बाद पुलिस-प्रशासन की ओर से इस मंदिर के कपाट खोले गए थे। जहां अब नियमित पूजन किया जाता है। इस मंदिर के परिक्रमा मार्ग के कब्जे को लेकर जांच अभी भी जारी है जो लंबित चल रही है। पीड़ित परिवारों की वह टीस अभी भी दिखती है। एक दिसंबर 2024 को जब न्यायिक जांच आयोग के सदस्य संभल पहुंचे तो 1978 दंगे के पीड़ित परिवारों ने अपना दर्द बयान किया था। उसमें बताया था कि किस तरह हत्याएं हुईं और न्याय भी नहीं मिला। पुलिस की जांच रिपोर्ट में यह तय ही नहीं हुआ कि हत्या किसने की। अदालत में सबूत के अभाव दोषियों की ताकत बने और वह बरी हो गए। बनवारी लाल गोयल की हत्या निर्मम की गई थी। उसका उल्लेख न्यायिक जांच आयोग की रिपोर्ट में होने की भी चर्चा है। रिकॉर्ड के मुताबिक 16 दिसंबर 1993 में तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के विशेष सचिव न्याय विभाग आरडी शुक्ला द्वारा पत्र भेजकर मुरादाबाद के डीएम से केस वापसी की सिफारिश की गई थी।

# स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही पर डीएम ने जारी किया नोटिस

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**महराजगंज।** जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए लापरवाह अधिकारियों पर सख्त रुख अपनाया और कई निर्देश जारी किए।



जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि रिक्त सब-सेंटरों पर एएनएम (नर्स मिडवाइफ) की तत्काल तैनाती सुनिश्चित की जाए।

बिना सूचना के अनुपस्थित 5 एएनएम और 1 सीएचओ को बर्खास्तगी का नोटिस जारी करने का आदेश भी दिया गया। संस्थागत प्रसव में खराब प्रगति को लेकर डीसीपीएम और बीसीपीएम फरेंदा को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया गया। वहीं, एचबीएनसी भ्रमण न करने पर पनियरा के स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई। टीकाकरण की प्रगति पर असंतोष जताते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि 70% से कम प्रगति वाले उपकेंद्रों की एएनएम का एक वार्षिक वेतनवृद्धि (इंक्रीमेंट) रोका जाए, जबकि 80% से कम प्रगति वाली एएनएम को चेतावनी दी जाए। रतनपुर बीपीएम को जीरो डोज बच्चों की संख्या पर नोटिस जारी करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने आरबीएसके के दंत चिकित्सक डॉ. नीरज सिंह की लगातार शिकायतों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उनकी सेवा समाप्ति का नोटिस देने को कहा। टेली कंसल्टेशन के तहत प्रति सीएचओ 6 और मेडिकल ऑफिसर 10 कंसल्टेशन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया गया। शिशु मृत्यु वाले मामलों में मृत्यु के कारणों की समीक्षा अनिवार्य करते हुए जिलाधिकारी ने सभी एमओआईसी को कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही, सरकारी स्वास्थ्य इकाइयों में जन्मे 100 प्रतिशत बच्चों को बीसीजी टीका लगवाने और मंत्रा ऐप पर डेटा फीडिंग सुनिश्चित करने को कहा। जिलाधिकारी ने आकांक्षी ब्लॉकों में कीइंडिकेटर्स में सुधार, ड्रॉप आउट बच्चों में कमी, और एएनसी में सभी जांच अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने पनियरा एमओआईसी को पेंटा-1 से पेंटा-3 तक के टीकाकरण में ड्रॉप आउट बढ़ने पर फटकार लगाई। ब्लॉक स्तरीय बैठक में अनुपस्थित रहे अधिकारियों एमओआईसी, बीपीएम और बीसीपीएम समेत सभी को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारियों को आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध रहने के निर्देश दिए। बैठक में सीएमओ डॉ. श्रीकांत शुक्ला, एसीएमओ डॉ. राजेंद्र प्रसाद, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. विरेन्द्र आर्या उपस्थित रहे।

## डीएम ने डॉ. अमर को किया सम्मानित

**निचलौल।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कार्यरत चिकित्सक अमरनाथ जायसवाल को उनके उत्कृष्ट सेवा कार्य के लिए जिलाधिकारी महाराजगंज द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। डॉक्टर जायसवाल मृदुभाषिय होने के साथ ही अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठा के साथ कार्य किए जाने के लिए जाने जाते हैं। उनका मानना है कि प्रथम दृष्टि अपने आचरण एवं स्वभाव से रोगी को संतुष्ट कर इलाज किया जाए तो मानसिक रूप से दवा बेहतर परिणाम देता है। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहे।

# खाद बेचने वाली दुकानों की हुई जांच

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**संतकबीरनगर।** जिला कृषि अधिकारी डॉक्टर सर्वेश कुमार ने बताया है कि जनपद के बघौली एवं मेहदावाल क्षेत्र स्थित उर्वरक की दुकानों का निरीक्षण किया गया। शिकायते प्राप्त हो रही थी कि कुछ दुकान फर्जी तरीक़े से पास मशीन में ख़ारिज करके जनपद से बाहर ऊंचे दामों पर उर्वरक को बेचा जा रहा है । निरीक्षण में पाया गया कि एक दुकानदार मुक्तिनाथ एंड संस द्वारा पोस मशीन से 496 बोरी का स्टॉक यूरिया का मिला। मौके पर एक भी बोरी यूरिया का भंडारण नहीं पाया गया। इस प्रकाश 490 बोरी यूरिया का अंतर पाया जाना अनियमित वितरण एवं कालाबाजारी एवं मूल्य से अधिक बेचना प्रतीत होता है। इसके अतिरिक्त प्रतिबंधित ज़ाइम की भी 45 बाल्टी भंडारित मिला। इसके साथ ही 3 दुकानदार (एग्री जंक्शन बारखल, ओम खाद भंडार, मिश्रौलिआ मिश्र, डीसीएफ संडे खुर्द) को स्टॉक बोर्ड/ स्टॉक रजिस्टर अद्यतन ना करने पर चेतावनी जारी किया गया। एक दुकानदार जायसवाल खाद भंडार, कौवा ठोर का लाइसेंस निलंबित किया गया। इसके अतिरिक्त बी पैक्स भगवानपुर, बघौली , बी पैक्स गगनै राव, में निरीक्षण के दौरान उपस्थित कृषकों से भी फीडबैक लिया गया। किसान वितरण व्यवस्था से संतुष्ट थे बी पैक्स शिवा पार बकहा बंद होने के कारण निरीक्षण नहीं हो सका। जनपद में खाद की उपलब्धता एवं वितरण की स्थिति सामान्य थी । जनपद में इस समय यूरिया का स्टॉक लगभग 5000 एमटी एवं फॉस्फेटिक उर्वरक का भी लगभग 7000 एमटी का स्टॉक भंडारित है ।कहीं भी भीड़ नहीं मिली ।इस समय धान में यूरिया की द्वितीय टॉप ड्रेसिंग का कार्य अंतिम दौर में चल रहा है ।

# डीएम ने की सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**कुशीनगर।** डीएम महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा उपस्थिति में जनपदीय सड़क सुरक्षा समिति एवं जिला विद्यालय परिवहन यान सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट में संपन्न की गई ।

समीक्षा बैठक में जुलाई की बैठक में दिये गये निर्देशो के अनुपालन में समस्त विभागों द्वारा आख्या प्रस्तुत किया गया। इस दौरान डीएम द्वारा एआरटीओ एवं ट्रैफीक सीओ को निर्देशित किया गया कि कसया और पड़रौना में ई-रिक्शा के लिए रूट मैप तैयार करें और रूट का कलर कोडिंग तथा सडक की चौड़ाई एवं कैपेसिटी के अनुसार कितने रिक्शा का संचालन होगा, उनकी संख्या निर्धारित करते हुए ई-रिक्शा का संचालन किया जाये। दुर्घटनाओं का संकलन आख्या आईरैड एप्प पर अपलोड करें। यातायात निरीक्षक द्वारा एनएच पर हो रहे दुर्घटनाओं एवं जनपद में होने वाली समस्त दुर्घटनाओं का सम्पूर्ण ऑडिट रिपोर्ट जिसमें दुर्घटनाओं की संख्या, स्थान, कारण एवं पीए रिपोर्ट का उललेख करते हुए प्रत्येक सड़क सुरक्षा की बैठक में आख्या प्रस्तुत किये जाने का निर्देश संबंधित को दिए। एनएचएआई से प्रतिभाग कर रहे अधिकारी द्वारा हो रही दुर्घटनाओं का ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया जिस पर डीएम ने अगली बैठक में विस्तृत ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा जिन स्थानों पर जनता द्वारा अवैध कट बनाये जा रहे हैं, उन्हे बंद करने एवं आवश्यकतानुसार फूट ओवारब्रिज बनाने के निर्देश दिये गये। लोक निर्माण विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जाम हटाये जाने हेतु निर्देशित किया गया कि मार्गों का चौडीकरण आवश्यक्तानुसार करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा, एक्सियन पीडब्ल्यूडी, बीएसए, एआरटीओ, प्रभारी अधिकारी यातायात सहित सभी अधिकारी उपस्थित रहे।



# 44 ग्रामीणों के मकान पर प्रशासन का चला बुलडोजर

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**तुर्कपट्टी कुशीनगर।** हाईकोर्ट के आदेश पर तुर्कपट्टी महुअवां गांव में ग्राम सभा की सार्वजनिक भूमि के अतिक्रमण का मामला दूसरे दिन भी गरमाया रहा। 44 ग्रामीणों के मकान करीब 5 थानों के पुलिस बल की मौजूदगी में ध्वस्त किए गए। तमकुहीराज तहसील के महुअवा बुजुर्ग निवासी अहमद अंसारी द्वारा चार वर्ष पूर्व उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दाखिल करते हुए अपने गांव के 74 ग्रामीणों पर ग्राम पंचायत की सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण कर लिए जाने का आरोप लगाया था। संबंधित मामले में 22 अगस्त को उच्च न्यायलय द्वारा उक्त आदेश का सख्ती से पालन कराते हुए डीएम को दो सितंबर तक स्वयं आख्या सहित न्यायालय में उपस्थित होने को आदेश दिया। इसी क्रम में शुक्रवार को एसडीएम आकांक्षा मिश्रा व नायब तहसीलदार कुंदन वर्मा गांव पहुंचे और कार्रवाई शुरू किया गया। इसी बीच ग्राम वासी मीरा देवी,संतोष तिवारी सहित 10 गृहस्वामियों ने मामला डीएम कोर्ट में लंबित होने का कागजात एसडीएम के समक्ष प्रस्तुत किया। वहीं राजकुमारी देवी, फुलवारी देवी, हरेंद्र सहित 20 गृहस्वामियों को अतिशीघ्र अवैध अतिक्रमण हटा लेने के निर्देश दिए। क्षेत्राधिकारी डॉ अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में कई थानों की पुलिस ने मौके पर शांति बनाए रखने में जुटी रही। खबर लिखे जाने तक बेदखली की कार्रवाई जारी रही।



# चिरंजीव जूनियर हाईस्कूल सील

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**तुर्कपट्टी कुशीनगर।** दुदही विकास खंड व सेवरही थानाक्षेत्र के ग्राम पंचायत दुमही का चर्चित श्री चिरंजीव जूनियर हाईस्कूल आखिरकार शनिवार को सील कर दिया गया। शिक्षा के मंदिर को कलंकित करने वाले इस प्रकरण में प्रधानाचार्य राहुल तिवारी पर शिक्षिका से दुष्कर्म का आरोप लग चुका है और वह न्यायालय में आत्मसमर्पण करने के बाद जेल में है। शनिवार को बीईओ ने विद्यालय के मेनगेट पर ताला लगा सील कर दिया। सेवरही थानाक्षेत्र के ग्राम पंचायत मठिया भोकरिया निवासी शिकायतकर्ता राकेश यादव ने बीएसए से विद्यालय बन्द कराने की मांग की थी। इस बीच सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो ने पूरे इलाके में खलबली मचा दी। बीईओ डा. प्रभातचंद राय ने 22 व 26 अगस्त को विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। दोनों बार विद्यालय बन्द मिला जिसकी रिपोर्ट तत्काल बीएसए को भेज दी गई। शनिवार को तीसरी बार निरीक्षण के दौरान भी विद्यालय में ताले झूलते मिले। बीईओ ने मौके पर विद्यालय को सील करा दिया। उन्होंने कहा कि शिकायत और वायरल वीडियो के आधार पर लगातार तीन बार निरीक्षण हुआ और हर बार विद्यालय बन्द पाया गया। इस कारण आज विधिक प्रक्रिया के तहत उसे सील कराया गया है। बीएसए को अग्रिम कार्रवाई के लिए विस्तृत आख्या भेज दी गई है।

# खेल के प्रति समर्पण के लिए दिलाई गई शपथ

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**संतकबीरनगर।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी की जयंती राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि विधायक अनिल कुमार त्रिपाठी व डीएम आलोक कुमार द्वारा खिलाड़ियों सहित उपस्थित सभी को खेल के प्रति जागरूक एवं उत्साहित रहने से संबंधित शपथ दिलाई गई। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह के दौरान मुख्य अतिथि विधायक अनिल कुमार त्रिपाठी व डीएम आलोक कुमार द्वारा सभागार में उपस्थित खिलाड़ियों सहित सभी को शपथ दिलाई गई। ध्यानचंद के जन्म दिवस के उपलक्ष में जिला खेल कार्यालय स्पोर्ट्स स्टेडियम संत कबीर नगर द्वार अंडर 14 जिला स्टार हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मेंहदावल विधायक अनिल कुमार त्रिपाठी के द्वारा किया गया। उन्होंने मेजर ध्यानचंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया विधायक ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर रहे खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ्य तन से ही स्वस्थ आदमी का विकास होता है साथ ही प्रदेश सरकार खेल के प्रति कितनी जागरूक है और कितना खेल में विकास कर रही है इसके बारे में सभी को बताया, उन्होंने उपस्थित खिलाड़ियों से एक-एक कर परिचय प्राप्त करते हुए खेल के प्रति उनकी जागरूकता एवं उत्साह जाना तथा हर एक खिलाड़ी का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी अभिज्ञान मालवीय, युवा कल्याण अधिकारी आरपी सिंह, सहायक युवा कल्याण अधिकारी आराधना द्विवेदी, सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज, सचिव रमेश प्रसाद, वॉलीबॉल कोच सृजन तिवारी, हॉकी कोच स्मिता दुबे आदि उपस्थित रहे।



# अनियमितता मिलने पर निलंबित हुए उर्वरक के लाइसेंस

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**महराजगंज।** जिला कृषि अधिकारी शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि जिले में उर्वरक विक्रेताओं की जांच में गड़बड़ियां सामने आने पर बड़ी कार्रवाई की गई है। जिलाधिकारी के निर्देश पर गठित टीम ने जांच में पाया कि कई विक्रेता नियमों का उल्लंघन कर उर्वरक बेच रहे थे।

जांच रिपोर्ट के आधार पर प्रथम चरण में नौ उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित कर उनसे जवाब मांगा गया है। इन विक्रेताओं में शामिल हैं ङ्क खान फर्टिलाइजर (हरपुर तिवारी, परतावल) अग्रहरि खाद भंडार (ललाइन पैसिया, लक्ष्मीपुर), शिव सन्कल्प एग्री टेक (, घरैची बृजमनगंज), विवेक ट्रेडर्स (करमहवा, नौतनवा), ओम नमः शिवाय ट्रेडर्स (सिध्वारि फरेंदा), जयसवाल सेवा केंद्र (लक्ष्मीपुर), मां दुर्गा भंडार (रमगढ़वा, नौतनवा), मां लक्ष्मी ट्रेडर्स ( बेलवहि बृजमनगंज) और त्रिपाठी ट्रेडर्स (रामगढ़वा, नौतनवा)। जिला कृषि अधिकारी ने कहा कि जय महाकाल खाद भंडार, लालपुर, बृजमनगंज का लाइसेंस निरस्त किया जा चुका है। प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर अभी और दुकानों पर कार्यवाही होगी उन्होंने किसानों से अपील की कि केवल अपनी आवश्यकता के अनुसार उर्वरक खरीदें और अधिक भंडारण न करें। किसानों को सरकारी दर पर उर्वरक उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया गया है। अनियमितता करने वाले विक्रेताओं पर आगे भी कठोर कार्रवाई होगी।

# सांसद खेल स्पर्धा का विधायक ने किया उदघाटन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**महाराजगंज।** नगर पंचायत चौक स्थित गुरु गोरक्षनाथ इंडोर स्टेडियम में सांसद खेल स्पर्धा सॉफ्ट लॉन्च कार्यक्रम के दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। खेल मैदान में खिलाड़ियों और दर्शकों का उत्साह देखते ही बनता था। मुख्य अतिथि जय मंगल कन्नौजिया ने 100 मीटर दौड़ के लिए झंडी दिखा कर खेल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने कहा कि ग्रामीण अंचलों में अपार खेल प्रतिभा छिपी रहती है लेकिन अवसर न मिलने से वे सामने नहीं आ पातीं। ऐसे आयोजनों से युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने और पहचान बनाने का अवसर मिलता है। विधायक ने कहा कि सांसद खेल स्पर्धा यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सोच का परिणाम है। सरकार का उद्देश्य गांव-गांव तक खेलों को पहुँचाना और खिलाड़ियों को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर तक तैयार करना है। विधायक ने कहा कि खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं बल्कि अनुशासन और टीम भावना का भी विकास करते हैं। आज के समय में खेल कैरियर और रोजगार के नए अवसर भी प्रदान कर रहे हैं। विशिष्ट अतिथि प्रमुख प्रतिनिधि राम हरख गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष अमरनाथ पटेल, विंध्यवासिनी सिंह ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी चौक ओम प्रकाश यादव, जिला क्रीड़ा अधिकारी सरिता सिंह, जिल युवा कल्याण अधिकारी वैभव सिंह , सभासद सोनू पांडेय, श्री राम गुप्ता, दुर्विजय भारती , छविनाथ यादव,वीरेंद्र लोहिया, संजीव शुक्ल मौजूद रहे।



# गैर मान्यता कक्षाओं के संचालन पर सख्ती, बीईओ ने भेजी आख्या

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बस्ती।** मुण्डेरवा थाना क्षेत्र में पक्का बाजार स्थित राम सरण मुंशी गंगा प्रसाद पाल पूर्व माध्यमिक विद्यालय की ओर से मान्यता न होने के बावजूद धड़ल्ले से माध्यमिक कक्षाएं संचालित की जा रही है। खंड शिक्षा अधिकारी बनकटी की जांच में उक्त आरोप पुष्ट हुए हैं। कराह पिठिया गांव की सुमन द्वारा की गई शिकायत की जांच में खंड शिक्षा अधिकारी मौके पर निरीक्षण करने पहुंचे थे।



खंड शिक्षा अधिकारी ने जांच रिपोर्ट बीएसए को भेजी गई आख्या के अनुसार विभागीय जांच और कार्यवाही से बचने के लिए राम सरण मुंशी गंगा प्रसाद पाल पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य मुकेश कुमार सिंह तथा सहायक अध्यापक विपिन कुमार विद्यालय के निकट बैंक आफ बड़ौदा के बगल में किराए का मकान लेकर उसमे कोचिंग चलाते हैं। जांच में पाया गया कि हरिश्चन्द्र, विपिन, रितेश आदि 11 वीं कक्षा का संचालन करते हैं। इसमे 7 बच्चे भी मिले। इसी तरह 9 वीं कक्षा में 27 बच्चे पाए गये, सभी ने पूछने पर अपना नाम बताया और कहा कि उनकी कक्षाएं 8.30 बजे से 1.30 बजे तक चलती हैं। उन्होने बताया कि उन्हे रितेश, दीपा, हरिश्चन्द्र व शिव पढ़ाते हैं।

## नामांकन के पहले दिन 13 ने की दावेदारी

**बस्ती।** प्रेस क्लब चुनाव 2025 की प्रक्रिया जारी है। शनिवार को नामांकन के पहले दिन 13 ने नामांकन किया।

संरक्षक के लिए प्रकाश चन्द्र गुप्ता, अध्यक्ष पद के लिए विनोद कुमार उपाध्याय व सलामुद्दीन, उपाध्यक्ष के लिए डा वीके वर्मा, महामंत्री के लिए महेन्द्र कुमार तिवारी, सम्प्रेक्षक के लिए वशिष्ठ कुमार पांडेय शामिल हैं। मुख्य चुनाव अधिकारी केडी मिश्र ने बताया कि कार्यकारिणी सदस्य के लिए दाखिल किए गये 7 नामांकन सहित कुल 13 ने नामांकन किया है। कार्यकारिणी सदस्यों में राघवेन्द्र प्रसाद मिश्र, जीशान हैदर रिजवी, विपिन बिहारी तिवारी, इमरान अली, राजेन्द्र कुमार उपाध्याय, संतोष तिवारी व राजेश कुमार पांडेय शामिल हैं। प्रेस क्लब का चुनाव रोचक हो चुका है।

# हमारे जीवन का आधार है वृक्ष : मनमोहन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बस्ती।** जिला पर्यावरण संरक्षण समिति के उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नामित सदस्य वरिष्ठ अधिवक्ता मनमोहन श्रीवास्तव काजू द्वारा पिछले 15 दिन से जनपद के प्रत्येक शिव मंदिर पर पौधरोपण किया जा रहा है। जिसमें देवरिया शिव मंदिर, करण शिव मंदिर, भारीनाथ शिव मंदिर पर 50 से अधिक पीपल, बरगद, आंवला, पाकड़ का पेड़ वन विभाग और वहां के पुजारियों के सहयोग से लगाया गया। अधिवक्ता मनमोहन श्रीवास्तव ने कहा अभी आगे भी धार्मिक स्थलों पर वृक्षारोपण करने की योजना है, काजू ने कहा कि वृक्ष संरक्षण का महत्व हमारे जीवन में में भी बहुत हैए

वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। ये हमें शुद्ध वायु, वर्षा, फ्ल फूल, औषधि के साथ ही छाया भी प्रदान करते हैं।पौधरोपण से वातावरण संतुलित रहता है और प्रदूषण कम होता है। अधिक पेड़ लगाने से मिट्टी का कटाव रुकता है तथा भूजल स्तर सुरक्षित रहता है। पौधे हमें पक्षियों और पशुओं के लिए आश्रय भी देते हैं। यदि हम पेड़ों की सुरक्षा नहीं करेंगे तो आने वाली पीढ़ियां स्वच्छ हवा और प्राकृतिक संसाधनों से वंचित हो जाएंगी। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी रक्षा करने का संकल्प लेना चाहिए। उसी क्रम में बाबा भदेश्वर नाथ मंदिर पर पौधरोपण किया गया। पौधरोपण करने वालों में शिव प्रसाद गिरी, राजेश गिरी, हर्षित श्रीवास्तव, प्रदीप श्रीवास्तव, राकेश पांडेय, दीपक शर्मा, सुनील श्रीवास्तव, आरती श्रीवास्तव, राहुल अग्रहरी, विजय यादव, श्याम कुमार पंसारी, बसंत कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



# संक्षिप्त समाचार

## घुमंतू गौवंश को पकड़ कर किया संरक्षित

**बस्ती।** सड़कों पर घूम रहे निराश्रित गौवंश पर कार्यवाही करते हुए अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका बस्ती अंगद गुप्ता ने बताया कि नगर पालिका ने सड़क पर घूमने वाले निराश्रित पशुओं के लिए वृहद रूप से अभियान चला कर सुरक्षित रूप से पकड़वा कर उन्हें नगर पालिका द्वारा संचालित कान्हा गोशाला में भेजने का अभियान चलाया है। इस अभियान के तहत पालिका ने 10 निराश्रित पशुओं को काऊ कैचर की मदद से पकड़ा और उन्हें गोशाला में संरक्षित किया। मौके पर गौशाला प्रभारी अमित कुमार शुक्ला व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## दुदही से लखनऊ तक बस शुरू करने की मांग

**दुदही (कुशीनगर)।** विधानसभा फाजिलनगर और लोकसभा देवरिया का सबसे पिछड़ा क्षेत्र दुदही अन्य सुविधाओं के साथ साथ यातायात सुविधा में भी सर्वाधिक पिछड़ा है।यह क्षेत्र जहां एक ओर ट्रेनों की कमी का सामना कर रहा है तो दुसरी ओर बस सेवा भी न के बराबर है। उक्त बातें समाजसेवी अधिवक्ता मनोज कुंदन ने आज प्रेसवार्ता में कहीं। कुंदन ने मुख्यमंत्री को संबोधित जनसुनवाई पोर्टल पर अपनी मांगों को दर्ज कराते हुए दुदही से लखनऊ के लिए नियमित बस सेवा शुरू करने की आवश्यकता बताई है। पोर्टल के माध्यम से कुंदन ने दुदही से जिला मुख्यालय,कसया, गोरखपुर के लिए नगर से बस संचालन किए जाने की मांग की है।आज दुदही नगर के व्यापारिक विकास के लिए यातायात सुविधा को बढ़ाने के लिए प्रयास करने की जरूरत है।

## अष्टमी महोत्सव का नौवां आयोजन आज से

**कुशीनगर।** तमकुही विकास खंड के बरवाराजापाकड़ गांव के सपही बरवा टोला में राधा अष्टमी महोत्सव की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। हनुमान भजन मंडल की देखरेख में होने वाला यह धार्मिक आयोजन इस बार अपने नौवें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। रविवार से इसकी शुरुआत होगी, जबकि छह सितंबर को पूर्णाहुति और विशाल भंडारे के साथ समापन होगा। शनिवार को समिति की ओर से हुई समीक्षा बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। बताया गया कि सात दिन तक चलने वाले इस आयोजन में ग्रामीणों और आसपास के श्रद्धालुओं को भक्ति व आध्यात्मिकता से जोड़ा जाएगा। मुख्य आकर्षण के रूप में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन होगा। इसके लिए आचार्य विनय राघव दास आमंत्रित किए गए हैं। वे प्रतिदिन शाम सात बजे से रात 11 बजे तक कथा वाचन करेंगे और श्रोताओं को भगवान श्रीकृष्ण-राधारानी की लीलाओं व भक्ति सिद्धांतों से अवगत कराएंगे। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि समापन अवसर पर विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। आयोजन समिति का कहना है कि यह वार्षिक कार्यक्रम गांव की सांस्कृतिक पहचान बन चुका है और इससे नई पीढ़ी भी परंपराओं से जुड़ रही है। तैयारियों में जुटे सदस्यों में पं. अच्युतानंद पांडेय, कथा प्रवक्ता विनय राघव दास, नवीन पांडेय, राम आशीष गुप्ता, शर्मा गुप्ता, प्रभु गुप्ता, सोनू पांडेय, मृत्युंजय पांडेय, सौरभ मिश्र, पं. दीपक मिश्र आदि उपस्थित रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई पत्रकार स्थाई समिति की बैठक

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**कुशीनगर।** डीएम अधिकारी महेन्द्र सिंह तवर की अध्यक्षता में पत्रकार स्थाई समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

डीएम ने सर्व प्रथम उपस्थित पत्रकारों से परिचय प्राप्त करने उपरांत एक एक करके पत्रकारों से समस्या की समस्याओं को सुना। डीएम व एसपी संतोष कुमार मिश्रा द्वारा समन्वय बनाने का आश्वासन पत्रकारों को दिया। पत्रकारों की विभिन्न मांग में पत्रकारों के बैठने के लिए स्थान, मान्यता प्राप्त पत्रकारों का जिला प्रशासन का अलग मोबाईल ग्रुप बनाना, टोल टैक्स पत्रकारों से न लिया जाय, मान्यता प्राप्त पत्रकारों का लिस्ट जिले के हर थाने में उपलब्ध कराना, सूचना कार्यालय कलक्ट्रेट के पास रखना तथा स्थायी समिति की बैठक हर तीन महिने करना प्रमुख रही। जिस पर डीएम व एसपी आश्वासन दिया गया। डीएम ने प्रभारी जिला सूचना अधिकारी को सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का अलग अलग ग्रुप बनाए जाने सहित मान्यता प्राप्त पत्रकारों की सूची जनपद के वेबसाइट पर अपलोड कराए जाने का निर्देश दिए गए। अन्त में यूनाइटेड न्यूज़ इंडिया न्यूज एजेसी के जिला संवाददाता भानु प्रताप तिवारी ने जिलाधिकारी तथा पुलिस कप्तान को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस बैठक में एडीएम वैभव मिश्रा, एसडीएम मुहम्मद जफर ,मान्यता प्राप्त पत्रकार स्वतंत्र भारत के जिला संवाददाता अनिल कुमार पांडेय, जनता की राह के संपादक प्रभुनाथ गुप्ता, दैनिक मदर के जिला संवाददाता सतीश मणि त्रिपाठी, ग्रामीण पत्रकार एशोसिएशन के जिलाध्यक्ष शैलेश कुमार उपाध्याय, सूचना विभाग के जियाउद्दीन अंसारी, सहित अन्य सभी संबंधित उपस्थित हें।



## लापता बच्ची मिली

**कसया कुशीनगर।** थाना कसया पुलिस द्वारा 10 घंटे के अन्दर लापता 10 वर्षीय बच्ची को खोजकर सकुशल परिजनों को सुपुर्द किया है। जनपद कुशीनगर में पुलिस अधीक्षक कुशीनगर संतोष कुमार मिश्रा के निर्देशन में थाना कसया पुलिस टीम द्वारा 29अगस्त को थाना कसया पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम पकवा इनार थाना कसया जनपद कुशीनगर निवासिनी जयहिंद प्रसाद की पुत्री उम्र करीब 10 वर्ष जो आज प्रातः विद्यालय गई थी छुट्टी के बाद विद्यालय से वापस नहीं लौटी। परिजनों द्वारा काफी तलाश के बाद पुलिस को सूचित किया गया। जिस पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा बच्ची को सकुशल खोज कर परिजनों को सुपुर्द किया गया। बच्ची को सकुशल पाकर परिजनों द्वारा कुशीनगर पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# छात्रों ने निकाली जागरूकता रैली




**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय अकरहरा में शनिवार को छात्र-छात्राओं द्वारा तंबाकू सेवन रोकथाम एवं इसके दुष्परिणामों के प्रति लोगों को जागरूक करने हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने तंबाकू से होने वाले नुकसान जैसे कैंसर, हृदय रोग, फेफड़ों की बीमारी आदि पर आधारित नारे और पोस्टर के माध्यम से संदेश दिया। विद्यालय के शिक्षकों ने भी छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि तंबाकू समाज के स्वास्थ्य के लिए सबसे बड़ा खतरा है, इससे न केवल व्यक्ति बल्कि उसका पूरा परिवार प्रभावित होता है। इंचार्ज प्रधानाध्यापक सत्येंद्र कुमार ने बताया की विद्यालय में 141 बच्चे उपस्थित थे। संचालन मालिक मो अफजल द्वारा किया गया। इस दौरान सहायक अध्यापक हिना, अनूप कुमार, पूजा मिश्रा, अफ़शा खानम, शहाबुद्दीन उपस्थित रहे।

# सड़क चौड़ीकरण का कार्य समय से करें पूरा : मंडलायुक्त



स्वतंत्र भारत संवाददाता

**गोरखपुर।** मण्डलायुक्त अनिल ढींगरा ने जिलाधिकारी दीपक मीणा के साथ हार्बट बन्धा से माधोपुर बन्धा जाने वाली निर्माणाधीन फोरलेन सड़क का स्थलीय निरीक्षण किया।

लाल डिग्गी स्थित नेहरू पार्क के पास निर्माणाधीन फोरलेन सड़क में आने वाली बाधाओं पर मण्डलायुक्त ने संबंधित विभाग को नगर निगम से समन्वय बनाकर बाधाओं को यथाशीघ्र निस्तारण करते हुए कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कार्यदायी संस्था को कार्य की धीमी प्रगति पर फटकार लगाते हुए निर्देश दिया कि श्रमिकों की संख्या और अधिक बढ़ायें, तथा कार्यों को गुणवत्तापूर्ण समयबद्ध ढंग से पूर्ण करें। मण्डलायुक्त ने कहा कि इसकी गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखा जाए इस पर किसी भी प्रकार की लापरवाहीध्शिथिलता बरतने पर संबंधित के विरुद्ध जवाबदेही तय की जाएगी। इसके उपरांत डोमिनगढ़ से माधोपुर बंधे को जोड़ने वाले रेल उपरगामी सेतु की प्रगति का स्थलीय निरीक्षण किया। मौके पर दूसरे पियर के फाउंडेशन का काम होता पाया गया। प्रोजेक्ट मैनेजर एके सिंह को आदेशित किया गया कि मशीनों व लेबर की संख्या बढ़ाकर काम में तेजी लाई जाए। निर्माणखण्ड लोक निर्माण विभाग व मुख्य अभियंता पीडब्ल्यूडी तथा पिपराइच विधायक श्री महेंद्र पाल सिंह के साथ महेशरा पुल के पास निकलने वाले माधोपुर बंधे के निर्माण कार्य के संबंध में जानकारी ली गई। हार्बट बाँधे से होते हुए डोमिनगढ़ आरओबी होकर माधोपुर बाँधे पर बनने वाले फोर लेन संपर्क मार्ग के बनने से गोरखपुर से लखनऊ व बनारस जाने के लिए एक और बाईपास मिल जाएगा। इस अवसर पर नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवालए राकेश वर्मा मुख्य अभियंता पीडब्ल्यूडीए अरविंद कुमार उपस्थित रहे।

### बच जाएगा लालडिग्गी पार्क का ओवर हेडटैंक

निरीक्षण के दौरान मण्डल आयुक्त द्वारा हार्वट बन्धा के चौड़ीकरण में आ रहे लालडिग्गी पार्क के ओवर हेड टैंक के स्ट्रेकर को किसी सरकारी संस्था से स्थायित्व की जांच कराने हेतु निर्देशित किया गया। ताकि हार्वट बन्धे का चौड़ीकरण के उपरान्त ओवर हेड टैंक को किसी भी प्रकार की क्षति ना हो। इसके अलावा चौड़ीकरण में पम्प हाउस, शौचालय, राईजिंग मेन लाईन को शिफ्ट किया जाता है तो, उसको पीडब्लूडी विभाग द्वारा यथावत निर्माण अपने खर्च से किया जायेगा। बाउण्ड्री को तोड़ने के उपरान्त पीडब्लूडी विभाग द्वारा ही निर्माण किया जायेगा। उक्त कार्यों को पूर्णवत किये जाने में नगर निगम द्वारा किसी प्रकार का व्यय नहीं किया जायेगा।

## सराफा व्यापारी के बेटे से मांगी तीन लाख की रंगदारी

स्वतंत्र भारत संवाददाता

**गोरखपुर।** राजघाट इलाके में एक सर्राफा व्यापारी के बेटे को वॉट्सऐप पर धमकी देकर तीन लाख रुपये की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। बदमाश ने रंगदारी न देने पर जान से मारने की धमकी भी दी है। पीड़ित परिवार ने इस मामले की शिकायत राजघाट थाने में दर्ज कराई है। जिसके बाद पुलिस ने वॉट्सऐप नंबर की जांच शुरू कर दी है।

राजघाट के बसंतपुर इलाके में रहने वाले सर्राफा व्यापारी महेश वर्मा ने बताया कि उनके 25 वर्षीय बेटे सिद्धांत वर्मा के मोबाइल पर शनिवार दोपहर 12=10 बजे एक अनजान नंबर से वॉट्सऐप मैसेज आया। मैसेज में 2 घंटे के अंदर 3 लाख रुपये एक प्राइवेट बैंक खाते में जमा करने की धमकी दी गई थी। मैसेज में यह भी लिखा था कि अगर पैसे नहीं दिए गए तो परिणाम बुरा होगा। सिद्धांत ने धमकी भरे मैसेज का जवाब देते हुए लिखा कि वह इस नंबर को साइबर अपराध थाने में दे रहे हैं। इस पर बदमाश ने फिर से मैसेज किया कि पुलिस के पास जाओ या कहीं भी जाओ, वे 2 बजे तक इंतजार करेंगे। जब दोपहर 2 बजे तक पैसे नहीं भेजे गए, तो उसी नंबर से एक और धमकी भरा मैसेज आया। इसमें लिखा था। दो बजे तक समय पूरा हो गया। राजघाट थाना प्रभारी सदानंद सिंह ने बताया कि उन्हें इस मामले की शिकायत मिली है। और वे वॉट्सऐप नंबर के आधार पर जांच कर रहे हैं। पुलिस इस नंबर को ट्रैक कर बदमाश का पता लगाने की कोशिश कर रही है। इस तरह के साइबर अपराध के मामले लगातार बढ़ रहे हैं।

## स्वच्छता अभियान की प्रगति की हुई समीक्षा बैठक

स्वतंत्र भारत संवाददाता

**गोरखपुर।** शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नगर आयुक्त की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) के तहत सफाई व्यवस्था, डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन और यूजर चार्ज की वसूली जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में नगर आयुक्त, पार्षद, सुपरवाइजर, और वाहन चालक मौजूद रहे।

**सफाई और कूड़ा कलेक्शन को लेकर दिए गए निर्देश :** किरायेदारों से भी वसूला जाएगा कचरा शुल्क अब शहर में रहने वाले किरायेदारों से भी अनिवार्य रूप से कचरा संग्रहण शुल्क लिया जाएगा। इसके लिए आईईसी टीम पार्षदों के साथ मिलकर मकान मालिकों और किरायेदारों को जागरूक करेगी, ताकि यूजर चार्ज की वसूली बढ़ाई जा सके। व्यावसायिक क्षेत्रों पर विशेष ध्यान छोटे-बड़े व्यावसायिक स्थलों, सड़क किनारे लगे ठेलों और दुकानों से भी कचरा संग्रहण शुल्क वसूलने के लिए एक विशेष अभियान चलाया जाएगा। साथ ही, बड़े कचरा उत्पादकों को अपने परिसर में ही गीले कचरे से खाद बनाने की व्यवस्था करनी होगी। गंदगी के हॉटस्पॉट होंगे खत्म शहर के जिन स्थानों पर अक्सर गंदगी जमा रहती है। उन्हें चिह्नित कर उनकी सफाई कराई जाएगी और उन्हें पूरी तरह से खत्म किया जाएगा। अगर संभव हुआ, तो इन जगहों को और सुंदर बनाने के लिए उनका सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा।

### पार्षदों की अध्यक्षता में होगी समीक्षा बैठक

सफाई व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए हर वार्ड में पार्षदों की अध्यक्षता में हर 15 दिन में समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। इन बैठकों में सफाई निरीक्षक, सुपरवाइजर, मेट और वाहन चालक शामिल होंगे। जिन क्षेत्रों में यूजर चार्ज की वसूली में दिक्कत आ रही है। वहां पार्षदों के सहयोग से लोगों को जागरूक किया जाएगा। इन पाक्षिक बैठकों की तस्वीरें नियमित रूप से वॉट्सऐप ग्रुप पर साझा की जाएंगी।

### नागरिकों से सहयोग की अपील

नगर आयुक्त ने शहर को एक आदर्श वार्ड के रूप में विकसित करने के लिए नागरिकों से अपील की है कि वे स्वच्छता अभियान में सक्रिय रूप से सहयोग करें और समय पर कचरा शुल्क का भुगतान कर नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में अपनी भूमिका निभाएं। बैठक में मौजूद पार्षदों और अधिकारियों ने इन सभी बिन्दुओं पर सकारात्मक सहयोग का आश्वासन दिया।

## सैयद मोदी रेलवे स्टेडियम में हुआ मैत्रीपूर्ण मैच

स्वतंत्र भारत संवाददाता

**गोरखपुर।** पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ (नरसा) के तत्त्वावधान में मेजर ध्यान चंद जी के जन्मदिन पर प्रतिवर्ष मनाये जाने वाले राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर सैयद मोदी रेलवे स्टेडियम में अनेक प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में 30 अगस्त को वरिष्ठ खिलाड़ियों एवं कोचों के बीच एक मैत्रीपूर्ण वॉलीबॉल मैच का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महासचिव, नरसा पंकज कुमार सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर वॉलीबॉल मैच का शुभारम्भ किया। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खेल पखवाड़ा के अंतर्गत सैयद मोदी रेलवे स्टेडियम में नरसा रेड एवं मीडिया टीम के मध्य एक मैत्रीपूर्ण



वॉलीबॉल मैच खेला गया। नरसा रेड के कप्तान महासचिव नरसा पंकज कुमार सिंह एवं मीडिया टीम के कप्तान आशीष श्रीवास्तव थे। नरसा रेड एवं मीडिया टीम के बीच खेले गये बेस्ट ऑफ-3 के मैच में नरसा रेड की टीम ने मीडिया की टीम को पहले सेट में 16-25 एवं दूसरे सेट में 21-25 से पराजित कर जीत हासिल की। इस मैच में नरसा रेड की टीम ने प्रारम्भ से ही अपना दबदवा बनाये रखा। देर सायं तक प्रतियोगिता का फुटबॉल मैच सद्भावना क्लब एवं नरसा टीम के मध्य खेले जा रहे है।प्रतियोगिता का फाइनल मैच 31 अगस्त को खेला जायेगा तथा महसचिव नरसा द्वारा विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा।

## गोरखपुर होकर चलेगी लालकुआं कोलकाता विशेष गाड़ी

स्वतंत्र भारत संवाददाता

**गोरखपुर।** लालकुआं-कोलकाता-लालकुआं वाया गोरखपुर साप्ताहिक त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन लालकुआँ से 04 सितम्बर से 13 नवम्बर तक (25 सितम्बर को छोड़कर) प्रत्येक बृहस्पतिवार को तथा कोलकाता से 06 सितम्बर से 15 नवम्बर तक (27 सितम्बर को छोड़कर) प्रत्येक शनिवार को 10 फेरों के लिये निम्नवत किया जायेगा। 05060 लालकुआँ-कोलकाता साप्ताहिक त्यौहार विशेष गाड़ी 04 सितम्बर से 13 नवम्बर तक (25 सितम्बर को छोड़कर) प्रत्येक बृहस्पतिवार को लालकुआँ से 13.35 बजे प्रस्थान कर किच्छा से 13.57 बजे तथा नैहाटी से 22.55 बजे छूटकर कोलकाता 23.55 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में, 05059 कोलकाता-लालकुआँ साप्ताहिक त्यौहार विशेष गाड़ी 6 सितम्बर से 15 नवम्बर तक (27 सितम्बर को छोड़कर) प्रत्येक शनिवार को कोलकाता से 05.00 बजे प्रस्थान कर नैहाटी से 05.50 बजे, बैण्डेल से 06.17 बजे, बर्द्धमान से 07.35 बजे, दुर्गापुर से 08.38 बजे, पीलीभीत से 12.00 बजे, भोजीपुरा से 13.45 बजे तथा किच्छा से 14.35 बजे छूटकर लालकुआँ 15.45 बजे पहुँचेगी।

## नहीं रहे योगी जी के पचरूखिया कांड के साथी सागर लाल



**पिपराइच।** नगर पंचायत के सभासद चंदन गुप्ता के दादा तथा योगी आदित्यनाथ जी के पचरूखिया महराजगंज घटना के साथी रहे 95 वर्षीय सागर लाल गुप्ता का शनिवार को निधन हो गया। सांसद प्रतिनिधि संघर्ष मणि उपाध्याय व परिजनों ने बताया कि सागर लाल गुप्ता योगी जी के बड़े फैन थे। महराजगंज के पचरूखिया कांड में योगी जी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष किया था। इनके निधन पर क्षेत्रीय सांसद, विधायक, सांसद प्रतिनिधि संघर्ष मणि उपाध्याय, व्यापारी नेता अश्विनी विश्वकर्मा, सभासद व्यास मुनि गुप्ता, आदि ने शोक संवेदना व्यक्त किया है। शाम को इनका अंतिम संस्कार राम घाट पर किया गया।

## मां गोक्षवल फिलिंग स्टेशन का उद्घाटन आज



**गगहा/गोरखपुर।** बांसगांव-कुसमौल मार्ग पर स्थित ग्राम बड़ावन में 31 अगस्त दिन रविवार को पूर्वाह्न 11 बजे मां गोक्षवल फिलिंग स्टेशन का उद्घाटन समारोह का भव्य आयोजन प्रस्तावित है । जिसके मुख्यातिथि केन्द्रीय मंत्री व क्षेत्रीय सांसद कमलेश पासवान तथा विशिष्ठ अतिथि क्षेत्रीय विधायक डॉ. विमलेश पासवान होगे। उक्त जानकारी समाजसेवी अमरजीत सिंह , पूर्व जिला पंचायत सदस्य जितेन्द्र सिंह व शिवम सिंह छोटू ने देते हुए लोगों से कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है।

## सड़क दुर्घटना में महिला की मौत

**बड़हलगंज।** क्षेत्र के चौतिसा गांव के पास फोरलेन पर सड़क दुर्घटना मे एक अज्ञात महिला की मौत हो गई। कोतवाली प्रभारी चंद्रभान सिंह ने बताया कि दोपहर में चौतिसा फोरलेन के पास लगभग 70 वर्षीय महिला की अज्ञात वाहन की चपेट मे आने से मौत हो गई। लोगो ने बताया कि महिला विक्षिप्त अवस्था में सड़क पर आ गई थी। ग्रामीणों ने बताया कि सिधुआपार से चौतिसा तक फोरलेन पर ट्रके खड़ी हो रही है। दुर्घटना का बहुत बड़ा कारण फोरलेन पर लाइन लगाकर खड़ी ट्रके है। इसपर तत्काल रोक लगाने की आवश्यकता है।

## घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**घघसरा/सहजनवा।** सहजनवां थाना के नेवास गांव के प्रेमसागर 27 वर्ष को मार्ग दुर्घटना के बाद मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया था। शनिवार को ईलाज के दौरान जिसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव पहुंचते ही गांव मे मातम छा गया। 26 अगस्त की रात मे प्रेमसागर अपने रिस्तेदारी से 11 बजे के करीब मोटर साईकिल से घर वापस आ रहे थे कि थरुवापार चौराहे पर अज्ञात वाहन की चपेट मे आने से बुरी तरह से घायल हो गये थे। परिजन घटनास्थल से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ठर्रापार ले गए थे जहां से मेडिकल कालेज उसे रेफर किया गया था शनिवार इलाज के दौरान मौत हो गयी।

## जमीन के बैनामे में मित्र ने की दगेबाजी, मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र भारत संवाददाता

**गोला।** थाना अंतर्गत रानीपुर निवासी शशिकपूर उर्फ शशिकुमार ने अपने ही मित्र पर जमीन बैनामा में धोखाधड़ी करने व बैनामा के पैसे स्वयं रख लेने का आरोप लगाते हुए एसएसपी से शिकायत की और थाना गोला में मुकदमा पंजीकृत कराया।

पीड़ित के अनुसार वह रानीपुर में अकेला ही रहता है और मेहनत मजदूरी करके अपना जीवन निर्वाह करता है। उसे अपने इलाज के लिए पैसों की जरूरत थी जिसके लिए वह अपनी जमीन बेचने की बात अपने मित्र राकेश आनंद पुत्र जगदीश प्रसाद निवासी रानीपुर वार्ड नं 2 को बताया। उक्त आरोपी ने तुरंत ही जमीन बिकवाने की बात कही और रूमाली देवी पत्नी रामसमुझ को 15 डिसमिल बैनामा मालियत से 3 गुना कम में करवा दिया तथा प्रार्थी के खाते में 17 लाख रुपए भिजवा दिए। उसी की आड़ में आरोपी ने पीड़ित की 10 डिसमिल व 3/2 डिसमिल जमीन मेन रोड पर लक्ष्मी देवी पत्नी रामसकल निवासी गौरखास को बैनामा करवा दिया तथा प्रार्थी के बैंक खाते ने स्वयं नॉमिनी बनकर पैसा खुद निकाल लिया और विभिन्न तरीकों से पैसा अलग अलग खर्च कर दिया। जब पीड़ित पैसे देने की बात किया तो आरोपी उसे जान से मरवा देने की बात करने लगा। छल से प्रार्थी की जमीन भी बिक गई और पैसा भी धोखे से आरोपी ने हड़प लिया जिसकी वजह से पीड़ित बेघर रहने पर मजबूर है। प्रार्थी की तहरीर पर थाना गोला में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है ।

## बेलहा में रूकेगी दुर्ग-छपरा एक्सप्रेस

**गोरखपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु 15160/15159 दुर्ग-छपरा-दुर्ग एक्सप्रेस का प्रायोगिक आधार पर दो मिनट का ठहराव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल के बेलहा स्टेशन एवं बिलासपुर मंडल के बेलगहना तथा चंदिया रोड स्टेशनों पर निम्नवत प्रदान किया गया है। दुर्ग से 31 अगस्त से चलने वाली 15160 दुर्ग-छपरा एक्सप्रेस, बेलहा स्टेशन पर 22.33 बजे पहुँचकर 22.35 बजे, बेलगहना स्टेशन पर 00.06 बजे पहुँचकर 00.08 बजे तथा चंदिया रोड स्टेशन पर 04.12 बजे पहुँचकर 04.14 बजे छूटेगी। छपरा से 31 अगस्त से चलने वाली 15159 छपरा-दुर्ग एक्सप्रेस, चंदिया रोड स्टेशन पर 21.54 बजे पहुँचकर 21.56 बजे तथा बेलहा स्टेशन पर 04.02 बजे पहुँचकर 04.04 बजे छूटेगी।

## छात्रों ने शिक्षक बन गुरुजनों को दिया अनोखे अंदाज में सम्मान



स्वतंत्र भारत संवाददाता

**सहजनवां।** कस्बे में स्थित मुरारी इंटर कालेज में शनिवार को कुछ अलग ही नज़ारा देखने को मिला। विद्यालय में आयोजित विशेष कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों ने स्वयं शिक्षक की भूमिका निभाई और कक्षाओं में जाकर बच्चों को पढ़ाया।

इस अनोखे आयोजन का उद्देश्य छात्रों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और शिक्षकों के प्रति आदर की भावना को जागृत करना था। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना गीत से हुई, जिसके बाद वरिष्ठ विद्यार्थियों को विभिन्न कक्षाओं की जिम्मेदारी सौंपी गई। विद्यार्थियों ने, वाणिज्य, गणित, विज्ञान, हिंदी, अंग्रेजी व सामाजिक विज्ञान जैसे विषयों को अपने ढंग से पढ़ाया। बच्चे उत्साहपूर्वक कक्षा में भाग लेते दिखे और पढ़ाई के इस अनोखे अंदाज़ का भरपूर आनंद उठाया। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि इस तरह के आयोजन से छात्रों को यह अनुभव होता है कि एक शिक्षक किस तरह जिम्मेदारी, धैर्य और समर्पण के साथ शिक्षा प्रदान करता है। वहीं शिक्षकों ने भी छात्रों के प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे उनमें संवाद कौशल और अनुशासन की भावना विकसित होती है। कार्यक्रम के समापन पर विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों को पुष्पगुच्छ, कार्ड और स्मृति चिह्न भेंट कर आभार व्यक्त किया। पूरे दिन विद्यालय का वातावरण गुरु-शिष्य परंपरा और उत्साह से सराबोर रहा।

## प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष का हुआ स्वागत

स्वतंत्र भारत संवाददाता

**गोला।** अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष विनय तिवारी का गोला क्षेत्र में शानदार स्वागत किया गया। मदरिया सुर्तिहवा चौराहा झुमिला सहित विभिन्न चौराहों पर सम्मानित जनता व अध्यापक बंधुओं ने माला पहनकर उनका अभिनंदन किया। स्वागत की कड़ी में सिद्ध पीठ मदारिया मंदिर पहुंचा जहां पर गुरुकुल परंपरा से शिक्षा ग्रहण कर रहे वेदपाठी छात्रों ने अध्यक्ष का स्वास्तिक मंत्रोच्चारण कर फूल माला के साथ विशेष स्वागत अभिनंदन किया। जिला अध्यक्ष हरेकृष्णा दुबे के द्वारा मंदिर के सभागार में स्वागत कार्यक्रम रखा गया था। विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष सभा की अध्यक्षता श्री श्रीदास जी महाराज ने की। प्रदेश अध्यक्ष व सभा के अध्यक्ष जी का स्वागत किया प्रदेश अध्यक्ष ने



अपने संबोधन में कहा की राष्ट्र निर्माण में अध्यापकों की महत्वपूर्ण भूमिका है उन्होंने कहा कि शिक्षकों को अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी ईमानदारी से करना चाहिए। पांच सूत्री मांग पत्र ज्ञापन जिला अध्यक्ष द्वारा सौपा गया जिसमें 2004 बैच के लंबित पुरानी पेंशन बहाली तत्काल किया जाए। पुरानी माँग 17140 प्रदान किया जाए। सभा की अध्यक्षता कर रहे सिद्ध पीठ मदारिया के उत्तराधिकारी महंत श्री-श्रीदास जी महाराज ने अपने संबोधन में कहा की शिक्षक भगवान का अंश होता है हमें अपने आदर्श पर चलकर एक अच्छे नागरिक का निर्माण करना चाहिए शिक्षक समाज का दर्पण होता है अतः मर्यादित आचरण कर समाज को अलग दिशा देने का कार्य करें। आभार व्यक्त करने वालों में जिला महामंत्री सुनील सिंह अमित कुमार मिश्रा वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय कुमार शुक्ला जिला उपाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश राय संयुक्त मंत्री विपिन कुमार मिश्रा पूर्व एआरपी, जगदम्बिका मणि त्रिपाठी संगठन मंत्री (ब्लाक अध्यक्ष पिपराइच) सभी ने अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। संचालन जिला अध्यक्ष हरे कृष्णा दुबे ने किया उन्होंने अपने संबोधन में कहा शिक्षकों के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय अत्याचार शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर ब्लाक अध्यक्ष गगहा हरिकेश चन्द ब्लाक अध्यक्ष कौडीराम प्रदीप साहनी,ब्लाक संयोजक बांसगांव आयुष प्रताप मिश्र ,रमेश सिंह जिला संगठन मंत्री,रमेश कुमार मिश्रा, शशिकांत तिवारी, रमेश कुमार,अमित कुमार गुप्ता, सर्वेश कुमार अशोक कुमार यादव, राम सिद्ध दुबे, अखिलेश दुबे, भुवनेश्वर पांडे, नन्हे दुबे, देवी प्रसाद, राजेश कुमार, रमेश राय, त्रिपुरारी राजभर, योगेश मौर्य, हरिश्चंद्र राम, उपेंद्रनाथ दुबे, जटाधारी मणि त्रिपाठी उपस्थित रहे।

## विजेता खिलाड़ी हुए सम्मानित



स्वतंत्र भारत संवाददाता

**बड़हलगंज।** नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि महेश उमर ने कहा कि क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ उनका मनोबल बढ़ाने के लिये नगर पंचायत की टीम पूरी तरह संकल्पित है। शुक्रवार को खेलदिवस के अवसर पर उपनगर के मिनी ग्रामीण स्टेडियम में कबड्डी और फुटबॉल टीम के विजेताओं को सम्मानित कर शील्ड प्रदान हुये श्री उमर ने बतौर मुख्य अतिथि उक्त उदगार व्यक्त किया। संचालन करते हुए स्टेडियम केबी ओ सर्वेश तिवारी ने की। इस अवसर पर भाजपा नेता अष्टभुजा सिंह, जनसेवा संस्था के महामंत्री सन्तोष जायसवाल, पवन यादव, अखिलेश यादव, वरिष्ठ फुटबॉल खिलाड़ी व कोच इम्तियाज अहमद, सभासद दीपक गौड़, सभासद प्रतिनिधि राम दास मद्धेशिया, अशोक यादव, हिमांशू गौड़, विकास गौड़, उमेश यादव, संजीत कुमार आदि मौजूद थे।

## पूर्वोत्तर रेलवे ने चलाया व्यापक स्तर पर स्वच्छता अभियान

स्वतंत्र भारत संवाददाता

**गोरखपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा देश की आजादी का जश्न स्वच्छता के संकल्प के साथ मनाया जा रहा है। भारतीय रेल पर 16 अगस्त से 31 अक्टूबर तक द्वितीय चरण में आयोजित स्वच्छता अभियान के पन्द्रहवें दिन पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ, वाराणसी एवं इज्जतनगर मंडलों पर स्टेशनों, ट्रेनों, आवासीय कॉलोनियों, डिपो एवं कारखानों में स्वच्छता सम्बन्धी अनेक कार्यक्रमों के आयोजन किये जा रहे है।

इसी क्रम में, 30 अगस्त को लखनऊ मंडल के गोरखपुर, खलीलाबाद, बस्ती, गोण्डा, लखनऊ जं., ऐशबाग तथा गोंडा रेलवे कालोनी एवं अधिकारी क्लब में स्वच्छता अभियान चलाया गया । इसके अन्तर्गत स्टेशनों, ट्रेनों, सरकुलेटिंग एरिया, रेलवे ट्रैक के किनारों,



कार्यालय, वेटिंग रूम एवं रिटायरिंग रूम आदि की गहन सफाई की गई तथा कीटनाशक दवाओं का छिड़काव किया गया। स्टेशनों पर यात्री उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से यात्रियों को साफ-सफाई रखने तथा प्लास्टिक का उपयोग न करने की अपील की गई।

वाराणसी मंडल के आज़मगढ़, बलिया, बनारस, वाराणसी सिटी, गाजीपुर सिटी, भटनी जं., छपरा, सीवान, देवरिया सदर, मऊ तथा प्रयागराज रामबाग स्टेशनों पर स्वच्छता कर्मियों एवं रेलकर्मियों द्वारा स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया, साथ ही टेऊनों और स्टेशनों पर कीटाणु नियंत्रण के लिये कीटनाशक दवाओं का छिड़काव किया गया। स्टेशनों पर जल परीक्षण कर उसकी शुद्धता जाँची गयी तथा वाटर बूथ, वाटर कूलर एवं वाटर वेण्डिंग मशीनों की सफाई कराई गयी। इसी क्रम में कार्यालयों, वेटिंग हॉल, डारमेट्री आदि स्थानों पर गहन सफाई की गई। स्टेशनों एवं टेऊनों में यात्री उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से यात्रियों को टेऊनों एवं स्टेशन परिसर को स्वच्छता बनाये रखने एवं प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिये जागरूक किया गया। इज्जतनगर मंडल के बरेली सिटी, पीलीभीत, लालकुआँ, कासगंज, काशीपुर, काठगोदाम, हल्द्वानी फर्रूखाबाद, फतेहगढ़ एवं रूद्रपुर सिटी आदि स्टेशनों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके अन्तर्गत स्टेशन परिसर के सरकुलेटिंग एरिया, कार्यालयों, रिटायरिंग रूम एवं प्रतीक्षालयों तथा ट्रेनों के कोचों में गहन सफाई की गई। कासगंज स्टेशन पर वाटर बूथ, वाटर कूलर मशीनों एवं कोचिंग डिपों, टनकपुर के पिट लाइन पर खड़ी गाड़ी की सफाई कराई गई।

## चोरी की बाइक के साथ हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**बड़हलगंज।** कोतवाली पुलिस ने झंगहा थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर झीनक यादव पुत्र स्व पराग यादव को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया। हिस्ट्रीशीटर झीनक यादव पर विभिन्न थानों मे 21 मुकदमे दर्ज है। कोतवाली प्रभारी चंद्रभान सिंह ने बताया 24 अगस्त को पटना चौराहे पर इलाज कराने आये व्यक्ति की बाइक चोरी हो गया था। जिसका वादी ने मुकदमा दर्ज कराया था। शनिवार की सुबह चेकिंग के दौरान सिधुआपार फोरलेन के पास बाइक सवार को रोका गया। उसकी पहचान झंगहा थाने के थुन्ही बाजार, लेडुआपार का हिस्ट्रीशीटर झीनक यादव निकला। गिरफ्तार हिस्ट्रीशीटर झीनक यादव पर बड़हलगंज, गोला, पिपराइच, खजनी, झंगहा, गगहा, बांसगांव, खोराबार मे कुल 21 गंभीर मुकदमे दर्ज है।

## धूमधाम से मनाया गया बाबा गणिनाथ का जन्मोत्सव

स्वतंत्र भारत संवाददाता

**पिपराइच।** नगर मद्धेशिया युवा मंच के तत्वावधान में शनिवार को पिपराइच नगर के मुख्य बाजार में भोले नाथ के मानस पुत्र बाबा गणिनाथ गोविंद महाराज का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। रितेश मद्धेशिया के नेतृत्व में शोभायात्रा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सम्मान समारोह आदि आयोजित हुई।

समाज के कुल गुरु महाराज गणिनाथ जी के मनोहर झांकियों के साथ नगर के मुख्य बाजार से शोभायात्रा निकला। भक्त पीत परिधान पहन गाजे बाजे, आदि के साथ रामलीला, स्टेशन रोड, हरिलाल चौक, स्टेशन रोड, अनुराधा चौक, विजय चौक, बडेगाव होते हुये विवाह भवन पहुंचे। जुलूस वहां सभा में बदल गया। समारोह को सम्बोधित करते हुए रितेश मद्धेशिया, मनोज मास्टर, राजेश उर्फ




कल्लू, सुरेंद्र मद्धेशिया आदि ने बाबा के जीवन पर प्रकाश डाला। तथा बाल कलाकारों ने बिहार प्रांत में जन्मे गणिनाथ जी के जीवन पर सराहनीय लघु नाटिका प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। इस दौरान चेयरमैन संजय मद्धेशिया, रितेश मद्धेशिया, मनोज मद्धेशिया, रमेश मद्धेशिया, गोपाल बाबा, हरिवंश गुप्ता, सुनील, अर्पित, मदन, दीनानाथ, विनोद गुप्ता आदि ने किया। इस बीच मुख्य बाजार से लौह व्यवसाई मनोज मद्धेशिया, रमेश मद्धेशिया, अशोक गुप्ता, मनीष गुप्ता, सभासद व्यास मुनि गुप्ता, दिनेश ,अनूप उर्फ गोलू भाई, रोहित उर्फ चीकू भाई, गौरव, विनय उर्फ मोनू,अंकुर गुप्ता, शशांक गुप्ता, यशवर्धन गुप्ता, आकाश गुप्त, रोशन गुप्ता, उर्मिला गुप्ता, शोभा गुप्ता, विजय लक्ष्मी गुप्ता, चंदा गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# एनसीसी शिविर के छठवें दिन प्रशिक्षण के साथ निकाली गई स्वच्छता रैली



**स्वतंत्र भारत रूपईडीहा बहराइच।** लॉर्ड बुद्धा पीजी कॉलेज रूपईडीहा में चल रहे एनसीसी प्रशिक्षण शिविर के छठवें दिन कैंप कमांडेंट कर्नल ए.पी.एस. पटवाल के निर्देशन में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। दिन की शुरुआत स्वच्छ भारत अभियान के तहत जन-जागरूकता रैली से हुई। यह रैली कैंपस से निकलकर भारत-नेपाल सीमा तक गई। रैली का उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जिम्मेदार बनाना और खुले में शौच मुक्त भारत के संकल्प को मजबूत करना रहा। इसके बाद विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग विषयों पर प्रशिक्षण एवं व्याख्यान आयोजित किए गए। ए कंपनी में सीएचएम मिकीन ने कम्युनिकेशन में कॉल के प्रकार विषय पर जानकारी दी। ब्रावो कंपनी में हवलदार कपिल ने मैप रीडिंग के अंतर्गत प्रमुख भू-आकृतियों की जानकारी दी। सी कंपनी में हवलदार हमपुन ने हथियार ट्रेनिंग में लेइंग पोजिशन, होल्डिंग और ऐमिंग का अभ्यास कराया। डेल्टा कंपनी के कैडेट्स ने फायरिंग प्रैक्टिस की। ई कंपनी में सीएचएम रामकिशोर ने 1965 के युद्ध और आर्म्ड फोर्स की भूमिका पर व्याख्यान दिया।एफ कंपनी में हवलदार महेंद्र ने एफसी/बीसी के अंतर्गत सेक्शन फॉर्मेशन की जानकारी प्रदान की। शिविर के अंतिम सत्र में सांस्कृतिक एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिसमें कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने कौशल का प्रदर्शन किया। शिविर के सफल संचालन में डॉ. यशपाल का विशेष सहयोग सराहनीय रहा। उनके मार्गदर्शन में छठवें दिन के सभी कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुए।

## डीएम व एसपी ने कारागार का किया निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत बहराइच ।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह के साथ जिला कारागार का निरीक्षण कर कारागार प्रशासन द्वारा बन्दियों को मुहैय्या करायी जा रही सुविधाओं व कारागार की साफ-सफाई इत्यादि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कारागार के निरीक्षण के दौरान डीएम व एसपीं ने पाकशाला, कारागार चिकित्सालय सहित अन्य बैरकों का निरीक्षण कर जाय?ा लिया। निरीक्षण के दौरान उच्चाधिकारियों द्वारा कारागार की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए बन्दियों को शासन द्वारा अनुमन्य सुविधाएं मुहैय्या कराए जाने तथा साफ-सफाई के स्तर को बनाएं रखने का निर्देश कारागार प्रशासन को दिया गया। इस अवसर पर जेलर प्रभारी कारागार अधीक्षक अजय कुमार झा, डिप्टी जेलर अंकित कुमार व रंजीत कुमार सिंह, डॉ अनिल कुमार वर्मा व अन्य संबंधित मौजूद रहें।

# नवाबगंज ब्लॉक के बनकुरी में मिली भगत से फल फूल रहा भ्रष्टाचार



**स्वतंत्र भारत बहराइच।** नवाबगंज ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत बनकुरी में भ्रष्टाचार चरम पर है। ग्राम प्रधान और सचिव एपीओ की मिलीभगत से जमकर घोटाला किया गया है। मनरेगा और वित्त में ग्राम प्रधान द्वारा गांव में पुराने काम को नया दिखाकर मनरेगा योजना में सचिन की मिली भगत से जमकर बंदर बांट किया गया है मनरेगा और 14वां वित्त में जमकर घोटाला किया गया है ग्राम सभा में लाखों खर्च के बावजूद भी कोई सुधार नहीं हुआ है नवनिर्मित में इंटरलॉकिंग धवस्त हो गई है गांव के बाहर बना नाला ज्यों का त्यों बना पड़ा है जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे हैं गांव में ग्रामीणों को जो पात्र हैं, उन्हें आवास नहीं दिया गया है साथ ही शौचालय भी नहीं दिए गए हैं ग्रामीणों ने बताया कि प्रधान ने मेरा नाम शौचालय और आवास की सूची में नहीं दिया है, जिससे हम लोग वंचित रह गए।

## खबर एक नजर

### जनता दर्शन में डीएम ने सुनी जन समस्याएं और त्वरित समाधान के दिए निर्देश

**श्रावस्ती, ।** सू0वि0। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में जनता दर्शन के दौरान आमजन की विभिन्न समस्याओं को सुना। इस दौरान कई फरियादियों द्वारा भूमि कब्जा, पारिवारिक विवाद जैसी अन्य 08 शिकायतें प्राप्त हुई। जिस पर जिलाधिकारी ने सभी फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही फोन द्वारा त्वरित और प्रभावी समाधान के आदेश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध, पारदर्शी और संतुष्टिपरक ढंग से किया जाए, इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।

### आपरेशन त्रिनेत्र के अन्तर्गत लगाये गये सीसीटीवी कैमरों की सतत् निगरानी के लिए कन्ट्रोलरूम स्थापित

**स्वतंत्र भारत,श्रावस्ती, ।** सू0वि0। जनपद में आपरेशन त्रिनेत्र के अन्तर्गत ग्रामीण एवं शहरी अंचलों में सुरक्षा की व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जिले के प्रमुख स्थलों एवं संवेदनशील स्थलों पर सी0सी0टी0वी0 कैमरे लगाये गये है। जिससे अपराध की रोकथाम एवं निगरानी की जा सके। उक्त के सफल क्रियान्वयन हेतु जिलाधिकारी कार्यालय में सी0सी0टी0वी0 कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेंटर स्थापित किया गया है। जिसका जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने निरीक्षण किया तथा अपेक्षित कार्यवाही करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। जनपद में अबतक कुल 1370 सी0सी0टी0वी0 कैमरे लगाये गये है। जिन्हें कन्ट्रोलरूम से लिंक किये जाने का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है। कंट्रोल रूम से सार्वजनिक स्थानों, बाजारों, चौराहों और संवेदनशील स्थलों की चौबिसों घण्टे निगरानी संभव होगी, जिससे घटनाओं पर त्वरित कार्यवाही की जा सकेगीयह कंट्रोल रूम जिले भर में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की रियल-टाइम मॉनिटरिंग से कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। जिससे निरंतर निगरानी से आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगेगा और संवेदनशील स्थानों की सतत निगरानी से कानून-व्यवस्था सुदृढ़ होगी।इस अवसर पर उपजिलाधिकारी प्रवीण यादव, पुलिस क्षेत्राधिकारी भिनगा सतीश शर्मा सहित ईडिस्ट्रिक्ट मैनेजर शरद श्रीवास्तव सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### बेटी के जेवरात समेत लाखों का सामान चोरों ने किया पार

**स्वतंत्र भारत रूपईडीहा बहराइच।** नगर पंचायत रूपईडीहा के वार्ड नं0 6 जमुनहा गाँव निवासी बबलू सोनकर के घर में बीती रात चोरों ने धावा बोल कर लाखों का सामान उड़ा ले गए।घटना रात करीब 2 बजे की है, जब चोर घर के बाहर लगे लोहे के जीने से चढ़कर छत के रास्ते भीतर घुसे और अलमारी व बक्से तोड़कर लाखों का सामान पार कर ले गए। परिवार की बेटी का गौना होने वाला था, जिसके लिए बनवाए गए कीमती जेवरात, दो मोबाइल फोन समेत अन्य सामान चोरी हो गया। परिवार वालों के मुताबिक चोरी गए सामान की कीमत लगभग 3 से 3.5 लाख रुपये बताई जा रही है। घटना का पता घर के लोगो को रात करीब 3ः30 बजे जागने पर चला। परिजनों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुँचकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा रमेश सिंह रावत ने बताया कि प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर जांच कर चुकी है छानबीन चल रही है जल्द ही चोरों को गिरफ्त में लिया जाएगा।

### दबंग ने जबरन घर के सामने लगा दिया अपना घूर, पीड़िता ने डीएम से लगाई गुहार

**स्वतंत्र भारत बाबागंज।** तहसील नानपारा क्षेत्र अंतर्गत बिजलीपुर दाखिला विशुनापुर की एक असहाय पीड़िता ने डीएम बहराइच से अपनी गुहार लगाई है पीड़िता का आरोप है कि उसके पति गुजरात में मजदूरी मेहनत करने के लिए गए हुए हैं जिससे उसके बच्चों का पालन पोषण होता है इसी दौरान मौका पाकर गांव के पड़ोस के ही आज्ञाराम पुत्र महंगी जबरन मेरे घर के सामने अपना घूर लगा रहे हैं जबकि प्रार्थनी के बच्चे एवं परिवार उसी के इर्द-गिर्द रहते हैं। साथ ही असहाय महिला का आरोप है कि खलिहान और घूर गड्ढे की जमीन पर पहले से दबंगों ने सरकारी कर्मचारियों से मिलकर कब्जा कर रखा है। अब मेरे घर के सामने कूड़ा करकट घूर जमा किया जा रहा है जिससे प्रार्थनी और उसके बच्चों का जीना दुश्वार हो गया है प्रार्थना पत्र देकर जिला अधिकारी बहराइच से अपनी गुहार लगाई है तथा जमीन की पैमाइश करने की बात भी कही है यदि दबंग से खलिहान और घूर गड्ढे की जमीन खाली करवा दी जाए तो प्रार्थनी की समस्या का समाधान हो जाएगा।

### चोरी का प्रयास कर रहे तीन आरोपी गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत रूपईडीहा बहराइच।** भारत-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में पुलिस ने भैंस चोरी का प्रयास कर रहे तीन आरोपियों को रंगे हाथों दबोच लिया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण व चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के अभियान के तहत की गई। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी व क्षेत्राधिकारी नानपारा प्रद्युम्न सिंह के दिशा-निर्देशन तथा आदर्श थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत के नेतृत्व में बाबागंज चौकी इंचार्ज उपनिरीक्षक दीपक सिंह व उपनिरीक्षक जितेंद्र सिंह यादव की पुलिस टीम ने ग्राम विशुनापुर क्षेत्र, बाबागंज में यह सफलता हासिल की। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान साबिर अली पुत्र अफजल, निवासी गड़रहवा (उम्र 24 वर्ष), अखिलेश कुमार मिश्रा पुत्र रमेश कुमार मिश्रा, निवासी शंकरपुर (उम्र 25 वर्ष), मुनीजर पुत्र अयोध्या प्रसाद, निवासी विशुनापुर (उम्र 45 वर्ष) के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने इन्हें बीती रात करीब 12 बजे चोरी का प्रयास करते हुए गिरफ्तार किया। इस संबंध में आदर्श थाना कोतवाली रूपईडीहा में संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार आरोपियों को पेशी हेतु सदर लाइन बहराइच रवाना कर दिया गया।

### कुख्यात मादक पदार्थ तस्कर राजेश की चल-अचल सम्पत्ति कुर्क के आदेश

**स्वतंत्र भारत संवाद मानिकपुर प्रतापगढ़।**मानिकपुर थाना ही नही अपितु जनपद समेत गैर जनपद मे मादक पदार्थों सहित मादक द्रव्य व्यसन पदार्थों का कुख्यात तस्कर राजेश मिश्रा पुत्र रामजी मिश्रा निवासी मुन्दीपुर के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट सहित 14 अपराधिक मामले दर्ज है।अपराधिक कृत्य करके अवैध स्रोतों से अर्जित चल-अचल सम्पत्ति कुर्क करने का आदेश जिला मजिस्ट्रेट ने दिया है।अंतर्राज्यीय मादक पदार्थ तस्कर राजेश मिश्रा की 1 करोड़ 49 लाख 56 हजार 939 रुपए की चल अचल संपत्ति कुर्क करने के आदेश दिए गए है।

# दबंगों ने राजमिस्त्री और मजदूर को गिराकर लाठी से पीटा



**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ।**लाठी डंडे और सरिया से लैस दबंगों ने राजमिस्त्री और मजदूर को बेरहमी से गिराकर जानलेवा की तरह पीटा।दबंगों के हमले में दोनों को गंभीर चोटें आई है।पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है।पीड़ित का आरोप है कि पुलिस ने घंटों इंतजार कराने के बाद भी कोई कार्रवाई नही किया और न ही चिकित्सकीय परीक्षण करवाया ऊपर से सुलह समझौता तथा पुलिसिया कार्रवाई पर उतारू है।कुंडा कोतवाली के लाला का पुरवा जमेठी गांव निवासी रामदुलारे पुत्र गाजी शनिवार की सुबह लगभग 9 बजे अपनी भूमिधरी जमीन पर बाउंड्रीवॉल बनवा रहा था,तभी गांव के ही कुछ दबंग और सरहंग लोग लाठी डंडे और सरिया से लैस होकर आए और गाली-गलौज करने लगे।रामदुलारे ने विरोध किया तो दबंग हमलावर हो गए।रामदुलारे तो जान बचाकर भाग निकले लेकिन दबंगों ने मदरियापुर निवासी राजमिस्त्री विमलेश कुमार को राड और डंडे से बुरी तरह गिराकर जानलेवा की तरह पीटकर घायल कर दिया।बीच-बचाव करने आए मजदूर दीपचंद्र सरोज को भी मारा-पीटा।मदद के लिए शोर मचाने पर दबंग दोबारा बाउंड्री वॉल बनाने पर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए।दिनदहाड़े गुंडागर्दी की पूरी घटना कैमरे में कैद हो गई।पीड़ित रामदुलारे ने घटना की तहरीर पुलिस को दी और वीडियो भी दिखाया।लेकिन कोई कार्रवाई नही हुई।घायल राजमिस्त्री का आरोप है कि सुबह से देर शाम तक वह कोतवाली के बाहर पड़ा रहा लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई,वहीं दूसरी ओर पूरे मामले में कुंडा कोतवाल अवन दीक्षित का कहना है कि दोनों पक्षों का शांतिभंग में चालान किया जाएगा।ऐसे में बड़ा सवाल ये है की जब दबंगों की गुंडागर्दी वीडियो में साफ दिख रही है तो दोनों पक्षों पर कारवाई क्यों।इसे पुलिसिया उत्पीड़न कहना गलत नहीं होगा।

## वायरल वीडियो पर भड़की भारतीय किसान यूनियन, तहसील प्रशासन के हस्तक्षेप से टला धरना

**स्वतंत्र भारत बहराइच।** विकासखंड मिहींपुरवा क्षेत्र में देर रात खाद वितरण व्यवस्था को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया। शुक्रवार रात करीब 10 बजे का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें सहकारी समिति मिहींपुरवा परिसर से एक ऑटो रिक्शा पर करीब दस बोरी यूरिया खाद लादकर ले जाते कुछ लोग दिखाई दिए। वीडियो सामने आते ही भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के पदाधिकारी भड़क उठे और धरना-प्रदर्शन की तैयारी करने लगे। स्थिति बिगड़ने से पहले ही तहसील प्रशासन हरकत में आ गया। एसडीएम प्रकाश सिंह ने तत्काल मौके पर राजस्व व पुलिस टीम को भेजा। नायब तहसीलदार ब्रह्मानंद यादव, लेखपाल विमलेश यादव, चौकी इंचार्ज राघवेंद्र सिंह, एडीओ (इफको) सहकारी समिति ने यूनियन पदाधिकारियों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि संबंधित खाद किसान ने शाम को सहकारी समिति परिसर में रखवा दी थी, जिसे देर रात ऑटो से लादा गया। उसी दौरान किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया जिससे भ्रम की स्थिति पैदा हो गई। हालाकि यूनियन पदाधिकारियों ने प्रशासनिक स्पष्टीकरण को सिरे से खारिज कर दिया। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिला उपाध्यक्ष सरदार जितेंद्र सिंह ने कहा कि यह मामला महज़ गलतफहमी नहीं बल्कि स्पष्ट तौर पर खाद की कालाबाजारी और अनियमित वितरण से जुड़ा हुआ है। किसानों को लगातार ठगा जा रहा है और विभाग लीपापोती कर रहा है।इस बीच एसडीएम मिहींपुरवा प्रकाश सिंह ने बताया कि किसानों से वार्ता कर मामले को शांत कराया गया। उन्होंने कहा कि वायरल वीडियो की सत्यता की जाँच के लिए संबंधित थाने को निर्देशित किया गया है। साथ ही चेतावनी दी कि यदि खाद की कालाबाजारी पाई गई तो दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिला उपाध्यक्ष सरदार जितेंद्र सिंह, जिला सलाहकार शेख शाहनवाज हुसैन, तहसील अध्यक्ष सतनाम सिंह, तहसील उपाध्यक्ष आलोक मौर्य, प्रकट सिंह, जोखन, अन्य किसान नेताओं ने स्पष्ट चेतावनी दी कि किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस बार सिर्फ अल्टीमेटम दिया गया है।

# टूटे गेट को फांदकर निकलते नौनिहाल



**स्वतंत्र भारत संवाद संग्रामगढ़ प्रतापगढ़।**परिषदीय स्कूलों के जर्जर या टूटे गेट प्रायः कभी न कभी जानलेवा साबित हो सकते है,इस बात से कतई इनकार नहीं किया जा सकता है।सनद रहे बीते दो साल के आस पास कुंडा ब्लॉक क्षेत्र के एक स्कूल के गेट को पकड़कर बच्चे झूल रहे थे जिससे वह गेट गिर गया और एक बच्चे की मौत हो गई थी। रामपुर संग्रामगढ़ ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय पूरे राम चंदर मे कुछ माह पहले ट्रैक्टर और जेसीबी मशीन की हल्के टक्कर से गेट की दीवारें टूट गई थीं जिसे बांस बल्ली से सहारा दिया गया है।बच्चे टूटे गेट को फांदकर स्कूल से बाहर निकलते हैं जबकि स्कूल के पीछे एक छोटा आकस्मिक गेट रास्ता है,जिससे आने जाने के लिए बच्चों को शिक्षकों द्वारा बताया गया है,आखिर बच्चे तो बच्चे ही हैं जिस रास्ते से हमेशा स्कूल आए और गए हैं उनको वही रास्ता ज्यादा भाता है।सहायक विकास अधिकारी पंचायत प्रवीण कुमार के द्वारा बताया गया कि अतिशीघ्र उक्त गेट और दीवार की मरम्मत करवाया जाएगा।

## गायब युवती को पुलिस ने हरियाणा से किया बरामद

**स्वतंत्र भारत संवाद संग्रामगढ़ प्रतापगढ़।**संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के लोहारन का पुरवा धनगढ गांव की एक युवती बीते 6 माह पूर्व कोचिंग करने के लिए घर से औसानगंज बाजार गई,वहां से वह संदिग्ध परिस्थिति में गायब हो गई,जिसके पास मोबाइल फोन भी नहीं था।युवती की मां रीता विश्वकर्मा पत्नी ओमप्रकाश ने 26 मार्च 25 को संग्रामगढ पुलिस को एक नामजद अनूप मिश्रा पुत्र भूरा मिश्रा निवासी पीरानगर कोतवाली कुंडा के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया,जिसमें अनूप मिश्रा को पुलिस ने जेल भी भेजा था और युवती के न मिलने पर विश्वकर्मा समाज के लोगों ने एकजुट होकर 21 जून को संग्रामगढ़ थाना गेट पर धरना प्रदर्शन भी किया था।इसके बाद भी युवती का कहीं पता नहीं चला।धीरे-धीरे मामला 6 माह पुराना हो गया।पुलिस इस मामले में हाथ पांव मरती रही लेकिनकोई पुख्ता सुराग नहीं लग सका था।

# हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान की तैयारी

**स्वतंत्र भारत संवाद बिहार प्रतापगढ़।**बिहार ब्लॉक संसाधन केंद्र सुन्दरगंज बाघराय मे शिक्षक एवं शिक्षिकाओं द्वारा राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राष्ट्रीय स्तर पर तथा राज्य स्तर पर माध्यमिक एवं प्राथमिक विद्यालय में हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान दिवस एक सितंबर को पूरे भारत वर्ष में मना रहा है।इस महापर्व के दिन हम सभी शिक्षक साथियों सहित विद्यार्थियों को पांच संकल्प लेना है,जिससे हम अपने स्वाभिमान को पूरे राष्ट्र में एक स्थान दिला सकें तथा गुरु के गौरव को पूर्ण रूप से स्थापित कर सकें।उप शिक्षा निदेशक प्रयागराज मंडल तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं खंड शिक्षा अधिकारी के आदेश अनुक्रम मे बड़े हर्ष के साथ मनाएंगे,जिससे हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान की सार्थकता को पुनः स्थापित करेंगे।इस अवसर पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बिहार ब्लॉक अध्यक्ष रमेश कुमार सिंह,महामंत्री मनोज कुमार मिश्र,जगत पाल गुप्ता सहित सैकड़ों शिक्षक मौजूद रहे।

## आलाकत्ल के साथ हत्यारोपी गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।**कोतवाली देहात के मझिल्हा निवासी हरिश्चंद्र 27 अगस्त को मोहनगंज बाजार किसी काम से जा रहा था कि रास्ते मे ईसीपुर निवासी ओम प्रकाश उर्फ पवन पुत्र राम अधार ने गाली गलौज किया जिससे हाथापाई ने चाकू मारकर घायल कर दिया, घायल हरिश्चंद्र को जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।वादिनी की तहरीर पर थाना हाजा पर मुकदमा दर्ज किया गया। प्रभारी विजयकांत सत्यार्थी के नेतृत्व मे एसआई प्रमोद कुमार ने हत्यारोपी पवन उर्फ ओम प्रकाश को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर अलाकत्ल चाकू बरामद कर जेल भेज दिया है।

## अवैध असलहे के साथ दो युवक गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाद आसपुर देवसरा प्रतापगढ़।**नीमा नहर पुलिया के पास से पुलिस ने दो युवकों को नकली पिस्तौल अवैध असलहा व कारतूस के साथ गिरफ्तार करने का दावा किया है।दोनों के विरुद्ध पुलिस ने आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज किया है।आसपुर देवसरा थाने के ढकवा चौकी इंचार्ज एसआई मनोज तोमर चेकिंग पर थे।इस दौरान जब वह नीमा नहर पुलिया पर वाहन चेकिंग कर रहे थे तो उधर से एक बाइक पर दो युवक आते हुए दिखाई दिए।बाइक पर सवार आकाश सिंह निवासी महमूदपुर थाना सिंगरामऊ जनपद जौनपुर व दूसरा शिवा शर्मा निवासी सोनपुरा को पुलिस ने रोक लिया।जामा तलाशी लेने पर आकाश सिंह के पास से एक नकली पिस्तौल तथा 315 बोर की दो जिंदा कारतूस बरामद हुई,जबकि शिवा शर्मा के पास से एक तमंचा 315 बोर व एक कारतूस बरामद करने का पुलिस ने दावा किया है।

## 66 शिक्षकों नोटिस जारी

**प्रतापगढ़।**शासन आदेश क्रम मे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह के आदेशानुसार अधिकारियों के द्वारा स्कूलों के निरीक्षण मे विभिन्न ब्लॉकों के अंतर्गत आने वाले स्कूलों के अध्यापक अध्यापिका शिक्षा मित्र अनुचर आदि बिना कारण बताए स्कूल से नदारद मिले।बीएसए ने 66 को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।


**भारतीय खाद्य निगम, क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ**

No. RO UP-49.0012.0(12.0)/1/2025-PUBLIC RELATION RO UP Date: 29.08.2025

**खुला बाजार बिक्री योजना (घरेलू) नीति 2025–26 के अंतर्गत चावल की बिक्री (छोटे निजी व्यापारियों/उद्यमियों/व्यक्तियों के लिए)**

छोटे निजी व्यापारियों/उद्यमियों/व्यक्तियों से भारतीय खाद्य निगम के नामित डिपो से खुला बाजार बिक्री योजना (घरेलू) नीति 2025–26 के अंतर्गत आरक्षित मूल्य रु0 2800/– प्रति क्विंटल तथा लागू करों सहित चावल (एक जीएसटी के तहत प्रति सप्ताह 1 से 9 मीट्रिक टन) खरीद हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

**आवेदन कैसे करें:** संबंधित मंडल कार्यालय पैन, आधार एवं जीएसटी पंजीकरण की स्वयं सत्यापित प्रतियों के साथ आवेदन (परिशिष्ट–1) प्रस्तुत करें।

विवरण, नियम एवं शर्तें आवेदन के प्रारूप (अनुलग्नक–1) सहित भारतीय खाद्य निगम, उत्तर प्रदेश क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ (उ०प्र०) की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं: [https://fci.gov.in/region/up-region/]

**महाप्रबंधक (क्षेत्र)**

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि०**

**विद्युत वितरण मण्डल–लखनऊ ग्रामीण, अमौसी क्षेत्र, लखनऊ**

ई–निविदा सूचना — संख्या–:260 दिनांक 29.08.2025

1. 37/वि०वि०मं०(ल0ग्रा०)/2025–26 : वि०वि०ख०, दुबग्गा, अमौसी क्षेत्र, लेसा, लखनऊ के अंतर्गत बिजनेस प्लान वर्ष 2025–26 के तहत स्वीकृत पैकेज के प्रस्तावित कार्य को कराने हेतु ।

निविदा प्रपत्र 5900.00 (जीएसटी सहित) — धरोहर राशि रू0 1,55,000.00

ई–निविदा के प्रथम भाग खुलने की तिथि : 15.09.2025, 16:00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाए वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएगी।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मंचितपुर विकास खण्ड अमावां रायबरेली**

पत्रांक–मेमो/मनरेगा/निर्माण कार्य निविदा — दिनाक 29.08.2025

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण**

महत्मागांधी नरेगा वर्ष 2025–26 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मंचितपुर विकास खण्ड अमावां रायबरेली में निम्नलिखित निर्माण कार्यो के कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा दिनॉक 30.08.2025 को अपरान्ह 1 बजे से ग्राम पंचायत मंचितपुर कार्यालय में आमंत्रित की जाती है जो निविदा आमंत्रित तिथि के अंतिम दिन ही निविदा कमेटी के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र निविदा आमंत्रण तिथि से एक दिवस पूर्व तक क्रय किये जा सकते हैं। निर्धारित समय सीमा के पश्चात निविदा पर कोई विचार नही किया जयेगा। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनॉक 14.09.2025 को अपरान्ह 1 तक उक्त सामग्री हेतु अपनी दरें बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय मंचितपुर में डाल सकते है।

आपूर्ति का विवरण निम्नवत हैं।

| क0 सं0 | कार्य का नाम | कार्य की माप | आपूर्ति की जाने वाली समाग्री का विवरण | आपूर्ति की जाने वाली समाग्री की मात्रा | अनुमानित लागत | धरोहर धन राशि 5 प्रतिशत | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मिडडेमील सेड निर्माण | | सीमेंट<br>मौरंग मोटी<br>स्टोनग्रिट<br>फाइनसेण्ड<br>ईटा गिटटी<br>सरिया<br>जीएस सीट<br>स्टक्चलर पाइप<br>ईट प्रथम श्रेणी | 153 बैग<br>5.00घ0मी0<br>6.00घ0मी0<br>6.00घ9मी0<br>11.50घ0मी0<br>7.00कुन्टल<br>112.00<br>27.00<br>3150.00नग | 563261.00 | .28163.05 | 100रू0 | 3 माह |

नियम व शर्ते –

1. जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगी उसे सामाग्री आपूर्ति हेतु ग्राम पंचायत द्वारा सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्ति कर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। तथा आयकर दाता हो।
3. निविदा आपूर्तिकर्ता एंव ग्राम पंचायत सदस्य के समक्ष खोला जायेगा।
4. सामाग्री आपूर्ति स्वीकृत दर पर ग्राम पंचायत परिधि में निर्माण स्थल पर करनी होगी।
5. जो दरें प्रस्तुत की जायेगीं वह बैट तथा कार्टेज जोडकर प्रस्तुत की जायेगीं ।
6. सामाग्री आपूर्ति सचिव/प्रधान सम्बंधित ग्राम पंचायत के आदेश पर की जायेगी। समाग्री की मात्रा घटाई व बढ़ाई जा सकती है। प्रस्तुत दर पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक न हो। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। धरोहर की धनराशि नगद एफ0डी0आर.एन0एस0सी0 ड़ाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत के नाम बंधक हो एंव संलग्न करना अनिवार्य है।
7. जी0एस0टी0 कनवेनस अलग से देय होगा।

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत मंचितपुर**
**विकास खण्ड–अमावां, रायबरेली**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत मंचितपुर**
**विकास खण्ड–अमावां, रायबरेली**

स्वतंत्र भारत

# प्रयागराज

लखनऊ, रविवार 31 अगस्त 2025

कौशाम्बी/ वाराणसी/ भदोही

## गंगा और यमुना का जलस्तर होने लगा कम

### अभी टला नहीं खतरा, राहत शिविरों में बढ़ी लोगों की संख्या

**प्रयागराज।** गंगा और यमुना का जलस्तर नीचे जा रहा है। इससे कछारी इलाके के लोगों में राहत है। हालांकि पहाड़ों पर बारिश जारी है। ऐसे में बाढ़ का खतरा अभी बना हुआ है। अब भी हजारों परिवार बाढ़ में फंसे हैं। स्थिति यह है कि जलस्तर नीचे जाने के बावजूद बाढ़ राहत शिविरों में प्रभावित परिवारों के पहुंचने का क्रम जारी है। गंगा का जलस्तर अब भी 84 मीटर के ऊपर है। सिंचाई विभाग की शनिवार दोपहर 12 बजे की बुलेटिन के अनुसार गंगा का जलस्तर प्रतिघंटे करीब चार सेमी की रफ्तार से नीचे जा रहा है। जलस्तर में कमी का क्रम बृहस्पतिवार रात में ही शुरू हो गया था। इसके बाद भी फाफामऊ में गंगा का जलस्तर 84.10 मीटर दर्ज किया गया। वहीं यमुना का जलस्तर करीब सात सेमी प्रतिघंटे की रफ्तार से नीचे जा रहा है। नैनी में यमुना का जलस्तर 83.60 मीटर दर्ज किया गया। इसके विपरीत टोंस नदी अब भी उफान पर है। इससे गंगा नदी पर दबाव बढ़ गया है। इसका नतीजा है कि संगम के बाद जल तेजी से नहीं निकल पा रहा है। इसका अनुमान इससे ही लगाया जा सकता है कि छतनाग में गंगा के जलस्तर में प्रतिघंटे 1.50 सेमी की गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा पहाड़ों पर बारिश का सिलसिला जारी है। ऐसे में अभी भी खतरा बने होने की बात कही जा रही है। गंगा और यमुना का जलस्तर कम हो रहा है।



महाकुंभ 2025 :

## ‘अमृत पथ गामिनी’ हिंदी ई-पुस्तक और विशेष डॉक्यूमेंट्री का हुआ विमोचन

### रेलवे के अमृत प्रयासों की झलक - हिंदी ई-पुस्तक और डॉक्यूमेंट्री

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** प्रयागराज महाकुंभ 2025 में रेलवे की ऐतिहासिक भूमिका को शब्द और चित्रों में समेटते हुए आज उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय, प्रयागराज में ई-कॉफी टेबल पुस्तक ‘अमृत पथ गामिनी’ के हिंदी संस्करण और महाकुंभ - 2025 पर बनी विशेष डॉक्यूमेंट्री का औपचारिक विमोचन महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे उपेंद्र चंद्र जोशी द्वारा किया गया। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक जे.एस. लाकरा, सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष, अधिकारीगण एवं जनसंपर्क विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। यह हिंदी ई-पुस्तक महाकुंभ 2025 में रेलवे द्वारा किए गए कार्यों का संपूर्ण विवरण प्रस्तुत करती है - स्टेशनों के उनन्यन से लेकर भीड़ प्रबंधन तक, हजारों विशेष ट्रेनों के संचालन से लेकर यात्रियों की सुविधा व सुरक्षा तक। पुस्तक में रेलकमिर्यों के अथक परिश्रम और समर्पण को अध्यायवार विस्तार से दर्शाया गया है। पुस्तक के प्रत्येक अध्याय में न केवल परिचालन और तकनीकी पहलू शामिल हैं, बल्कि उन प्रयासों को भी दर्ज किया गया है जिनसे करोड़ों श्रद्धालुओं की यात्रा सहज और सुरक्षित बनी। साथ ही प्रदर्शित डॉक्यूमेंट्री महाकुंभ के विशाल आयोजन में रेलवे के प्रयासों की जीवंत झलक पेश करती है। इसमें दिखाया गया है कि किस तरह भारतीय रेलवे, विशेषकर उत्तर मध्य रेलवे ने, सेवा और समर्पण की भावना के साथ दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक समागम को सफल बनाने में दिन-रात योगदान दिया। इसमें आप देख पाएंगे कि किस प्रकार रेलकमर्योगी दिन-रात डटे रहे, स्टेशनों पर यात्रियों का स्वागत किया, भीड़ को नियंत्रित किया और हर यात्री तक सुविधा पहुँचाने के लिए लगातार काम करते रहे। इस अवसर पर महाप्रबंधक उपेन्द्र चन्द्र जोशी ने कहा, ‘महाकुंभ 2025 हमारे लिए केवल संचालन की चुनौती नहीं था, बल्कि यह हमारी पूरी टीम के साहस, समन्वय और सेवा भावना की परीक्षा थी। यह पुस्तक और डॉक्यूमेंट्री उसी अमिट प्रयास की गवाही हैं।’ उन्होंने इस परियोजना को वास्तविकता में बदलने के लिए जनसंपर्क विभाग के प्रयासों की सराहना की।



## वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न हुआ हवन, संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ ने बांधा समा

**स्वतंत्र भारत संवाददाता देवाशीष श्रीवास्तव प्रयागराज।** सार्वजनिक गणेश महोत्सव समिति द्वारा आयोजित बैरहना के राजा के दरबार में चल रहे गणेशोत्सव के चौथे दिन का आयोजन भक्ति और आस्था से सराबोर रहा। सुबह के सत्र में आचार्य चोटी पंडित जी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधानपूर्वक हवन सम्पन्न करवाया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं ने रिद्धि-सिद्धि जी का सुहाग पूजन किया और अचल सुहाग का आशीर्वाद प्राप्त किया। सायंकालीन सत्र में शाम 5 बजे से प्रख्यात भजन गायक अच्युत पाण्डेय एवं उनकी टीम ने संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ प्रस्तुत कर भक्तिमय वातावरण बना दिया। प्रस्तुति के उपरांत माननीय उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता राधाकांत ओझा ने बप्पा की महाआरती उतारी। संरक्षक प्रदीप पांडेय ने बताया कि आज विशेष भोग स्वरूप इडली-सांभर अर्पित किया गया, जिसके बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर संयोजक आशीष पाण्डेय, कोषाध्यक्ष राहुल पाण्डेय, प्रशांत पाण्डेय, मीडिया प्रभारी अनुराग तिवारी, निशा मिश्रा, उर्मिला पाण्डेय, नमिता त्रिपाठी, सारिका पाण्डेय, वंदना पाण्डेय, डिम्पी मिश्रा, निधि पाण्डेय, प्रीति केसरवानी, ज्योति पाण्डेय सहित पार्थ, रोहित, शिवम, कृष्णा, गोपाल, गोविन्द, वैभव, श्रीधर आदि बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।



## नैनी में जलभराव से जनजीवन अस्त-व्यस्त, लोग बेहाल

**स्वतंत्र भारत संवाददाता देवाशीष श्रीवास्तव प्रयागराज।** लगातार बारिश और जलनिकासी व्यवस्था की अनदेखी के कारण नैनी क्षेत्र के कई मोहल्लों में जलभराव की समस्या गहरा गई है। गलियों और सड़कों पर पानी भरे होने से स्थानीय लोगों का आना-जाना कठिन हो गया है। चक फैजुल्ला मोहल्ले के घरों से बाहर निकलना तो दूर, गंदे पानी के बीच बच्चों और बुजुर्गों का चलना बेहद जोखिम भरा साबित हो रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि जलकल विभाग को कई बार इस समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अधिकारी न तो मौके पर पहुंचे और न ही फोन कॉल रिसीव कर रहे हैं। इससे लोगों में आक्रोश है।अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यकारणी सदस्य तारिक ने कहा कि जलभराव से डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। उन्होंने प्रशासन से अपील की है कि तुरंत पंप लगाकर पानी निकासी की व्यवस्था की जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके। वही उन्होंने कहा कि हर बार बारिश में ऐसी ही स्थिति बन जाती है और विभाग सिर्फ आश्वासन देकर चुप हो जाता है। यदि समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो हालात और भी बिगड़ सकते हैं।



## रेलवे इंजिनियर से युनियन नेता ने की बत्तमीजी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** विद्युत लोको शेड में नोर्थ सेंट्रल रेलवे इम्प्लाइज संगठन के नेताओं द्वारा रेलवे के सिनियर सेक्शन इंजीनियर से धक्का मुक्की एवं रेलवे के बड़े अधिकारी के चैंबर में घुसकर गुंडागर्दी का मामला सामने आया है। जिसपर रेलवे इंजीनियर फेडरेशन ने लिखित में शिकायत की है। जिसपर रेलवे प्रशासन ने सख्त रूप अपनाते हुए युनियन नेताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी की है। युनियन के नेताओं ने अपने जोन स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर के नेताओं तक मामला पहुंचा दिया है। इधर इंजिनियर फेडरेशन ने भी युनियन नेताओं के खिलाफ कई बड़े बड़े भ्रष्टाचार और कामचोरी के मामले की शिकायत रेलवे के बड़े अधिकारियों और उत्तर मध्य रेलवे कर्मचारी संघ के महामंत्री से की है। जिसपर महामंत्री अदरणीय रूपम पांडेय ने कहा इंजिनियर फेडरेशन हमारा सहयोगी संगठन है इसलिए हर स्तर पर उत्तर मध्य रेलवे कर्मचारी संघ, इंजिनियर फेडरेशन की मदद करेगा। इसी संदर्भ महामंत्री अदरणीय रूपम पांडेय जी का विद्युत लोको शेड के कर्मचारी ने भ्रष्टाचार के मामले उजागर किए गए। जिसमें युनियन के नेता मान सिंह ने अपने बेटे के फर्म माँ गायत्री इंटरप्राइजेज के नाम पर 32 लाख का ठेका ले रखा था जिससे यह जानकारी रेल प्रशासन ने छुपाने के आरोप में उनका ठेका रद्द कर दिया। युनियन के अन्य नेता अमित कुमार सिंह जो कि रेलवे में टेकिनशियन है उसने तेजाब मिल रेलवे कॉलोनी में क्वार्टर संख्या 73 (अ) पर अवैध कब्जा जमा रखा है एवं उसमें अवैध रूप से बैटरी रिक्शा चार्ज करने का धंधा करता है। सबसे बड़ा मामला युनियन के एक बड़े नेता से संबंधित है जिन्होंने अपने साथ के लगभग 15 से ज्यादा कर्मचारियों को भीमसेन के पास जमीन खरीदवाया परंतु 7 साल बाद भी अब तक जमीन पर कब्जा नहीं हो पाया है, इससे पीडि़त कर्मचारीयों के अंदर काफी रोष है। एक अन्य मामला नोर्थ सेंट्रल रेलवे इम्प्लाइज संगठन के कार्यालय का है जिसमें कई दशकों से चोरी की बिजली से कार्यालय में बिजली जला रखी थी, मामला संज्ञान में आने पर रेलवे प्रशासन उनका कटिया काट दिया जिससे उनको 17.08.2025 से उनको बिजली कनेक्शन मीटर लगवाना पड़ा। इस तरह चौतरफा आर्थिक नुकसान से युनियन नेता तिलमिलाए हुए हैं। एवं प्रशासन के खिलाफ अन्य मुद्दों की आड़ में प्रदर्शन कर रहे हैं। विद्युत लोको शेड के सुपरवाइजरों का आरोप है कि युनियन नेता अपने अपने सेंक्शन में बिल्कुल कार्य नहीं करते यदि हम सब कार्य करने का दबाव बनाते हैं तो युनियन के लोग इक्कठा होकर सेक्शन में घुस जाते हैं और बहुत बत्तमीजी से बात करते हैं और मनमाने ढंग से काम करने का दबाव बनाते हैं और यह सब शेड का रोज का मामला है। विद्युत लोको शेड कानपुर में लगभग सात सौ कर्मचारी है जिसमें से 50-60 दोनों मान्यता प्राप्त युनियन के पदाधिकारी है, जो शेड में सिर्फ टाईमपास करते है और दिनभर नेतागिरी की बात करते है जिससे अन्य कर्मचारियों पर वर्कलोड बढ़ता है। युन्यन के डर से कोई कुछ नहीं बोल पाता। इन सब आरोपों को सुन महामंत्री रूपम पांडेय जी ने सुपरवाइजरों से कहा कि आप अपने फेडरेशन के लेटर पैड पर मुद्दा उठाईए, हम आपकी पुरी मदद करेंगे। इंजिनियर फेडरेशन के साथ हुई बैठक में महामंत्री रुपम पांडेय ने भरोसा दिलाया कि अब प्रत्येक युनियन नेता को आम कर्मचारी की भांति कार्य करना पड़ेगा और ठेकेदारी और दलाली बंद करनी पड़ेगी नहीं तो चाहे कितना भी बड़ा नेता क्यों ना हो उसके काले कारनामे, भ्रष्टाचार और सुपरवाइजरों पर गुंडागर्दी का समुचित जवाब संवैधानिक तरीके से दिया जाएगा। इस पर महामंत्री अदरणीय रूपम पाण्डेय ने प्रधान मुख्य इंजीनियर को ज्ञापन दिया और वर्तआलाप किया। उपरोक्त कार्यक्रम में बंशी बदन झा, रूक्मानंद पांडेय, नागेन्द्र पांडेय, कुन्दन सिंह वीरू, योगेश मीणा, मनोज कठेरिया, उत्तम गौतम आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## रोजगार मेला आयोजित

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, प्रयागराज द्वारा श्याम कुमारी सनतकोत्तर महाविद्यालय, आसेपुर परिसर, हण्डिया, प्रयागराज में दिनांक 30.08.2025 को प्रातः 10:00 बजे से रोजगार मेला का आयोजन किया गया। इस मेले में निजी क्षेत्र की विभिनन्न कम्पनियों द्वारा कुल 498 अभ्यथिर्यों का चयन किया गया। रोजगार मेले में कुल 818 बेरोजगार अभ्यथिर्यों ने प्रतिभाग किया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुंवर डॉ0 वी0के0 सिंह अध्यक्ष जिला पंचायत, प्रयागराज एवं विशिष्ट अतिथि देवेन्द्र मिश्र नगरहा सदस्य बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश तथा पवन मिश्र नगरहा, प्रशासनिक अधिकारी, श्याम कुमारी सनतकोत्तर महाविद्यालय, प्रयागराज एवं सेवायोजन कार्यालय के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खेलगांव और टैगोर पब्लिक स्कूल फाइनल में

### महापौर ने किया सीबीएसई क्लस्टर-5 फुटबाल प्रतियोगिता का उद्घाटन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** खेलगांव पब्लिक स्कूल, टैगोर पब्लिक स्कूल ने सीबीएसई क्लूस्टर-5 नॉकआउट फुटबाल प्रतियोगिता में अंडर-17 एवं अंडर-17 आयु वर्ग के फाइनल में जगह बना ली है। सनबीम सनसिटी वाराणसी की टीम अंडर-14 एवं अंडर-19 के सेमीफाइनल जीतकर दोहरे खिताब की दहलीज पर पहुंची। देव स्पोर्ट्स पब्लिक स्कूल बसवार, चाका नैनी में शनिवार को खेले गये अंडर-14 आयु वर्ग के सेमीफाइनल में गंगा नेशनल पब्लिक स्कूल सिद्धार्थनगर एवं सनबीम सनसिटी वाराणसी को वाकओवर मिला। अंडर-17 में खेलगांव पब्लिक स्कूल ने डिवाइन ग्लोबल गाजीपुर को 4-0 से हराया। सर्वोदय पब्लिक स्कूल आजमगढ़ को वाकओवर मिला। अंडर-19 में सनबीम सनसिटी वाराणसी ने जेबी एकेडमी अयोध्या को 7-0 से हराया। नारायण ने सात और पीयूष ने दो गोल किये। टैगोर पब्लिक स्कूल को एमआर जयपुरिया प्रतापगढ़ से वाकओवर मिला। इससे पहले प्रतियोगिता का उद्घाटन महापौर उमेशचंद्र गणेश केसरवानी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके एवं फुटबाल शॉट लगाकर किया। डॉ. गिरीश चंद पांडेय कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रहे। देव स्पोर्ट्स पब्लिक स्कूल के निदेशक चंद्रभान राय ने अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देखकर अतिथियों का स्वागत किया। प्रधानाचार्य शशांक शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर प्रतियोगिता संयोजक विजय राय, पर्यवेक्षक केके दुबे, प्रोफेसर एमपी तिवारी, विवेक अग्रवाल, संजय पासवान, रामाश्रय राय, ललित राय, डा. जेपी शर्मा, श्रवण कुमार राय, रवि राय, संजय राय, अमिताभ बनर्जी, आशीष पांडेय आदि मौजूद रहे।



सीबीएसई क्लस्टर-5 फुटबाल प्रतियोगिता के उद्घाटन पर परिचय प्राप्त करते महापौर उमेशचंद्र गणेश केसरवानी।

## चित्रकला और नृत्य से सजा गणपति महोत्सव का मंच

**स्वतंत्र भारत संवाददाता देवाशीष श्रीवास्तव नैनी।** मानस गणपति पार्क, श्रमिक बस्ती, नैनी में चल रहे 28वें यमुनापार विशाल सांस्कृतिक गणपति महोत्सव के तहत आज प्रातःकालीन सत्र में बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा देखते ही बनी। इस अवसर पर गणेश बनाओ चित्रकला प्रतियोगिता एवं सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें विभिनन्न विद्यालयों के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

सायंकालीन सत्र का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. नरेंद्र सिंह गौर एवं विशिष्ट अतिथि सह जिला विद्यालय निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह ने लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक एवं श्रद्धेय मधुकर लक्ष्मण मंगरुलकर के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया।

इसके बाद 12 वर्ष तक की आयु के बच्चों द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना की नृत्यमय प्रस्तुति ने पूरे पंडाल में भक्तिमय वातावरण बना दिया। उनकी मनोहारी प्रस्तुतियों को दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से भरपूर सराहा।

बी.एल. अकादमी, ज्ञान भारती इंटर कॉलेज, कमला स्मारक इंटर कॉलेज बलापुर, सुमन विद्या निकेतन इंटर कॉलेज, निशा ज्योति संस्कार भारती स्कूल, विद्योत्तमा विद्या मंदिर एवं राष्ट्रीय एकता विद्यालय के बच्चों ने इन प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

निर्णायक की भूमिका संगीतज्ञ संजय तिवारी एवं शिखा द्विवेदी ने निभाई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से संयोजक महेश मधुकर मंगरूलकर, सहसंयोजक रवि करण सिंह एवं राजकुमार त्रिपाठी, अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा, महामंत्री बालकृष्ण मिश्र, मीडिया प्रभारी आर.के. शुक्ला, यूट्यूबर शुभम शुक्ला, शिव शंकर दीक्षित, शालिनी त्रिपाठी, जतिन ठाकुर, ऋतिक मौर्य, उत्कर्ष शर्मा, पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, सौरभ मिश्र, रेखा श्रीवास्तव, उषा पांडेय, अलका विश्वकर्मा, गुडि़या सिंह, ज्योति मंगरूलकर, संगीता पाठक सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



## जिलाधिकारी ने मॉडल ग्राम पंचायत देवरिया में बैठक की

### वरासत से सम्बंधित प्रकरणों को समय से निस्तारित कराने के दिए निर्देश

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा शनिवार को मॉडल ग्राम पंचायत देवरिया विकास खण्ड जसरा में राजस्व, विकास, स्वास्थ्य, कृषि एवं गौशाला से सम्बंधित सभी व्यवस्थायें एवं सुविधाओं की अद्यतन स्थिति का आंकलन किए जाने हेतु सभी सम्बंधित अधिकारियों के साथ ग्राम पंचायत सचिवालय में देवरिया में बैठक की एवं बैठक के पश्चात जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 55 एमएलडी इंटेक वेल व वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, बाबा सुजावन देव आदर्श गौवंश आश्रय स्थल, आंगनबाड़ी केन्द्र देवरिया, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत मोहिनी प्रेरणा आजीविका ग्राम संगठन का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत सचिवालय में सभी सम्बंधित अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए आशा कार्यकत्रियों से वीएचएनडी सेशन, टीकाकरण व ड्यूलिस्ट के बारे में जानकारी ली, जिसपर उन्हें बताया गया कि ड्यूलिस्ट अपडेटेड है और वीएचएनडी सेशन नियमित रूप से यहां पर आयोजित किया जाता है। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी बारा को वरासत से सम्बंधित प्रकरणों की नियमित समीक्षा करते हुए वरासत के प्रकरणों को जल्द से जल्द निस्तारित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने पंचायत सहायक से ग्राम पंचायत में मृत हुए लोगों की सूची प्राप्त कर उनका वरासत हुआ है या नहीं, की जांच करने तथा इस सम्बंध में एक खुली बैठक भी आयोजित कर जानकारी प्राप्त करने के लिए कहा है। उन्होंने वरासत के मामले में नाम में स्पेलिंग मिस्टेक या अन्य छोटी मोटी त्रुटियों की वजह से लम्बित आवेदनों का शीघ्रता से निस्तारण करने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत में बनाये गये सचिवालय भवन की प्रशंसा की और अन्य ग्राम पंचायतों के सचिवालयों में भी इसी प्रकार की व्यवस्थायें करने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने बाबा सुजावन देव आदर्श गौवंश आश्रय स्थल का निरीक्षण करते हुए गौ संरक्षण केन्द्रों में उपलब्ध व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं का जायजा लेते हुए वहां पर सभी आवश्यक व्यवस्थायें चुस्त-दूरूस्त बनाये रखने के निर्देश दिए है। उन्होंने गौशाला में सीसीटीवी कैमरा लगाये जाने, परिसर को साफ-सुथरा किए जाने, निराश्रित गौवंशों के लिए बनाये गये शेड के बाहर की तरफ स्थायी टेंट लगाये जाने, गौवंशों के बच्चों के लिए एक छोटी शेड और वहां पर कम ऊचाई के खाने की नांद बनाये जाने के लिए कहा है। उन्होंने स्टॉक के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि हरे चारे, भूसा इत्यादि की कमी की समस्या नहीं आनी चाहिए।



## सीएवी इंटर कॉलेज फिल्म शूटिंग के चक्कर में किया गया

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** प्रयागराज अचानक सीएवी इंटर कॉलेज फिल्म शूटिंग के चक्कर में किया गया बंद छात्र और छात्राएं जब ड्रेस पहन कर स्कूल पहुंचे तो पता चला आज पिक्चर शूट है स्कूल बंद कर दिया गया ऐसे में छात्र-छात्राओं को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा ! प्रयागराज में फिल्म शूट हो रही है अच्छी बात है लेकिन आम जनता को दिक्कत हो रही है इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए तो बेहतर होगा । ऐसे में यह सवाल उठता है कि सरकारी स्कूल होने के क्षबावजूद स्कूल में शिक्षा जरूरी है या फिल्म निर्माण

## व्यापारियों ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**प्रयागराज।** प्रयाग व्यापार मंडल ने अपनी संबद्ध इकाइयों के पदाधिकारियों के साथ आज जिलाधिकारी मनीष वर्मा से भेंट कर शहर में यातायात प्रबंधन को और अधिक सुगम एवं सरल बनाने हेतु अपने सुझाव प्रस्तुत किए।प्रयाग व्यापार मंडल के अध्यक्ष श्री राणा चावला ने कहा कि प्रयागराज की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक पहचान है तथा केंद्र व राज्य सरकार ने इसे स्मार्ट सिटी घोषित किया है। इसके बावजूद शहर में यातायात प्रबंधन को लेकर और सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आगामी त्योहारों पर बाजारों में अस्थाई दुकानदारों की संख्या बढ़ जाती है जिससे हमारा स्थाई व्यापारी प्रभावित होता है,पटाका व्यापारियों की तरह अगर हमारे पटरी व्यापारियों को भी किसी मैदान , धरना स्थल या किसी सरकारी खाली स्थान पर बसा दिया जाए तो स्थाई व अस्थाई दुकानदार का व्यापार सुचारू रूप से चलेगा एवं यातायात भी सुगम रहेगा।

## मैक्स हॉस्पिटल, लखनऊ, ने प्रयागराज में शुरू की हेपेटो-पैनक्रिएटो-बिलियरी एवं लिवर रोग की ओपीडी सेवाएं

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ, ने आज प्रयागराज के गैस्ट्रो केयर क्लिनिक में अपने हेपेटो-पैंक्रिएटो-बिलियरी (एँ) और लीवर रोग ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की। मैक्स हॉस्पिटल, लखनऊ में हेपेटो-पैंक्रिएटो-विलियरी और लिवर ट्रांसप्लांट सर्जरी के डायरेक्टर - डॉ. वलीउल्लाह सिद्दीकी की मौजूदगी में ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की गई। वे अब हर शनिवार सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक प्रयागराज के सिविल लाइन्स, थॉर्नहिल रोड स्थित गैस्ट्रो केयर क्लिनिक में प्राथमिक परामर्श और फॉलो-अप के लिए उपलब्ध रहेंगे। डॉ. वलीउल्लाह सिद्दीकी ने कहा, ‘इस ओपीडी सेवा की शुरुआत के साथ अब प्रयागराज और आसपास के मरीजों को मेट्रो शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं होगी।

प्राथमिक परामर्श और इलाज से जुड़ी ज़रूरी जानकारी और उपचार उन्हें यहीं स्थानीय स्तर पर मिलेगी।

जिन मरीजों को एडवांस सर्जरी की आवश्यकता होगी, उन्हें लखनऊ की विश्वस्तारीय सुविधाओं से जोड़ा जाएगा।’ डॉ. सिद्दीकी ने आगे कहा, ‘हमारी ओपीडी सेवाओं का उद्देश्य हेपेटो-पैंक्रिएटो-बिलियरी (एँ) और लिवर रोगों से पीडि़त मरीजों को संपूर्ण देखभाल और बचाव से जुड़ी सलाह देना है। हम समुदाय के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और यह ओपीडी उस दिशा में एक बड़ा कदम है।’

इस पहल के ज़रिए मैक्स हॉस्पिटल, लखनऊ का उद्देश्य है कि पूर्वी उत्तर प्रदेश के मरीजों को अत्याधुनिक लिवर और एचपीबी उपचार सुविधाएं उनके नजदीक उपलब्ध कराई जाएं ताकि गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को समय पर इलाज मिल सके।



# दंगा अंधा युद्ध है



- हृदयनारायण दीक्षित

दंगा अंधा युद्ध है। इसमें शत्रु का सही पता नहीं होता। आग लगाने, बम फोड़ने वाले नहीं जानते कि वे किसे मार रहे हैं? दंगा राष्ट्र राज्य के विरुद्ध हमले की कार्रवाई है। संभल दंगों की रिपोर्ट आ गई है। रिपोर्ट में अन्य बातों के अलावा संभल के जनसांख्यिकीय चरित्र का भी उल्लेख किया गया है। जनसांख्यकीय चरित्र में बदलाव से राष्ट्रजीवन के तमाम क्षेत्र प्रभावित होते हैं। रिपोर्ट के अनुसार 1947 में संभल की आबादी 45 प्रतिशत थी, जो अब घटकर 15 प्रतिशत ही रह गई है। साफ है कि इसी चरित्र के प्रभाव में हिन्दू पलायन के लिए विवश हुए हैं। मुस्लिम आबादी के आधार पर ही पाकिस्तान की मांग की गई थी। 1951 की जनगणना में हिन्दू 85 प्रतिशत थे और मुसलमान 10 प्रतिशत थे। सैयद शहाबुद्दीन के अनुसार सन 1991 में हिन्दू 81.5 प्रतिशत थे और मुस्लिम 12.6 प्रतिशत। यहां मुस्लिम आबादी का प्रतिशत लगातार बढ़ता रहा है। 2011 की जनगणना में हिन्दू 79.8 प्रतिशत थे मुस्लिम 14.2 प्रतिशत थे। तब से जनगणना नहीं हुई है, लेकिन मोटे तौर पर देश में अब 80.8 प्रतिशत हिन्दू होंगे और 16.3 प्रतिशत मुस्लिम होंगे। पड़ोसी देश पाकिस्तान में विभाजन के समय 24 प्रतिशत हिन्दू थे। अब 1.6 प्रतिशत हैं। बांग्लादेश बनने के समय हिन्दू आबादी 22 प्रतिशत थी अब 7 प्रतिशत है। संभल की भी यही स्थिति है। आबादी का असंतुलन राष्ट्रीय बेचैनी है। मुस्लिम आबादी नियंत्रण के आधुनिक तरीके नहीं अपनाते। मौलवी हिन्दुओं को बुतपरस्त बताकर आलोचना करते हैं। राष्ट्र का अस्तित्व नहीं मानते। राष्ट्र सर्वोपरिता की बात नहीं स्वीकार करते। संभल उदाहरण है। इसके अलावा जहां-जहां हिन्दू अल्पसंख्यक हैं, वहां-वहां उनका जीवन दुखमय है। लगातार दहशत और हत्या की आशंका से अल्पसंख्यक हिन्दू डरे रहते हैं और पीड़ित होकर पलायन कर जाते हैं। यह विषय बहुत गंभीर है।


सरकारें अपना काम करती रहती हैं। सरकारी तंत्र की विवशता है कि वह घटना के बाद सक्रिय होता है। संभल के मामले में भी तुरंत कार्यवाही हुई। जांच समिति भी गठित की गई। लेकिन संभल में ही 75 वर्षों में 209 हिन्दू मारे गए। राष्ट्रीय राजनीति में ऐसे नाजुक प्रश्नों को भी सतही राजनीतिक बहस का मुद्दा बनाया जाता है। एक समय संभल में 68 तीर्थ स्थल थे और 19 विशेष प्रकार के पवित्र कुएं थे। इन पर धीरे-धीरे अवैध कब्जे होते रहे। इससे अर्थ निकलता है कि संभल के महत्वपूर्ण मंदिर गिरा दिए गए हैं। संभल के दंगों में ही मूर्तियां और मंदिर नहीं गिराए गए, उनकी यही प्रवृत्ति है। इस विचारधारा में मंदिरों और मूर्तियों को नष्ट करने योग्य माना जाता है। तालिबानियों ने बामियान में मूर्तियों को ढहाया था। भारत के कोने-कोने हजारों सुंदर मंदिर थे। सातवीं शताब्दी में मोहम्मद बिन कासिम से लेकर औरंगजेब तक मूर्ति तोड़ो अभियान चलता रहा था। आखिरकार मूर्तियों से उनका क्या झगड़ा है? समिति ने संभल के दंगों में भी एक वरिष्ठ राजनेता का उत्तेजित करने वाले भाषण का उल्लेख किया है। महात्मा गांधी हिन्दू मुस्लिम सहअस्तित्व के समर्थक थे। गांधी जी ने मुसलमानों का दिल जीतने के लिए खिलाफत आंदोलन का नेतृत्व किया था। खिलाफत घोर साम्प्रदायिक आंदोलन था। इसका भारत से कोई लेना-देना नहीं था। खिलाफत आंदोलन के कारण भारत से बाहर थे। तमाम प्रयासों के बाद गांधी जी ने अंत में लिखा कि, 'हिन्दू मुस्लिम एकता के प्रश्न पर मैं अपनी हार स्वीकार करता हूं।'

हिन्दू मुस्लिम एकता के कुछ समर्थक एक साझा आस्था के संघीय स्वरूप पर बल दे रहे थे, अर्थात् हिन्दू हजरत मोहम्मद और कुरान को सम्मान दें और मुसलमान राम, कृष्ण, शिव और गीता, वेद आदि आदि का सम्मान करें। हिन्दू मन के लिए यह काम आसान था। मुस्लिम के लिए दुष्कर। हिन्दू जीवन रचना में पूरे अस्तित्व को एक सत्ता माना गया है। फिर मजहब के आधार पर अलग मुल्क पाकिस्तान की मांग हुई। इस मांग के समर्थन में सीधी कार्रवाई की गई। लाखों हिन्दू मारे गए। पाकिस्तान बना। दोनों देश अपने-अपने देश को विकसित कर रहे थे। फिर पाकिस्तान से टूट कर बांग्लादेश बना। पाकिस्तान कृत्रिम राष्ट्र है। राष्ट्र मजहब से नहीं बनते। संभल उसी प्रवृत्ति का एक उदाहरण है। असली बात है भारत को कमजोर करने की इसी समूह की मुसलसल 'साजिश'। आखिरकार भारत विरोधी इस विचारधारा के साथ क्या सलूक किया जाए। रामजन्मभूमि के साक्ष्य एएसआई की खुदाई में मिले। इस विचारधारा और छद्म सेकुलरों ने रामजन्मभूमि के साक्ष्य को स्वीकार नहीं किया। फिर काशी का मसला आया। उन्होंने यहां भी खुदाई से उपलब्ध साक्ष्य का सम्मान नहीं किया गया। मथुरा का श्रीकृष्णजन्मभूमि मंदिर भी इसी श्रेणी में है। आश्चर्यजनक बात है कि जहां-जहां गहरी खुदाई होती है, वहां वहां गहराई में कोई मूर्ति, कोई उपासना स्थल, हिन्दुत्व के ऐसे ही प्रतीक मिल जाते हैं। उनकी यह विचारधारा फलती फूलती रहती है। प्रत्येक राष्ट्रभक्त का कर्तव्य है कि वह इस विचारधारा का खुलकर प्रतिकार करे।

संभल की वास्तविकता व हिंसा ने हजारों लोगों को आहत व सावधान किया है। सब अपना अपना कर्तव्य पालन करें। हिन्दुओं का पलायन गंभीर चिन्ता का विषय है। हिन्दू जब किसी पुराने इलाके को छोड़कर जाते हैं, तो उनके मंदिर यहीं रह जाते हैं। कोई यों ही अपना घर नहीं छोड़ता। वह विषम परिस्थितियों का सामना करता है। जब सब तरफ से निराश हो जाता है, तभी अपना घर छोड़ता है। स्वाधीनता से लेकर अब तक संभल में 15 दंगे हुए हैं। हिन्दू समुदाय की जनसंख्या के घटने का यही कारण है। हर एक दंगा निर्दोषों की जान लेकर अगले दंगे की आशंका छोड़ जाता है। सरकारों के लिए परेशानी का कारण बनता है। कोई भी सरकार अपने यहां दंगा नहीं चाहती। योगी सरकार ने प्रत्येक स्तर पर सख्त कार्रवाई की है। दंगों में शामिल आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की है। पीड़ितों को सरकारी सहायता पहुंचाई गई है। विलुप्त हो चुके अनेक तीर्थ मंदिर और धर्मस्थलों को संवारने की कोशिश हो रही है।दंगाविहीन समाज बनाना प्रत्येक सामाजिक कार्यकर्ता, जागरूक नागरिक और सरकार का कर्तव्य है कि समाज प्रीतिपूर्ण बने। जनसंख्या में आए नकारात्मक बदलाव को ध्यान से देखना चाहिए, तभी इस रिपोर्ट का कोई सदुपयोग होगा। शुभ है कि तीन सदस्यों की जांच समिति ने तथ्यों को जुटाने में बड़ा परिश्रम किया है। इन तीन सदस्यों (सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति देवेंद्र नाथ अरोड़ा की अध्यक्षता में सेवानिवृत्त डीजीपी एके जैन और सेवानिवृत्त आईएएस अमित मोहन प्रसाद) ने मिलकर जांच को प्रमाणिक बनाया है। 450 पृष्ठ की इस रिपोर्ट में संभल में होने वाले दंगों की विवेचना है। पिछले वर्ष 23 नवंबर को संभल में हुई हिंसा पर समिति ने विचार किया। संभल अकेला नहीं है। देश के कोने-कोने अनेक संभल हैं। जांच समिति की कार्यवाही अनेक राज्यों में भी अनुकरणीय हो सकती है। समिति की रिपोर्ट पर व्यापक विमर्श होना चाहिए। इस विमर्श से दंगों के प्रेरक तत्वों व दंगाई विचारधारा की कार्यशैली को समझने में आसानी होगी।

दंगा अंधा युद्ध है। इसमें शत्रु का सही पता नहीं होता। आग लगाने, बम फोड़ने वाले नहीं जानते कि वे किसे मार रहे हैं? दंगा राष्ट्र राज्य के विरुद्ध हमले की कार्रवाई है। संभल दंगों की रिपोर्ट आ गई है। रिपोर्ट में अन्य बातों के अलावा संभल के जनसांख्यिकीय चरित्र का भी उल्लेख किया गया है। जनसांख्यकीय चरित्र में बदलाव से राष्ट्रजीवन के तमाम क्षेत्र प्रभावित होते हैं। रिपोर्ट के अनुसार 1947 में संभल की आबादी 45 प्रतिशत थी, जो अब घटकर 15 प्रतिशत ही रह गई है। साफ है कि इसी चरित्र के प्रभाव में हिन्दू पलायन के लिए विवश हुए हैं। मुस्लिम आबादी के आधार पर ही पाकिस्तान की मांग की गई थी। 1951 की जनगणना में हिन्दू 85 प्रतिशत थे और मुसलमान 10 प्रतिशत थे। सैयद शहाबुद्दीन के अनुसार सन 1991 में हिन्दू 81.5 प्रतिशत थे और मुस्लिम 12.6 प्रतिशत। यहां मुस्लिम आबादी का प्रतिशत लगातार बढ़ता रहा है। 2011 की जनगणना में हिन्दू 79.8 प्रतिशत थे मुस्लिम 14.2 प्रतिशत थे। तब से जनगणना नहीं हुई है, लेकिन मोटे तौर पर देश में अब 80.8 प्रतिशत हिन्दू होंगे और 16.3 प्रतिशत मुस्लिम होंगे। पड़ोसी देश पाकिस्तान में विभाजन के समय 24 प्रतिशत हिन्दू थे। अब 1.6 प्रतिशत हैं। बांग्लादेश बनने के समय हिन्दू आबादी 22 प्रतिशत थी अब 7 प्रतिशत है। संभल की भी यही स्थिति है। आबादी का असंतुलन राष्ट्रीय बेचैनी है। मुस्लिम आबादी नियंत्रण के आधुनिक तरीके नहीं अपनाते। मौलवी हिन्दुओं को बुतपरस्त बताकर आलोचना करते हैं। राष्ट्र का अस्तित्व नहीं मानते। राष्ट्र सर्वोपरिता की बात नहीं स्वीकार करते। संभल उदाहरण है। इसके अलावा जहां-जहां हिन्दू अल्पसंख्यक हैं, वहां-वहां उनका जीवन दुखमय है। लगातार दहशत और हत्या की आशंका से अल्पसंख्यक हिन्दू डरे रहते हैं और पीड़ित होकर पलायन कर जाते हैं। यह विषय बहुत गंभीर है।

## प्रेमचंद की कहानियां



### जिहाद

तीनों एक ही बस्ती के रहने वाले थे। श्यामा के माता-पिता पहले ही मर चुके थे। उसको बुआ ने उसका पालन-पोषण किया था अब भी यह बुआ ही के साथ रहती थी। उसकी अभिलाषा थी कि खज़ांचन्द उसका दामाद हो, श्यामा सुख से रहे और उसे भी जीवन के अंतिम दिनों के लिए कुछ सहारा हो जाय; लेकिन श्याम्त धर्मदास पर रीझी हुई थी। उसे क्या खबर थी कि जिस व्यक्ति को यह पैरों में ठुकरा रही है, वही उसका एकमात्र अवलम्ब है। खज़ांचन्द ही वृद्धा का मुनीम, खजांची, कारिंदा सब कुछ था और यह जानते हुए भी कि श्यामा उसे जीवन में नहीं मिल सकती। उनके धन का यह उपयोग न होता, तो वह शायद अब तक उसे लुटा कर फकीर हो जाता। धर्मदास पानी लेकर लौट ही रहा था कि उसे पश्चिम की ओर से कई आदमी घोड़ों पर सवार आते दिखायी दिये। जरा और समीप आने पर मालूम हुआ कि कुल पांच आदमी हैं। उनकी बंदूक की नलियां धूप में साफ चमक रही थीं। धर्मदास पानी लिए हुए दौड़ा कि कहीं रास्ते ही में सवार उसे न पकड़ लें। लेकिन कंधे पर बंदूक और एक हाथ में लोटा-डोर लिए वह बहुत तेज न दौड़ सकता था। फासला दो सौ गज से कम न था। रास्ते में पत्थरों के ढेर टूटे-फूटे पड़े हुए थे। भय होता था कि कहीं ठोकर न लग जाय, कहीं पैर न फिसल जायें। इधर सवार प्रतिक्षण समीप होते जाते थे। अरबी घोड़ों से उसका मुकाबले ही क्या, उस पर मंजिलों का धावा हुआ। मुश्किल से पचास कदम गया होगा कि सवार उसके सिर पर आ पहुंचे और तुरंत उसे घेर लिया। धर्मदास बड़ा साहसी था; पर मृत्यु को सामने खड़ी देख कर उसकी आंखों में अंधेरा छा गया, उसके हाथ से बंदूक छूट कर गिर पड़ी। पांचों उसी के गांव के महसूदी पठान थे। एक पठान ने कहा-उड़ा दो सिर मरदूद का। दगाबाज काफिर। दूसरा-नहीं, नहीं, ठहरो अगर यह इस वक्त भी इस्लाम कबूल कर ले, तो हम इसे मुआफ कर सकते हैं। क्यों धर्मदास तुम्हें इस दगा की क्या सजा दी जाय? हमने तुम्हें रात-भर का वक्त फैसला करने के लिए दिया था। मगर तुम इसी वक्त जहन्नुम पहुंचा दिये जाओ; लेकिन हम तुम्हें फिर मौका देते हैं। यह आखिरी मौका है। अगर तुमने अब भी इस्लाम न कबूल किया, तो तुम्हें दिन की रोशनी देखनी नसीब न होगी।

क्रमशः...

# ट्रंप टैरिफ ने स्वदेशी का भाव जगा दिया



- डॉ. आशीष वशिष्ठ

हर व्यक्ति के जीवन में कभी न कभी तरक्की पाने या आगे बढने का अवसर जरूर आता है। कुछ इसका पूरा फायदा उठाते हुए इतिहास के पन्नों पर तरक्की और कामयाबी के नये अध्याय लिखते हैं। तो वहीं कुछ लोग उसे कठिनाई के रूप में देखते हुए उससे अपना पीछा छुड़ा लेते हैं। दरअसल, हम जिसे आपदा समझते हैं, उसमें भी एक अवसर छिपा रहता है। बुद्धिमान लोग ऐसे अवसरों को पहचान कर उससे मनचाहा लक्ष्य प्राप्त करते हैं। ऐसी आपदाएं किसी देश के जीवनकाल में भी आती हैं। अगर शासन की बागडोर समझदार, राष्ट्भक्त और दूरदर्शी नेता के हाथों में हो तो वो किसी भी आपदा को अवसर में बदल कर इतिहास में अपना नाम दर्ज करवाता है। आज भारत के सामने ट्रंप टैरिफ की आपदा मुंह बाए खड़ी है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। इसमें रूस से तेल खरीदने पर लगने वाला 25 फीसदी जुर्माना भी शामिल है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ को लेकर की जा रही मनमानी के आगे भारत ने घुटने टेकने से साफ मना कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस आपदा को अवसर की तरह देख रहे हैं। साथ ही भारत पूरी दुनिया को बता रहा है कि वह एक मजबूत देश है और दुनिया के तमाम देश उस पर भरोसा करते हैं। उसी क्रम में पीएम मोदी ने 29 अगस्त को जापान की धरती से बड़ा संदेश दिया है। पीएम मोदी ने कहा है, 'अब पूरी दुनिया सिर्फ भारत को देख ही नहीं रही, बल्कि उस पर भरोसा भी कर रही है।' ट्रंप टैरिफ ने भारत के सामने नई चुनौती रखी है। वहीं तस्वीर का दूसरा रूख यह है कि ट्रंप टैरिफ भारत को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा देता है। स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान दिल्ली के लाल किले से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, 'हमें आत्मनिर्भर बनने की जरूरत है। लेकिन हताशा में नहीं बल्कि खुद पर गर्व करते हुए. दुनिया भर में आर्थिक स्वार्थ बढ़ रहा है और हमें अपनी मुश्किलों का रोना नहीं रोना चाहिए। हमें इनसे ऊपर उठकर दूसरों के चंगुल से बचना होगा।' बीते दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात में सुजुकी मोटर्स के कार्यक्रम में स्वदेशी की पुरजोर वकालत और उसकी नई व्याख्या से लोगों को चौंका दिया है। उन्होंने कहा, 'पैसा किसका लगता है...वो डॉलर है, पाउंड है, वो करंसी काली है, गोरी है, मुझे कोई लेना-देना नहीं है। पैसा किसी का, पसीना हमारा। पैसा कहीं से आए, पसीना यहां का लगे।' जहां तक आत्मनिर्भरता की बात है तो तमाम प्रधानमंत्री उसका जिक्र करते रहे हैं। लालबहादुर शास्त्री ने तो अमेरिकी कानून पीएल 480 के तहत आने वाले गेहूं का आयात बंद कर दिया था क्योंकि अमेरिका इससे भारत की विदेश नीति प्रभावित करने की कोशिश में था। अमेरिकी गेहूं का आयात बंद होने से ही हरित क्रांति का रास्ता खुला और देश अनाज के उत्पादन में आत्मनिर्भर हो सका। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी स्वावलंबन के इस नारे को आगे बढ़ाया। लेकिन स्वदेशी को आंदोलन बनाने की घोषणा किसी ने नहीं की। वे बदलती दुनिया के साथ कदमताल को जरूरी मानते थे। अमेरिका के साथ व्यापार समझौते की कोशिशें अब भी जारी हैं। लेकिन इसमें सबसे बड़ा रोड़ा भारत की विदेश नीति को पूरी तरह बदलने की ट्रंप की जिद है। कृषि क्षेत्र को ज्यादा से ज्यादा खोलने जैसे मुद्दे भी रुकावट बने हुए हैं। अमेरिका सिर्फ व्यापार नहीं करना चाहता, वह एक ऐसा पार्टनर चाहता है जो उसके सहायक की भूमिका में हो। वह चाहता है कि भारत, रूस या दुनिया के बाकी देशों से व्यापार ही नहीं सामरिक संबंध भी उसकी मर्जी के हिसाब से तय करे। जाहिर है कि भारत, पाकिस्तान की तरह उसका पिछलग्गू नहीं बन सकता। ऐसे में अपने फैसले खुद लेने की आजादी और राष्ट्रीय गौरव बरकरार रखने की सोचते समय स्वाधीनता संग्राम को याद करना और स्वदेशी का ध्यान आना स्वाभाविक ही है।

## ।। चाणक्य नीति ।।

+++

**अर्थनाशं मनस्तापं गृहिणी चरितानि च।**
**नीचवाक्यं चापमानं मतिमात्र प्रकाशयेत्।।**

बुद्धिमान् व्यक्ति को चाहिए कि वह अपने धन के नष्ट होने की, मानसिक सन्तान की, पत्नी की दुश्चारित्रता की, किसी नीच व्यक्ति द्वारा व्यंग्य-प्रहार की तथा अपने अपमान की चर्चा किसी से भी न करे। इन बातों को प्रकाशित करने से व्यक्ति निन्दा का पात्र बनता है और लोग उसे तिरस्कार की दृष्टि से देखने लगते हैं।

+++

**धनधान्यप्रयोगेषु विद्यासंग्रहणेष ।**
**आहारे व्यवहारे च त्यक्तलज्जः सुखी भवेत्।।**

धन-धान्य के लेन-देन में, विद्या के संग्रह में, खाने-पीने में तथा हिसाब-किताब में लज्जा व संकोच न करने वाले व्यक्ति सदा सुखी रहते हैं।

+++

**सन्तोषामृततृप्तानां यत्सुखं शान्तचेतसाम्।**
**कुतस्तद्धनलुब्धानामितश्चेतश्च धावताम्।।**

सन्तोषरूपी अमृत को पीकर तृप्त हुए, शान्त चित्त व्यक्तियों को जिस दिव्य सुख की प्राप्ति होती है, धन के लोभ में इधर-उधर भागते-फिरते व्याकुल चित्त व्यक्तियों के भाग्य में वह सुख कहां?

+++

## ।। अमृत कलश।।

### देशी हो तो विदेशी भाषा क्यों?

बात उन दिनों की है जब महात्मा गांधी दिल्ली की हरिजन बस्ती में रुके हुए थे। वह एक कमरे में अपना कार्य कर रहे थे कि उनके कानों में लड़के-लड़की की फुसफुसाहट पड़ी, जो अंग्रेजी में वार्तालाप कर रहे थे। गांधीजी बाहर निकले और अपने पास बुलाकर पूछा, तुम लोग कौन हो?

वह दोनों हड़बड़ा गए, क्योंकि गांधीजी उन्हें भलीभांति जानते थे। वह बोले, बापू हम लोग भाई-बहन हैं।

कहां के रहनेवाले हो? बापू ने पूछा-

हम लोग पंजाब के रहनेवाले हैं। जवाब मिला।

बापू बोले, जब तुम लोग हिंदी-पंजाबी भाषाएं जानते हो तो अंग्रजी बोलकर क्यों अपनी भाषाओं पर अत्याचार कर रहे हो? मैं अंग्रेजी भाषा को बुरा नहीं मानता, लेकिन इसका मतलब यह तो नहीं कि हम लोग अपनी मातृभाषा व राष्ट्रभाषा का निरादर करने लगें।

गांधीजी की फटकार सुन दोनों लज्जा के मारे गड़ गए और उन्होंने बापू से क्षमा याचना की।

## काँव-काँव

+++

**रूस के राष्ट्रपति पुतिन दिसंबर में भारत आएंगे**
टैरिफ 'बहादुर' ट्रंप को लगेगा एक और झटका!

**आपसी ताकत का लाभ उठायेंगे भारत-जापान**
वैसे परंपरा कमजोरियों से लाभ उठाने की है!

**कृषि क्षेत्र में अच्छी आमद से जीडीपी में उछाल**
किसान घाटे में है, आढ़तिये शेयर बाजार में हैं!

**इक्कीस बार सुनवाई टलने से खफ़ा सुप्रीम कोर्ट**
कितने तो मर जाते हैं सुनवाई का इंतजार करते!

**उत्तर प्रदेश से भारत सबसे बड़ा लोकतंत्र-योगी**
बाकी राज्य तो बस यूं ही खुशफहमी में रहते हैं!

**संभल बना लव जिहाद की 'लैब'**
मुरव्वत मिली रहे तो साजिशें परवान चढ़ती ही हैं।

**बढ़ते साइबर अपराधों पर जनजागरूकता जरूरी**
अभी साइबर अपराधी सबसे ज्यादा जागरूक!

**पीएम पर अभद्र टिप्पणी देश का अपमान-योगी**
भाजपा बिहार चुनावों में अच्छा प्रदर्शन करेगी!

+++

# महिलाओं को धारण करना होगा 'दुर्गा' का स्वरूप



- निशिकांत ठाकुर

आज आदर के तमाम केंद्र पर राजनीतिक लोग ही काबिज हो गए हैं। जबतक राजनीतिज्ञों को आदर के केंद्रों से उतारकर जमीन पर खड़ा नहीं किया जाएगा, तब तक भारत में ईमानदारी की कोई गुंजाइश नहीं बन सकती है। देश में तमाम टीवी और अखबार हैं, लेकिन उनमें से अधिकांश के मालिकान राजनीतिज्ञ हैं। स्वाभाविक रूप से ऐसे में अखबार में खबरें छपती हैं तो राजनीतिज्ञों की, चर्चाएं होती हैं तो राजनीतिज्ञों की, रेडियो पर तो हम वर्षों से रटा–रटाया 'मन की बात' सुन ही रहे हैं। टीवी पर खबरों से लेकर डिबेट तक के केंद्र में होते हैं राजनीतिज्ञ, यानी सब तरफ राजनीतिज्ञ छाए हुए हैं। अगर मंदिर से लेकर पुल–पुलिया–हाईवे तक का उद्घाटन करना है, तो मिनिस्टर, प्रधानमंत्री ही करेंगे। अगर समाज के चारों ओर छाने के लिए हमने राजनीतिज्ञों को खुला छोड़ दिया, तो यह पक्का समझिए कि इस देश में ईमानदारी के तमाम रास्ते आपने अपने लिए बंद कर लिए; क्योंकि राजनीति सबसे चतुर–चालाक ही नहीं, बल्कि एक धूर्त धंधा भी है। समाज की कई विषम परिस्थितियां होती हैं, जिनकी चर्चा हमें यदाकदा ही देखने-पढ़ने और सुनने को मिलती हैं। इन सारी समस्याओं की गहराई में जाकर देखें तो समाज के पुरुषों ने अपना आडंबर इतना बड़ा कर लिया है कि वह किसी भी तरह से किसी को भी अपने से बड़ा मानने के लिए तैयार ही नहीं है। कहा जाता है कि समाज में स्त्री-पुरुष को बराबरी का दर्जा दिया गया है, पर क्या यह सच है?

स्त्री ने ही इस धरती पर हर एक बालक-बालिका को अपनी कोख में नौ महीने रखकर जन्म दिया है। उसी से सृष्टि आगे बढ़ती रही है, लेकिन आज वही अपने ही देश में उपेक्षित है। यदि वह तरक्की करके ऊंचाई पर पहुंचती है, तो इसमें किसी का कोई उतना योगदान नहीं होता, बल्कि इसके लिए उनके गुण, उनकी योग्यता का योगदान होता है जिसके दम पर वह बुलंदियों को हासिल करती है। इसमें सच में समाज और सरकार का किसी प्रकार का कोई योगदान नहीं होता है। हां, परिवार उसके पीछे अवश्य खड़ा होता है। जब वह अपनी ख्याति ईश्वर प्रदत्त निजी बल पर बढ़ा लेती है, फिर उसे आगे बढ़ाने में समाज उसकी परवाह करने लगता है। अन्यथा आप देश में अपने समक्ष पाएंगे कि अमुक स्थान पर वह महिला प्रताड़ित की गई है। यह सारा कृत्य समाज के पुरुषों द्वारा ही किए जाते रहे हैं। वही स्त्री, जो पुरुषों को जन्म देती है, जन्म का पहला आहार देती है, छोटे शिशु को सीने से चिपकाए रखकर उसे सुरक्षित रखती है बड़ा होकर वहीं बच्चा किसी स्त्री के साथ ऐसा कृतघ्न कैसे हो जाता है? इन मुद्दों पर कभी-कभी समाज में बहस भी होती है, समाज इसका हल ढूंढ भी लेता है, लेकिन जहां कुछ पुरुषों में स्त्रियों के प्रति दुराग्रह होता है, वहीं वह समय की तलाश में रहता है कि कब उसे मौका मिले, ताकि वह अपनी दरिंदगी उसे दिखा सके। आप यह कभी नहीं सोचते कि सभी कभी किसी न किसी मां के गर्भ में भी पले होंगे, वहीं मां ने आपको मानव का स्वरूप दिया और फिर आपने अपनी दरिंदगी से किसी के जीवन को जन्मभर के लिए अभिशप्त कर दिया।

विश्व में कई वैज्ञानिक संस्थानों द्वारा इन मुद्दों पर लगातार अध्ययन और शोध करता आया है। यदि अध्ययन और शोध पर विशेष ध्यान दिया जाए तो हाल ही में एक अध्ययन में चौंकाने वाली बात सामने आई है कि एक मां अपने गर्भधारण करने के वक्त से ही गर्भस्थ शिशु के प्रति कितना जागरूक और चौकन्ना रहती है, कितनी सजग रहती है। अमेरिका के बक इंस्टीट्यूट फॉर रिसर्च ऑन एजिंग के द्वारा किए गए एक शोध में शोधकर्ताओं ने पाया और यह दावा किया कि देर से प्रजनन और प्रसव का आनुवांशिक रूप से लंबी उम्र, कमजोर, धीमी एपीजेनेटिक उम्र बढ़ने से उम्र से संबंधित बीमारियां जैसे टाइप–2 डायबिटिक और अल्जाइमर्स के जोखिमों के कम करने से संबंध है। उम्र 21 से पहले गर्भ धारण करने वाली युवतियों में टाइप–2 डायबिटिक, मोटापा हार्ट फेल्योर और मोटापे का जोखिम दुगुना होता है। साथ ही गंभीर मेटाबॉलिज्म विकारों का जोखिम चार गुणा बढ़ जाता है। एक दूसरा शोध जो जर्मनी के हनोवर मेडिकल स्कूल की टीम द्वारा किया गया, उसमें जीनोस मैन में पांच स्थानों की खोज की गई, जो एण्डोमेट्रियल कैंसर के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इसी के साथ जनरल ई– बायो मेडिसिन में प्रकाशित निष्कर्षों ने एण्डोमेट्रियल कैंसर के लिए ज्ञात आनुवंशिक जोखिम कारकों की संख्या को 16 से बढ़ाकर 21 कर दिया है। इस



शोध में गर्भाशय कैंसर के नए कारकों का पता चला है। ये रिस्क डीएनए में पाए गए हैं, जो ट्यूमर को बढ़ाने का काम करते हैं साथ ही गर्भाशय की लाइनिंग में मौजूद रहते हैं। कोई भी जन्मदात्री भविष्य की खुशी के लिए इन तमाम पीड़ाओं को हंसकर सह और झेल लेती है, लेकिन यही शिशु बड़ा होकर एक से एक बड़ा गुनाह कर बैठता है जिसका उदाहरण हम तरह-तरह की घटनाओं को देखते और सुनते-पढ़ते रहते हैं। पुरुष द्वारा किए गए ऐसे दुर्दांत अपराध केवल आज ही हुआ हो या होता हो, ऐसा नहीं है, बल्कि पुरुषों के अत्याचार से महिलाएं अनादिकाल से ही जूझती रही हैं, जबकि वही देश–विश्व की निर्मात्री होती है। अब प्रश्न सबसे बड़ा आज भी वहीं का वहीं खड़ा है कि आखिर इन सारी समस्याओं की रोकथाम के लिए समाज क्या करे? पुलिस और सरकार क्या करे? इस तरह का कृत्य किसी खास जाति या वर्ण में ही होता हो, ऐसा नहीं है, बल्कि इस घृणित समस्या से तो हर वर्ग, हर समुदाय पीड़ित रहा है और आज भी है। किसी झोपड़ी में जाएं तो ऐसी ही स्थिति वहां भी है और जो तथाकथित सभ्य–शिक्षित और सुसंस्कृत समाज है, वह भी इसी समस्या से जूझ रहा है। आज भी लड़कियां शाम-रात में अकेले निकल जाएं तो परिवार में किसी अनहोनी को लेकर सभी चिंतित रहते हैं। यह चाहे शहर हो या सुदूर ग्रामीण परिवेश, पूरे देश में एकसमान समस्या है। सरकार ने तो इसके लिए कानून बना दिया है, लेकिन वह इतना दुरूह होता है कि पीड़िता कहीं कहीं तो किसी को बिना बताए इस तरह के अत्याचारों को सहती रहती है और अपनी बदनामी, समाज की उपेक्षा के कारण इन अत्याचारों को बर्दाश्त करती रहती है। यहां कोई भी इस गुनाहों को बंद करने में अपना योगदान देने में खुद को इतना साहसी नहीं बताया है। फिर आखिर घूमकर बात वहीं रुक जाती है कि इन बुराइयों के निपटान के लिए संविधान ने तो कानून बना दिया, लेकिन जिसके जिम्मे इस तरह के अपराध को रोकने का अधिकार दिया है, वे लगभग निष्क्रिय होते है और अपराध करने वाला अपने धनबल से, अपनी ऊपरी राजनीतिक पहुंच से छुटकर बच निकलता है। इन सभी समस्याओं में सबसे बड़ी समस्या तो महिलाओं के साथ इसलिए भी होती है, क्योंकि वह किसी अन्य परिवार से ब्याहकर दूसरी नई जगह पर आती है, लेकिन जिसका पुरुष पति ही उसका सबसे बड़ा संरक्षक होता है, वह भी परिवार के लिए साथ छोड़ जाता है और महिला आग की भेंट चढ़ जाती है। सामाजिक अत्याचार से बचकर आई तो घरेलू अत्याचार ने उसकी खुशियों और उसकी जिंदगी को सदा के लिए खत्म कर दिया। वैसे, जैसा कि पहले कहा गया है कि राजनीतिज्ञों ने अपने को समाज का अगुआ समझकर हर जगह आगे हो जाते हैं, वहीं इस तरह की बुराइयों को समाज से दूर करने के लिए कभी पुरजोर विरोध नहीं जताया गया है। इसके लिए हमारे नेता तो जिम्मेदार तो हैं ही, समाज भी अपनी इन बुराइयों को दूर करने में सक्षम नहीं हो पाता, क्योंकि सभी परिवारों की समान समस्या है जिसके समाधान के लिए महिलाओं को स्वयं आगे आना होगा, अन्यथा पुरुष अपने बल से सदैव महिलाओं को प्रताड़ित करता रहेगा और समाज और ऐसे पुरुष अपने आतंक के बल पर हमारी जन्मदात्री के साथ दुराचार करते रहेंगे। इसलिए ऐसे अपराधियों, दुराचारियों को रानी झांसी लक्ष्मीबाई बनकर सबक सिखाओ।

# आखिरी बार श्रीकृष्ण ने किस के लिए बजाई थी बांसुरी

बांसुरी भगवान कृष्ण की प्रेममयी और करुणामयी भावनाओं का प्रतीक है। जब कृष्ण बांसुरी बजाते थे, तो गोपियों और ग्वाल-बालों के हृदय प्रेम और भक्ति से भर जाते थे। बांसुरी की मधुर ध्वनि उनके अलौकिक प्रेम का संदेश देती है। हालांकि एक वक्त ऐसा भी आया था जब भगवान श्री कृष्ण ने अपनी प्रिय बांसुरी तो तोड़ दिया था और इसके बाद कभी उसे हाथ नहीं लगाया। चलिए जानते हैं इस मार्मिक कथा के बारे में

**श्रीकृष्ण ने की थी रूकमनी से शादी**

प्रचलित कहानी के मुताबिक कंस वध के बाद श्रीकृष्ण द्वारका बस गए और रूकमनी से शादी कर ली। उन्होंने अपने पति धर्म को बखूबी निभाया लेकिन उनके मन में हमेशा राधा का ही वास रहा। सारे कर्तव्यों से मुक्त होने के बाद राधा आखिरी बार अपने प्रियतम कृष्ण से मिलने गईं। जब वह द्वारका पहुंचीं तो उन्होंने कृष्ण की रुक्मिनी और सत्यभामा से विवाह के बारे में सुना लेकिन वह दुखी नहीं हुईं।

**कृष्ण के महल में रहती थी राधा**

जब कृष्ण ने राधा को देखा तो बहुत प्रसन्न हुए। राधा जी को कान्हा की नगरी द्वारिका में कोई नहीं पहचानता था। राधा के अनुरोध पर कृष्ण ने उन्हें महल में एक देविका के रूप में नियुक्त किया। राधा दिन भर महल में रहती थीं और महल से जुड़े कार्य देखती थीं। मौका मिलते ही वह कृष्ण के दर्शन कर लेती थीं, लेकिन महल में राधा ने श्रीकृष्ण के साथ पहले की तरह का आध्यात्मिक जुड़ाव महसूस नहीं कर पा रही थीं इसलिए राधा ने महल से दूर जाना तय किया।

**राधा ने आखिरी बार बांसुरी बजाने की जताई थी इच्छा**

धीरे-धीरे समय बीता और राधा बिलकुल अकेली और कमजोर हो गईं। उस वक्त उन्हें भगवान श्रीकृष्ण की आवश्यकता पड़ी। आखिरी समय में भगवान श्रीकृष्ण उनके सामने आ गए। आखिरी मिलन पर श्रीकृष्ण ने राधा से कुछ मांगने के लिए कहा। तब राधा ने उनसे आखिरी बार बांसुरी बजाने की इच्छा जताई। श्रीकृष्ण की बांसुरी की सुरीली धुन सुनते-सुनते ही राधा ने अपना शरीर त्याग दिया।

**राधा का वियोग सह नही पाए कृष्णा**

कान्हा राधा के आध्यात्मिक रूप और कृष्ण में विलिन होने तक बांसुरी बजाते रहे। भगवान राधा-श्रीकृष्ण का प्रेम अमर है लेकिन फिर भी श्रीकृष्ण राधा का वियोग सह ना पाए और उन्होंने प्रेम के प्रतीक बांसुरी को तोड़कर फेंक दिया। इसके बाद उन्होंने बांसुरी या कोई भी वादक यंत्र नहीं बजाया।



**माया का प्रतीक है बांसुरी**

कृष्ण की बांसुरी माया (भ्रम) का प्रतीक है। जब कृष्ण बांसुरी बजाते थे, तो सभी गोपियां और गोप बालक उनके प्रति मोहित हो जाते थे और संसारिक बंधनों को भूल जाते थे। यह माया के प्रभाव को दर्शाता है कि कैसे कृष्ण ने अपने भक्तों को अपनी ओर आकर्षित किया। बांसुरी भगवान कृष्ण और उनके भक्तों के बीच संवाद का एक माध्यम भी थी। बांसुरी की ध्वनि उनके प्रेम और आशीर्वाद का संदेश देती है, जो भक्तों को मार्गदर्शन और प्रेरणा प्रदान करती है।

# क्या आपको भी है बार-बार भूलने की आदत?

## दिमाग तेज करने के लिए डाइट में शामिल करें चार सुपरफूड्स

आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में, तनाव, नींद की कमी और गलत खानपान के कारण बार-बार भूलने की आदत एक आम समस्या बन गई है। यह समस्या सिर्फ अधिक उम्र के लोगों में ही नहीं, बल्कि युवाओं में भी देखने को मिल रही है। अगर आप भी छोटी-छोटी बातें भूल जाते हैं, जैसे चाबियां कहां रखी हैं या कोई महत्वपूर्ण तारीख, तो यह आपके लिए एक चेतावनी हो सकती है। दिमाग को तेज करने और याददाश्त को बेहतर बनाने में आहार अहम भूमिका निभाती है। कुछ ऐसे खाद्य पदार्थ होते हैं जिनका सेवन करने से आपका दिमाग स्वस्थ और सक्रिय रहता है, क्योंकि इसमें मौजूद पोषक तत्व मस्तिष्क के स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। इन सुपरफूड्स को अपनी दिनचर्या में शामिल करके आप अपनी याददाश्त को मजबूत बना सकते हैं। इतना ही नहीं आप अपनी ध्यान केंद्रित करने की क्षमता को भी बढ़ा सकते हैं और मानसिक थकान को भी कम कर सकते हैं। आइए इस लेख में ऐसे ही चार खाद्य पदार्थ के बारे में जानते हैं।

**अखरोट-** अखरोट में ओमेगा-3 फैटी एसिड और विटामिन ई भरपूर मात्रा में होता है। ओमेगा-3 फैटी एसिड दिमाग की कोशिकाओं के निर्माण और कार्यप्रणाली के लिए बहुत जरूरी होता है। यह याददाश्त को सुधारता है और अल्जाइमर जैसी बीमारियों के जोखिम को कम करने में मदद करता है।



**बादाम-** बादाम को सदियों से दिमाग के लिए एक बेहतरीन सुपर फूड माना जाता रहा है। बादाम में विटामिन ई, मैग्नीशियम और एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं। विटामिन ई दिमाग की कोशिकाओं को ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस से बचाता है, जिससे दिमाग की कार्यक्षमता बेहतर होती है। रोज सुबह भीगे हुए बादाम खाने से याददाश्त और सीखने की क्षमता में सुधार होता है।

**कद्दू के बीज-** कद्दू के छोटे-छोटे बीज दिमाग के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। इनमें मैग्नीशियम, जिंक, कॉपर और आयरन जैसे महत्वपूर्ण खनिज होते हैं। ये सभी पोषक तत्व दिमाग के स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी होते हैं। जिंक याददाश्त और सोचने की क्षमता को बेहतर बनाता है, जबकि मैग्नीशियम दिमाग की कोशिकाओं के बीच संचार को सुधारता है।

**डार्क चॉकलेट-** डार्क चॉकलेट में फ्लेवोनॉयड्स और कैफीन होते हैं। ये दोनों ही दिमाग में रक्त के प्रवाह को बढ़ाते हैं, जिससे दिमाग अधिक सक्रिय रहता है। हालांकि, डार्क चॉकलेट का सेवन सीमित मात्रा में ही करना चाहिए, क्योंकि इसमें कैलोरी भी होती है। इन सब के साथ अपने फोकस और याददाश्त को सक्रिय रखने के लिए संतुलित आहार और रोज व्यायाम को भी प्राथमिकता दें।

# खुल गए भाग्य हमारे, गजानन घर पधारे

गणपति के 20 शक्तिशाली मंत्र--


1. गणाध्यक्षाय नमः 2. विघ्नराजाय नमः
3. एकदंताय नमः 4. विघ्नेश्वराय नमः
5. गजाननाय नमः 6. लम्बोदराय नमः
7. विघ्ननाशिने नमः 8. सुमुखाय नमः
9. सिद्धिविनायकाय नमः 10. धूम्रवर्णाय नमः
11. भालचन्द्राय नमः 12. गजमुखाय नमः
13. सर्वसिद्धिप्रदाय नमः 14. वक्रतुंडाय नमः
15. हेरम्बाय नमः 16. विनायकाय नमः
17. मूषकवाहनाय नमः 18. मंगलमूर्ति नमः
19. गजकर्णकाय नमः
20. वरदाय नमः



वास्तु टिप्स

# इन जीवों को भोजन कराने से दूर होते हैं शनि और राहु दोष

*वास्तु शास्त्र के अनुसार, जीवों को भोजन कराना न केवल धर्म और पुण्य का कार्य है, बल्कि यह हमारे जीवन में सुख-समृद्धि और सकारात्मकता लाने में भी मदद करता है। कुत्ता, गाय, मछली और कौआ को खाना खिलाने का विशेष महत्व है।*



आइए जानते हैं कि इन चार जीवों को भोजन कराने से क्या लाभ होते हैं।

**कुत्ते को खाना खिलाने के फायदे :** कुत्ते को भोजन कराने से राहु और केतु ग्रहों की शांति होती है। यह न केवल हमारे घर की नकारात्मक ऊर्जा को दूर करता है, बल्कि शनि दोष और पितृ दोष को भी कम करने में मदद करता है। कुत्ते को रोटी या दूध खिलाना शुभ माना जाता है और यह धन-संपत्ति में वृद्धि के संकेत देता है।

**गाय को भोजन कराने के फायदे**

गाय को हिंदू धर्म में माता का दर्जा दिया गया है। गाय को रोटी, गुड़ या हरा चारा खिलाने से घर में लक्ष्मी का वास होता है। यह जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लाता है। साथ ही, गौ सेवा से हमारे कुंडली में गुरु और चंद्र ग्रह मजबूत होते हैं।

**मछलियों को खाना खिलाने के फायदे :** मछलियों को आटे की गोलियां बनाकर खिलाना बेहद शुभ माना जाता है। यह कार्य जल तत्व को संतुलित करता है और कुंडली के ग्रह दोषों को शांत करता है। मछलियों को खिलाने से मन शांत रहता है और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं दूर होती हैं।

**कौआ को भोजन कराने के फायदे :** कौआ को खाना खिलाने का सीधा संबंध पितृ दोष और शनि दोष से होता है। कौआ हमारे पितरों का प्रतीक माना जाता है। इसलिए इसे भोजन कराने से पितरों की कृपा प्राप्त होती है। कौए को रोटी या चावल खिलाना घर में सुख-शांति और संतोष लाने का एक माध्यम है।

**अन्य फायदे :** इन जीवों को भोजन कराना हमारे भीतर दया और करुणा के भाव को बढ़ावा देता है। यह कार्य सकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न करता है और हमारी किस्मत को सुधारने में मदद करता है।

जीवन में आने वाली बाधाओं और परेशानियों को कम करने में यह सहायता करता है।

वास्तु शास्त्र के अनुसार, कुत्ता, गाय, मछली और कौआ जैसे जीवों को खाना खिलाना न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह हमारे जीवन को खुशहाल और समृद्ध बनाने में भी सहायक है। इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाकर आप न केवल दूसरों की मदद करेंगे, बल्कि अपनी समस्याओं का भी समाधान पाएंगे।





# रात को लगाएं नीम फेस पैक पाएं बेदाग और निखरी त्वचा

अगर आप बार-बार एक्ने, पिंपल और डार्क स्पॉट्स से परेशान हैं, तो इस घरेलू उपाय को जरूर आजमाएं। महंगे स्किन केयर प्रोडक्ट्स में मौजूद केमिकल आपकी त्वचा को फायदा पहुंचाने के बजाय नुकसान पहुंचा सकते हैं। ऐसे में घर पर बना नीम फेस पैक आपकी त्वचा को गहराई से साफ करके उसे निखारने में मदद कर सकता है।

**एक्ने और पिंपल की समस्या क्यों होती है?**

आजकल की खराब लाइफस्टाइल, अनहेल्दी डाइट और प्रदूषण के कारण त्वचा से जुड़ी समस्याएं जैसे एक्ने, पिंपल और दाग-धब्बे आम हो गए हैं। लेकिन इन समस्याओं को दूर करने के लिए नीम का फेस पैक बेहद असरदार है। नीम में एंटीबैक्टीरियल और एंटीसेप्टिक गुण होते हैं, जो त्वचा को साफ करके एक्ने को ठीक करने में मदद करते हैं।

सामग्री : नीम पाउडर - 1 चम्मच (घर पर नीम की पत्तियों को सुखाकर पीस सकते हैं), दही - 2 चम्मच, मुल्तानी मिट्टी - 1 चम्मच, कॉफी पाउडर - 1/2 चम्मच, गुलाब जल - आवश्यकता अनुसार।

नीम फेस पैक बनाने का तरीका

एक साफ कटोरी में 1 चम्मच नीम पाउडर डालें। इसमें 1 चम्मच मुल्तानी मिट्टी, 1/2 चम्मच कॉफी पाउडर और 2 चम्मच दही डालें। अगर मिश्रण गाढ़ा लगे, तो उसमें अपनी जरूरत अनुसार गुलाब जल डालें। इन सभी सामग्रियों को अच्छी तरह मिलाएं, ताकि एक स्मूथ पेस्ट तैयार हो जाए।

ऐसे लगाएं नीम फेस पैक : तैयार पेस्ट को साफ चेहरे पर समान रूप से लगाएं। इसे 10-15 मिनट तक सूखने दें। सूखने के बाद चेहरे को नॉर्मल टेम्परेचर वाले पानी से धो लें। हफ्ते में 2 बार इसका इस्तेमाल करें, जल्द ही आपको फर्क दिखने लगेगा।

नीम फेस पैक के फायदे : त्वचा से अतिरिक्त तेल को हटाकर पिंपल्स की समस्या को कम करता है। एक्ने के दाग-धब्बों को हल्का करता है और त्वचा को चमकदार बनाता है। त्वचा को गहराई से साफ करता है और डेड स्किन हटाने में मदद करता है। नीम के एंटीबैक्टीरियल गुण इंफेक्शन को रोकते हैं। मुल्तानी मिट्टी और दही त्वचा को ठंडक देते हैं और नमी बनाए रखते हैं।

ध्यान देने योग्य बातें : नीम फेस पैक लगाने से पहले पैच टेस्ट जरूर करें। बहुत ज्यादा सूखी त्वचा वाले लोग इसमें थोड़ा सा शहद मिला सकते हैं। नियमित उपयोग से ही असर दिखेगा, इसलिए धैर्य रखें। तो, अब नीम फेस पैक को अपनी स्किन केयर रूटीन में शामिल करें और पाएं बेदाग और निखरी त्वचा।



# दक्षिण भारत के प्रसिद्ध मंदिर, जहां दर्शन के बिना यात्रा अधूरी है

*दक्षिण भारत अपने भव्य मंदिरों और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए जाना जाता है। अगर आप साउथ इंडिया घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो इन पांच मंदिरों के दर्शन जरूर करें। ये न केवल धार्मिक आस्था के प्रतीक हैं, बल्कि अपनी खूबसूरती और इतिहास के कारण भी प्रसिद्ध हैं।*

**तिरुपति तिरुमला मंदिर (आंध्र प्रदेश)**

आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले में स्थित तिरुपति तिरुमला मंदिर भगवान विष्णु को समर्पित है। यह भारत के सबसे लोकप्रिय मंदिरों में से एक है। भगवान वेंकटेश्वर के दर्शन करने हर साल लाखों भक्त यहां आते हैं। यह मंदिर सात पहाड़ियों के बीच स्थित है और इसकी वास्तुकला मनमोहक है। मान्यता है कि यहां दर्शन करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। विदेशों से भी लोग इस मंदिर की भव्यता और धार्मिकता को अनुभव करने आते हैं।

**सबरीमाला मंदिर (केरल)**

केरल के प्रसिद्ध सबरीमाला मंदिर में भगवान अय्यप्पा विराजमान हैं। यह तीर्थस्थल हर साल लाखों भक्तों को आकर्षित करता है। यह मंदिर घने जंगलों और खूबसूरत पहाड़ियों के बीच स्थित है। सबरीमाला की यात्रा कठिन होती है, लेकिन यह भक्तों को आध्यात्मिक संतोष प्रदान करती है। भगवान अय्यप्पा के भक्त 41 दिनों का व्रत रखकर यहां दर्शन करने आते हैं। यहां का प्राकृतिक नजारा और शांत वातावरण किसी को भी मंत्रमुग्ध कर देता है।

**मदुरै मीनाक्षी अम्मन मंदिर (तमिलनाडु)**

तमिलनाडु के मदुरै शहर में स्थित मीनाक्षी अम्मन मंदिर देवी मीनाक्षी और भगवान शिव को समर्पित है।यह दक्षिण भारत के सबसे बड़े और प्राचीन मंदिरों में से एक है। मंदिर की गगनचुंबी गोपुरम और सुंदर नक्काशी इसकी पहचान है। यह मंदिर हिंदू शादियों और विशेष पूजा के लिए प्रसिद्ध है। इसकी भव्यता और रंग-बिरंगी वास्तुकला पर्यटकों को भी आकर्षित करती है।

**रामेश्वरम मंदिर (तमिलनाडु)**

रामेश्वरम मंदिर भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है। यह मंदिर राम सेतु के पास स्थित है। धार्मिक मान्यता है कि भगवान राम ने लंका जाने से पहले यहां शिवलिंग की स्थापना की थी। मंदिर का विशाल गलियारा और समुद्र किनारे का नजारा अद्वितीय है। यहां स्नान करने से पापों से मुक्ति मिलती है। यहां की यात्रा धार्मिक और ऐतिहासिक दोनों दृष्टियों से महत्वपूर्ण मानी जाती है।

**विरुपाक्ष मंदिर (कर्नाटक)**

कर्नाटक के हम्पी में स्थित विरुपाक्ष मंदिर भगवान शिव को समर्पित है। यह विजयनगर साम्राज्य के समय का एक प्रमुख धार्मिक केंद्र था। मंदिर की नक्काशी और भव्यता इसे एक ऐतिहासिक धरोहर बनाती है। यहां दर्शन करने से सुख और शांति मिलती है। हम्पी की प्राकृतिक सुंदरता के बीच यह मंदिर एक प्रमुख आकर्षण है। दक्षिण भारत के ये मंदिर न केवल धार्मिक आस्था के प्रतीक हैं, बल्कि इनकी वास्तुकला और प्राकृतिक सौंदर्य भी अद्भुत है। इन मंदिरों की यात्रा न केवल आपको अध्यात्म से जोड़ती है, बल्कि भारतीय संस्कृति और इतिहास की झलक भी दिखाती है। अगर आप साउथ इंडिया की यात्रा की योजना बना रहे हैं, तो इन मंदिरों के दर्शन जरूर करें।

# भक्ति और प्रेम का दिव्य सार है : राधा तत्व

राधाष्टमी श्री राधारानी के दिव्य स्वरूप का उत्सव है, जो भक्ति और



-डॉ. आशा रस्तोगी

निस्वार्थ प्रेम की सर्वोच्च प्रतिमूर्ति हैं। ऐसे अनंत गुणों की सराहना करने के लिए भक्तों को राधा तत्व के सार को सीखने में स्वयं को डुबो देना चाहिए। राधा तत्व को समझने में ब्रह्मांड की दिव्य माँ और श्रीकृष्ण के साथ हमारा रिश्ता गहरा होता है। शास्त्रों में राधा रानी को श्रीकृष्ण की परम भक्त के रूप में प्रस्तुत किया गया है और साथ ही उनकी सबसे गहरी आराधना और आनंद के उच्चतम स्तर की वस्तु के रूप में भी। राधारानी श्रीकृष्ण की उपासिका हैं और श्रीकृष्ण उनकी पूजा करते हैं। राधारानी कृष्ण की आत्मा हैं, योगमाया शक्ति हैं। श्रीकृष्ण सभी ऊर्जाओं के स्रोत हैं और राधारानी उनकी सर्वोच्च दिव्य ऊर्जा हैं। श्रीकृष्ण राधा रानी की योगमाया शक्ति के माध्यम से अपने आकर्षक व्यक्तिगत रूप, दिव्य निवास, दिव्य लीलाओं और दिव्य गुणों को प्रकट करते हैं। योग माया शक्ति राधारानी, सीता, दुर्गा, काली, लक्ष्मी आदि के रूप में अनंत रूप धारण करके ब्रह्माण्ड की माँ के रूप में प्रकट होती हैं। राधारानी श्रीकृष्ण की केवल भक्त ही नहीं, बल्कि उनकी मार्गदर्शक शक्ति हैं, जिन्हें युगों युगों से ऋषि-मुनियों द्वारा पूजनीय माना जाता रहा है। नारद पंचरात्र और राधा उपनिषद जैसे प्राचीन ग्रंथों में श्रीराधाकृष्ण को दूध और उसकी सफेदी की तरह अविभाज्य बताया गया है। वे एक दिव्य अस्तित्व हैं जो शक्तिमान और शक्ति अथवा ऊर्जावान या ऊर्जा के रूप में प्रकट होते हैं, जो एक दूसरे के आनंद को बढ़ाते हैं। शाश्वत दिव्य युगल इस दुनिया में समय समय पर अवतरित होते हैं और भक्तों के आध्यात्मिक कल्याण के लिए हर बार अलग अलग लीलाएं प्रकट करते हैं। श्री राधारानी श्रीकृष्ण की प्रेमिका से कहीं बढ़कर हैं- वे समस्त सृष्टि के पीछे की प्रमुख शक्ति हैं। पद्म पुराण में कहा गया है कि श्री राधारानी के चरण का नाखून असंख्य विष्णुओं का मूल है, जो उनकी विशाल शक्ति और दिव्य अधिकार पर ज़ोर देता है। श्रीकृष्ण की ह्लादिनी शक्ति के सार के रूप में, राधारानी उस परम आनंद का प्रतीक हैं जो ब्रह्मांड में व्याप्त है।

राधा तत्व एक रहस्य है जो मानवीय समझ से परे है। यहाँ तक की वैदिक शास्त्र भी श्री राधा रानी के कृष्ण के साथ रिश्ते की गहराई को व्यक्त करने के लिए संघर्ष करते हैं तथा इनके गहन रहस्यवाद को स्वीकार करते हैं। स्वामी मुकुंदानंद ने बहुत ही सुंदर ढंग से समझाया है कि राधारानी श्रीकृष्ण की स्वरूप शक्ति या सत्-चित्- आनंद का सार हैं। सत्- ब्रह्म का सार संधिनी शक्ति है, जिसके द्वारा वे अपने शाश्वत व्यक्तित्व को प्रकट करते हैं। चित्- ब्रह्म का सार संवित शक्ति है, जिसके द्वारा वे सर्वज्ञ हैं और आनंद- ब्रह्म का सार ह्लदिनी शक्ति है, जिसके द्वारा भगवान सदैव आनंदित रहते हैं। उनके शरीर का रोम रोम राधा नाम से गूंजता है। वैदिक शास्त्र भी राधा रानी की दिव्यता की पुष्टि करते हैं। उपनिषद् उन्हें कृष्ण द्वारा पूजित शक्ति के रूप में वर्णित करते हैं। वेद भी राधा रानी की गहराई को नहीं समझ सकते हैं,जिनकी चरण धूलि ब्रह्मांड के स्वामी श्री कृष्ण अपने सिर पर रखते हैं। वेद सीमित हैं और राधारानी अनंत हैं। नारदपुराण में श्री वेद व्यास जी कहते हैं कि महालक्ष्मी राधा रानी के वाम भाग से प्रकट होती हैं। पद्म पुराण में वे कहते हैं कि लाखों लक्ष्मी राधा रानी की सेविकाएं है। ब्रह्म वैवर्त पुराण में राधारानी ने स्वयं कहा है कि श्रीकृष्ण उनके पुरुष रूप हैं। श्री कृष्ण की आत्मा के रूप में राधारानी उनसे अलग नहीं हैं, बल्कि उनका सार हैं। उनकी अपार शक्ति का वर्णन करते हुए, परमहंस श्री शुकदेव जी महाराज ने राजा परीक्षित को भागवत कथा सुनाते समय सीधे उनका नाम लेने से भी परहेज किया है, ताकि वे दिव्यानंद में बह न जाएं और सात दिनों में कथा पूरी न कर पाएं। रसिक संतों के अनुसार हमारे भक्तों के लिए श्री राधारानी का नाम सर्वोच्च खजाना है, और उसका उच्चारण करने से सभी मानसिक क्लेश दूर हो जाते हैं। उनकी दयालु कृपा के माध्यम से ही व्यक्तिगत आत्माएं श्रीकृष्ण से जुड़ती हैं। वह श्रीकृष्ण की सर्वोच्च भक्त हैं। भगवान श्रीकृष्ण सभी आत्माओं की आत्मा हैं, लेकिन राधारानी श्रीकृष्ण की भी आत्मा हैं। वह अपने भक्तों को उस तरह का प्रेम प्रदान करती हैं जैसा कि हम भगवान से चाहते हैं। इस राधा अष्टमी पर हम सभी आध्यात्मिक पदानुक्रम में श्री राधा रानी की अद्वितीय स्थिति को याद करें और उनके चरणकमलों में समर्पण करने का प्रयास करें क्योंकि उनके माध्यम से ही हम श्रीकृष्ण तक पहुँच सकते हैं।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**
**रविवार, 31 अगस्त, 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके1947 श्री सूर्य दक्षिण अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते वर्षा ऋतौ भाद्रपद मासोत्तमे शुक्ल पक्षे, अष्टमी तिथौ रवि वासरे 24/58/ अनुराधा नक्षत्रे 17/27/ वैधृति योग 15/59/ भद्रा करणे 11/52/ वृश्चिक राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** भद्रा समाप्त घं.11 मि.52पर। श्री दुर्गाष्टमी। श्री राधाष्टमी। दूर्वाष्टमी। महर्षि दधिचि जयंती।

**मेष :** नए आर्थिक निवेश में रुचि रहेगी। दाम्पत्य सुख उत्तम रहेगा। शिक्षा प्रतियोगिता से लाभ होगा। स्वास्थ्य शिथिल रहेगा।

**वृष :** उद्योग व्यापार में लाभ की स्थिति बनेगी। जीवन साथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। यात्रा- वाहन पर व्यय होगा।

**मिथुन :** रचनात्मक कार्यों पर व्यय होगा। परिजनों की चिंता रहेगी। सुसंगति लाभ होगा। ईश्वर के प्रति श्रद्धा बढ़ेगी।

**कर्क :** आकामिक लाभ होगा। सत्पूरामर्श से लाभ मिलेगा। कार्यों पर व्यय होगा। कारीबारी दूर होगी। कारोबारी विषमता दूर होगी।

**सिंह :** आय -व्यय संभावना रहेगी। उन्नति के नये अवसर बनेंगे। शुभ कार्यों में व्यवधान उत्पन्न होगा। अभावग्रस्तता दूर होगी।

**कन्या :** मित्रागमन होगा। घरेलू कार्यों में व्यस्तता रहेगी। जीवन साथी का सहयोग रहेगा। उधार देने से बचे।

**तुला :** कारोबारी विषमता दूर होंगी। धन प्राप्ति का मार्ग बनेगा। सम्मान प्राप्ति होगी। चोट का भय रहेगा।

**वृश्चिक :** घरेलू कार्यों में व्यस्त रहेंगे। यात्राएँ लाभप्रद रहेंगी। बनाएँ पर्ण होंगी। इच्छित वस्तु प्राप्ति का हर्ष रहेगा।

**धनु :** आत्मीय जनों का सानिध्य मिलेगा। काम का बोझ रहेगा। नए निवेश लाभप्रद रहेगा। बौद्धिक विकास होगा।

**मकर :** मनोनुकूल वातावरण रहेगा। रोजी - रोजगार में सफलता मिलेग सम्पर्कों में वृद्धि होगी। अनावश्यक बहानेबाजी टालें।

**कुंभ :** जीवन साथी का सहयोग मिलेगा। मन माफिक कार्य पूर्ण होंगे। देनदारी कम होगी। यश प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**मीन :** वाहन कष्ट रहेगा। चोट लगने का भय होगा । कारोबारी योजनाएँ सफल होंगी। जीवन ऊर्जा का विकास होगा।

# डॉक्टर की लापरवाही से महिला की मौत, मचा हड़कंप

**स्वतंत्र भारत मऊ।** जिले में एक अस्पताल की लापरवाही से एक जच्चा बच्चा मौत का मामला अभी लोग भूले ही नहीं कि कल की देर शाम करीब 6:00 बजे रूद्रा हॉस्पिटल में डॉक्टरों की लापरवाही से अंकिता मौर्या पत्नी विकास मौर्या उम्र 22 वर्ष की मौत से हड़कंप मच गया. बताया जाता है कि अहिलावलपुर, युसुफपुर, गाजीपुर की रहने वाली अंकिता मौर्या को उसके परिजनों के द्वारा रूद्रा हॉस्पिटल में दिन में करीब 12:00 बजे के आसपास इलाज के लिए लाया गया था. जहां जांच के बाद पता चला था कि अंकिता को प्लेटलेट्स की कमी है. प्लेटलेट्स की कमी की पूर्ति के लिए प्लेटलेट्स चढ़ाना जरूरी होता है, पर वहां इलाज कर रहे डॉक्टरों ने टालमटोल करते हुए दोपहर 12:00 बजे से 6:00 बजा दिया, पर प्लेटलेट्स नहीं चढ़ाया. इस बीच इलाज के नाम पर महिला को ब्लड चढ़ाया गया. जिसके कारण महिला की मौत हो गई. परिवार के लोगों ने अस्पताल में तोड़फोड़ करना शुरू कर दिया, घटना की जानकारी होते ही कोतवाल अनिल सिंह भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे व वहां की स्थिति को किसी तरह संभाला. मौके पर पहुंचे अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आर एन सिंह ने अस्पताल को सील कर दिया. तथा पूरे मामले की जांच से संबंधित आश्वासन देते हुए वहां से निकल गए. हाईटेक अस्पताल की तरह यह अस्पताल भी फर्जी है या नहीं इसकी पुष्टि अभी तक नहीं हो सकी है. हालांकि जिलाधिकारी कार्यालय की तरफ से इस तरह की सूचना सामने आ रही है कि 7 मजिस्ट्रेट की टीम गठित कर दी गई है,

## विद्युत घात से युवक की मौत

**स्वतंत्रभारत मऊ।** दक्षिणी टोला थाना क्षेत्र अंतर्गत सलेमपुर के रहने वाले राजाराम पुत्र खरबन उम्र 35 वर्ष को विद्युत करंट की चपेट में आने के कारण शनिवार की दोपहर 2.30 पर जिला अस्पताल में लाकर भर्ती किया गया. जहां इलाज के दौरान राजाराम की मृत्यु हो गई.

## राज्य शिक्षक पुरस्कार हेतु चयनित होने पर साहित्य चेतना समाज ने दी बधाई

**स्वतंत्र भारत मऊ।** साहित्य चेतना समाज की मऊ इकाई की एक महत्वपूर्ण बैठक संस्था के अध्यक्ष बालकृष्ण ठरड के औद्योगिक आस्थान स्थित बालाजी चौखट कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में संस्था के उपाध्यक्ष शिवाकान्त सिंह को राज्य शिक्षक पुरस्कार के लिए चयनित किए जाने पर हर्ष व्यक्त किया गया और उन्हें हार्दिक बधाई दी गई। शिवाकान्त सिंह, जो कि कोपागंज विकास खण्ड के लैरोदोनवार गाँव के निवासी हैं, वर्तमान में उच्च प्राथमिक विद्यालय भरथिया कादीपुर में शिक्षण कार्य कर रहे हैं। अगस्त 2019 में विद्यालय में कार्यभार ग्रहण करते समय जहाँ विद्यार्थियों की संख्या मात्र 42 थी, वहीं उनके सतत प्रयासों से यह संख्या वर्ष 2024 में बढ़कर 118 हो गई। उनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने जिला, मण्डल एवं राज्य स्तर पर विद्यालय का नाम रोशन किया है। अपने दायित्वों के प्रति निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण भाव से कार्यरत शिवाकान्त सिंह अपने विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके अभिभावकों से भी नियमित संवाद बनाए रखते हैं।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियां शुरू ग्राम प्रधानों से सहयोग का आह्वान



**स्वतंत्रभारत मऊ।** जनपद मऊ में आगामी 13 सितंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु तैयारियाँ जोरों पर हैं। इसी क्रम में विकास भवन सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) प्रशांत नागर ने की।बैठक में ग्राम प्रधानों को संबोधित करते हुए सीडीओ नागर ने उन्हें राष्ट्रीय लोक अदालत की महत्ता से अवगत कराया और ग्राम स्तर पर लंबित विवादों को आपसी समझौते से सुलझाने में सहयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि लोक अदालतों के माध्यम से पारिवारिक, बैंकिंग, विद्युत बिल, भूमि विवाद जैसे मामलों का समाधान सहज व त्वरित रूप से संभव है।बैठक में उपस्थित अभियोजन अधिकारी अभिनव शुक्ल ने भी ग्राम प्रधानों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों से ऐसे प्रकरण चिन्हित कर लोक अदालत में लाने हेतु प्रेरित करें जिन्हें बिना मुकदमेबाजी के सुलझाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत का उद्देश्य न्यायिक प्रक्रिया को सरल और सुलभ बनाना है। बैठक में जनपद के विभिन्न विकास खंडों से भारी संख्या में ग्राम प्रधान उपस्थित रहे और उन्होंने आश्वासन दिया कि वे लोक अदालत में अधिकतम मामलों के निस्तारण हेतु पूर्ण सहयोग करेंगे।

# त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन नामावली के वृहद पुनरीक्षण के संबंध में हुई बैठक

**स्वतंत्र भारत मऊ।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन नामावली 2025 के वृहद पुनरीक्षण के संबंध में बैठक जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में संपन्न हुई। जनपद में 09 विकासखंड, 645 ग्राम पंचायत एवं 92 नगर पंचायत अवस्थित है। वर्तमान स्थिति के अनुसार ग्राम पंचायत सदस्यों की संख्या 8062, ग्राम पंचायत प्रधानों की संख्या 645, क्षेत्र पंचायत सदस्यों की संख्या 783, जिला पंचायत सदस्यों की संख्या 32 है एवं जनपद में मतदाताओं की संख्या 1317186 है। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश लखनऊ की अधिसूचना के द्वारा त्रिस्तरी पंचायत की निर्वाचक नामावली 2025 के वृहद पुनरीक्षण कराए जाने हेतु कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस महत्वपूर्ण कार्य को सकुशल संपन्न कराने हेतु बीएलओ एवं पर्यवेक्षक की ड्यूटी भी लगा दी गई है तथा दिनांक 19 अगस्त 2025 से 22 सितंबर 2025 तक बीएलओ द्वारा घर घर जाकर गणना और सर्वेक्षण एवं हस्तलिखित पांडुलिपि तैयार करने की अवधि निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि 1 जनवरी 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी अर्ह व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित किया जाएगा। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा 18 जुलाई 2025 राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा जारी अधिसूचना के आधार पर सभी कार्य निर्धारित अवधि में पूर्ण करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने समस्त बीएलओ एवं पर्यवेक्षक को उनके कार्यों एवं दायित्वों का निर्वहन ठीक ढंग से करने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग का सख्त निर्देश है कि किसी भी व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में दो बार सम्मिलित न हो एवं जिस व्यक्ति की मृत्यु हो गई है उसका नाम मतदाता सूची से हटाने एवं जो भी व्यक्ति राज्य निर्वाचन आयोग के सभी नियमों का अनुपालन कर रहा है तो उसका नाम मतदाता सूची में जोड़ने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि घर-घर जाकर गणना और सर्वेक्षण एवं हस्तलिखित पांडुलिपि तैयार करने का कार्य निर्वाचन नामावली प्रक्रिया का सबसे महत्वपूर्ण कार्य है, इसलिए सभी बीएलओ एवं पर्यवेक्षक इसमें लगनतापूर्वक कार्य करते हुए मतदाता सूची को तैयार कराए। उन्होंने सभी पर्यवेक्षक को बीएलओ के कार्यों का नियमित जांच करने के भी निर्देश दिए एवं पर्यवेक्षक को बीएलओ का व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर उनके कार्यों की नियमित मार्केटिंग करने के भी निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार सभी अधिकारी लगनतापूर्वक अपने-अपने क्षेत्र में रहते हुए अपने कार्यों का ठीक ढंग से निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि पर्यवेक्षक एवं बीएलओ के कार्यों का अपर जिलाधिकारी, मुख्य राजस्व अधिकारी सहित अन्य उच्च अधिकारियों द्वारा लगातार निरीक्षण किया जाएगा एवं किसी भी प्रकार की कमी मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्यवाही भी की जाएगी, इसलिए सभी पर्यवेक्षक एवं बीएलओ गुणवत्तापूर्ण ढंग से अपने-अपने दायित्व का निर्वहन करें।

## खबर एक नजर

### सर्पदंश से महिला की मौत

**शाहगंज।** जौनपुर घर की सफाई के दौरान कमरे के कोने में बैठे सांप ने महिला को डंस लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उपचार के लिए राजकीय पुरुष चिकित्सालय लाए। जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना की खबर लगते ही परिवार में कोहराम मच गया। कोतवाली क्षेत्र के कोपा गांव निवासी इन्द्रजीत की पत्नी अनीता (35) शनिवार की सुबह घर में सफाई कर रही थी, इसी दौरान कमरे के एक कोने में बैठे जहरीले सर्प ने महिला की बांह में डंस लिया। कुछ ही देर में महिला की हालत बिगड़ने पर परिजन उसे अस्पताल लाए, जहां उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।
स्मार्ट फोन व टैबलेट पाकर चहके विद्यार्थी।

### ट्रेन से गिरने पर अज्ञात युवक की हुई मौत

**गौराबादशाहपुर जौनपुर** केराकत कोतवाली के खड़हर डीह के शुभ कान्हा जी संस्थान के पास शुक्रवार की रात सवा नौ बजे जौनपुर औड़िहार रेल मार्ग पर जौनपुर से औड़िहार के तरफ जारही ट्रेन से गिर कर खम्भा से टकरा गया जिससे मौके पर ही मौत हो गयी शनिवार की सुबह कोई शौच के लिए गया तो अज्ञात युवक के शव को देखकर मुफ्तीगंज चौकी पर फोन से सूचना दिया मौके पर मुफ्तीगंज चौकी के चौकी इनचार्ज सुनील कुमार दिवान महेन्द्र प्रसाद व सिपाही सुनील पाल पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया जब शुभ कान्हाजी संस्थान में लगा सी सी टी वी फुटेज खंगाला गया तो ट्रेन से गिरते समय साफ दिखाई दिया 35वर्षीय युवक को लगता है की झपकी आने के कारण ट्रेन से गिर गया उसकी पहचान नहीं हो पायी।

### नाबालिग चला रहे वाहन

**स्वतंत्र भारत मऊ।** क्षेत्र में वाहनों की लगातार बढ़ रही संख्या तथा अवयस्क व अप्रशिक्षित वाहन चालकों द्वारा यातायात नियमों की धता - बताकर चलाए जा रहे वाहन रोज - ब-रोज दुर्घटनाओं के सबब बनते नजर आ रहे हैं 7 हालांकि शासन द्वारा ऐसे चालकों के विरुद्ध दंडात्मक प्रविधान किए गए हैं फिर भी अनेक नाबालिगों द्वारा दोपहिया और तिपहिया (बैट्री चालित ई-रिक्शा) वाहनों को खतरनाक गति से चलाते हुए देखा जा सकता है 7 इस ओर से नाबालिग वाहन चालकों के सगे - संबंधी जहाँ अपनी आँखें बंद किए हुए हैं वहीं क्षेत्रीय पुलिस भी उदासीन बनी हुई है

### खुले ट्रांसफार्मर से मंडरा रहा खतरा

**स्वतंत्र भारत मऊ।** विद्युत उपकेंद्र सूरजपुर के अंतर्गत आने वाले सरफोरा गाँव में खुले में रखा गया ट्रांसफार्मर ग्रामीणों की चिंता का सबब बना हुआ है। इसके चारों ओर सुरक्षा जाली तक न होने के कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।गाँव के पवन, पप्पू और शिवानंद पांडे सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि ट्रांसफार्मर के आसपास अक्सर बच्चे खेलते रहते हैं। बरसात के दिनों में पानी भरने से करंट फैलने का खतरा और बढ़ जाता है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर विभाग ने लापरवाही जारी रखी तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे। ग्रामीणों ने कहा कि कई बार शिकायत करने के बावजूद विभाग ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। लोग रोज़ाना खतरे के साए में जी रहे हैं। उन्होंने माँग की कि जल्द से जल्द मजबूत जाली लगाई जाए ताकि बच्चों और राहगीरों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।इस संबंध में विद्युत विभाग के एसडीओ दोहरीघाट ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। जल्द ही टीम भेजकर ट्रांसफार्मर के चारों ओर सुरक्षा जाली लगाई जाएगी। ग्रामीणों की सुरक्षा विभाग की प्राथमिकता है।

### प्लास्टिक के खिलाफ सर्वोदय पी.जी. कॉलेज में चलाया गया अभियान



**स्वतंत्र भारत मऊ।** सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलीथिन को अपने दैनिक जीवन से हटाने एवं पर्यावरण को सुरक्षित करने के मुख्य उद्देश्य से महाविद्यालय परिसर में प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये प्राचार्या प्रो. वंदना पाण्डेय ने कहा कि हर साल 93 लाख टन प्लास्टिक कचरा पैदा होता है तथा इसकी 85त्न कचरा महासागर में जा गिरता है जो समुद्री जीव जंतुओं को नुकसान पहुंचा रहा है पिछले 50 वर्षों में प्लास्टिक का उत्पादन 22 गुना से अधिक बढ़ गया है उन्होंने प्लास्टिक का पूर्णतया त्याग करने की अपील की एवं कृषि संकाय के प्राध्यापको द्वारा बताया गया की प्लास्टिक मिट्टी में सैकड़ो वर्षों तक दबे रहते हैं जिसके कारण पर्यावरण का क्षरण होता है जिससे मिट्टी की गुणवत्ता खराब होती है और वह खेती के लायक नहीं रहती ।इसलिए प्लास्टिक उपयोग न करने का संकल्प लिया गया तथा इसके स्थान पर वैकल्पिक चीज जैसे पेपर के कप, पेपर ग्लास ,पत्तों से बने दोने , जूट के बैग व मिट्टी से बने कुल्हड़, लकड़ी से बने उत्पाद आदि का उपयोग किया जाए कार्यक्रम में डॉ. धनंजय शर्मा, नितिल कुमार श्रीवास्तव , अजय मिश्र , चंदन कुमार मिश्र, अमर नाथ जयसवाल, ज्ञान प्रकाश पांडे एवं राहुल त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

### 01 से 07 सितम्बर तक मुख्य सेविकाएं ऑनलाइन करें जनपदों का आवंटन

**स्वतंत्र भारत मऊ।** जिला कार्यक्रम अधिकारी अजीत कुमार सिंह ने बताया कि उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा घोषित परिणाम तथा चयनित अभ्यर्थियों के अभिलेखीय परीक्षण के उपरान्त जनपद मऊ की कुल 48 नव चयनित मुख्य सेविकाओं को दिनांक 27 अगस्त 2025 को कलेक्ट्रेट सभागार में नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। चयनित मुख्य सेविकाओं की जनपद में तैनाती हेतु उनके द्वारा जनपदों की वरीयताएं प्रस्तुत करने हेतु विभाग द्वारा आनलाइन पोर्टल लिंक द्धह्लह्लश्च-// द्बष्स्रह्यश्चह्लद्धद्धद्दह्लठ्ठष्ह्र.ह्वश्चह्यस्रष्.द्दश्1.द्बठ्ठ/ विकसित किया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त विकसित पोर्टल दिनांक 01 सितम्बर 2025 से 07 सितम्बर 2025 तक रात्रि 12:00 बजे के मध्य तक संचालित किया जायेगा। अभ्यर्थियों को निर्धारित पोर्टल लिंक पर जाकर अपने मोबाइल नंम्बर पर प्राप्त ओ0टी0पी0 के माध्यम से लागिन किया जाना, सफल लागिन पर नव चयनित मुख्य सेविकाओं को पोर्टल पर विभाग द्वारा उपलब्ध रिक्तियों हेतु निर्धारित जनपदों के लिए वरीयता चुनकर भरना होगा। पोर्टल पर उपलब्ध सभी जनपदों की वरीयताएं भरना अनिवार्य है। वरीयताएं सफलतापूर्वक भरने के उपरान्त सम्बन्धित के मोबाइल पर एस0एम0एस0 भी प्राप्त होगा। उक्त निर्देश के क्रम में जनपदों का आवंटन परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर होगा। पोर्टल पर विकल्पों को लॉक करने से पहले चयनित जनपद की वरीयताओं का संशोधन करने का विकल्प भी होगा, वरीयताएं लॉक होने के बाद पोर्टल में और कोई बदलाव नहीं किया जा सकेगा।

# मड़ियाहूं तहसील बार एसोसिएशन का चुनाव संपन्न, घनश्याम मिश्र अध्यक्ष निर्वाचित



**मड़ियाहूं जौनपुर।** तहसील बार एसोसिएशन चुनाव में अधिवक्ताओं के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। मतगणना पूरी होने के बाद अधिवक्ता घनश्याम मिश्रा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी वरिष्ठ अधिवक्ता के.के. सिंह को हराते हुए 19 मतों से जीत दर्ज की और अध्यक्ष पद अपने नाम किया। वहीं महामंत्री पद पर चुनाव बेहद रोमांचक रहा। अधिवक्ता अशोक कुमार यादव ने 58 मत हासिल कर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी अधिवक्ता बृजलाल यादव (बीएल) को 11 मतों से परास्त किया। इस पद पर रामप्यारे मौर्या को 37, श्रीप्रकाश मिश्रा को 22 और सुरेंद्र कुमार यादव को 33 मत मिले। निर्वाचन अधिकारी अधिवक्ता रामलखन पटेल तथा सहायक के रूप में सूबेदार यादव, सुरेश कुमार, रामधारी यादव, शिवाजी यादव और नंदकिशोर यादव की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। घोषणा के साथ ही विजयी प्रत्याशियों के समर्थकों में उत्साह की लहर दौड़ पड़ी और अधिवक्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया।

## यूरिया की भारी किल्लत से परेशान किसान

**मछलीशहर जौनपुर।** क्षेत्र के किसानों को इन दिनों खेती की मुख्य जरूरत ङ्क यूरिया ङ्क के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मछलीशहर विकास खंड अंतर्गत साधन सहकारी समिति, रामपुर चौधार में यूरिया की भारी किल्लत के चलते किसानों की लंबी-लंबी कतारें सुबह से ही देखने को मिल रही हैं। हालात ऐसे हैं कि यूरिया का वितरण पुलिस की निगरानी में किया जा रहा है, ताकि भीड़ को नियंत्रित किया जा सके और कोई अव्यवस्था न फैले। सिर्फ रामपुर चौधार ही नहीं, जनपद की अधिकांश सहकारी समितियों में भी यही स्थिति बनी हुई है। किसानों का आरोप है कि समय पर यूरिया न मिलने से उनकी फसलें खराब होने की कगार पर हैं। खेतों में धान व अन्य खरीफ फसलों के लिए यह समय खाद डालने का सबसे अहम दौर होता है, लेकिन यूरिया न मिलने से किसान बेहद चिंतित हैं। लाइन में खड़े ग्राम करियाँव के किसान रामबचन यादव बताते हैं, ÷हम सुबह 4 बजे से लाइन में लगे हैं।

# मुख्यमार्ग पर जमा है घुटने भर पानी ग्रामीणों का आना जाना प्रभावित



**जफराबाद जौनपुर।** क्षेत्र के जमैथा गांव अखड़ो घाट पूल मार्ग पर जाने वाली सड़क पर बरसात का पानी घुटने के ऊपर तक जमा है।लोगों को आने जाने में काफी दिक्कत हो रही है। जमैथा से धर्मापुर तक जाने वाले ऊक्त सड़क से सैकड़ो लोग कचहरी,शहर,स्कूल कालेज आते जाते हैं।शनिवार की शाम को हुई बरसात के चलते लोगों का आना जाना ठप हो गया।गांव के लोग आवश्यक कार्य भी नही कर पाए।पुरूष सदस्य तो किसी प्रकार आवश्यक कार्य से घर से निकल गए थे।परंतु महिलाओं बच्चों का गांव से निकलना सम्भव नही हुआ।इस बरसात के जमा पानी से जमैथा गांव के सैकड़ों घरों के अलावा चाचकपुर,नाथुपुर रामनगर सहित अन्य गांव के लोगों को काफी दिक्कत हो रही।गांव के लोग काफी परेशान हैं।

## अब्दुल अज़ीज़ अंसारी डिग्री कॉलेज में क्षेत्राधिकारी ने किया वितरण

**शाहगंज।** जौनपुर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत छात्रों को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन अब्दुल अज़ीज़ अंसारी डिग्री कॉलेज मज़डीहा में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे क्षेत्राधिकारी (सीओ) शाहगंज अजीत सिंह चौहान ने छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्राधिकारी ने कहा कि वर्तमान समय में डिजिटल माध्यम शिक्षा का सबसे प्रभावी साधन बन चुका है। स्मार्ट फोन मिलने से विद्यार्थियों को न केवल ऑनलाइन अध्ययन सामग्री तक पहुंच मिलेगी, बल्कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी सरल हो जाएगी। इसके पूर्व कार्यक्रम का क्षेत्राधिकारी ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महाविद्यालय के सचिव अजबर बेग ने बुके देकर उनका स्वागत किया। कॉलेज की प्रबन्धक कहकशां खान ने क्षेत्राधिकारी का स्वागत करते हुए कहा कि यह पहल छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक सार्थक कदम है।

## अपहरण के मुकदमे से सम्बन्धित वांछित 03 आरोपी गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत मऊ।** पुलिस अधीक्षक जनपद मऊ के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 30 अगस्त को थाना मुहम्मदाबाद पुलिस द्वारा क्षेत्र व चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर भुजहीं मोड़ पुलिया के पास से वांछित अभियुक्तगण यशवंत विश्वकर्मा उर्फ भोला पुत्र बासुदेव विश्वकर्मा ग्रा0 सिंह पुर थाना मेंहनगर जनपद आजमगढ़ उम्र करीब 22 वर्षस दूसरे ने अपना नाम अजय वर्मा पुत्र संजय वर्मा निवासी सिंहपुर थाना मेंहनगर जनपद आजमगढ़ उम्र करीब 26 वर्ष तीसरे ने अपना नाम ओमप्रकाश यादव उर्फ शेरू पुत्र विजेन्द्र यादव निवासी ग्राम खरिहानी थाना तरवां जनपद आजमगढ़ उम्र करीब 20 वर्ष को गिरफ्तार किया गया । कड़ाई से पूछताछ में उक्त अभियुक्तो द्वारा बताया गया किं हम लोग 26 अगस्त को आशुतोष त्रिपाठी उर्फ अंशू मास्टर के बुलाने पर उसकी गाड़ी से करहां के पास भैंसहां आये थे जहां आशुतोष त्रिपाठी बताया था कि यहीं ग्राम चकजाफरी का रहने वाला सोनू कुमार पुत्र भोला प्रसाद जो सफेदा कटवाने का काम कराता हैं

# जौनपुर वीबीएस पी यूनिवर्सिटी प्राचार्य परिषद का गठन

**स्वतंत्र भारत ग़ाज़ीपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के प्राचार्य परिषद का गठन आज जौनपुर में गोल्डन ट्री होटल में सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। इस अवसर पर परिषद के सभी सदस्यों ने भाग लिया और नये पदाधिकारियों का चयन किया गया। चुनाव प्रक्रिया में स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ0) राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। प्रोफेसर सुरेश कुमार पाठक महामंत्री, प्रोफेसर शंभू नाथ चौहान उपाध्यक्ष, प्रोफेसर सुधाकर सिंह संयुक्त मंत्री और प्रोफेसर बृजेश कुमार जायसवाल को कोषाध्यक्ष के रूप में सर्वसम्मति से निर्वाचित घोषित किया गया। बैठक में प्रोफेसर अरुण कुमार सिंह, प्रोफेसर मिथिलेश पाण्डेय, प्रोफेसर सुनील सिंह, प्रोफेसर राकेश कुमार पाण्डेय, प्रोफेसर विजय कुमार राय, प्रोफेसर दिवाकर सिंह, और प्रोफेसर अजय कुमार शुक्ला सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रोफेसर राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने सभी प्राचार्यों के प्रति हार्दिक आभार एवं कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए कहा कि ÷यह प्राचार्य परिषद विश्वविद्यालय के शैक्षणिक और प्रशासनिक विकास के लिए एकजुट होकर कार्य करेगी। हम सभी मिलकर शिक्षा के क्षेत्र में नए मानदण्ड स्थापित करने और विद्यार्थियों के हित में कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।÷ नवनिर्वाचित महामंत्री प्रोफेसर सुरेश कुमार पाठक ने सभी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि प्राचार्य परिषद सभी के हितों का संरक्षण करते हुए विश्वविद्यालय के शैक्षणिक उत्थान में हर स्तर पर सहयोग के लिए तत्पर रहेगी। यह गठन विश्वविद्यालय के अधिकारियों एवं प्राचार्यों के बीच समन्वय और सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। ज्ञातव्य है कि महाविद्यालयों में स्थायी प्राचार्य नहीं रहने के कारण प्राचार्य परिषद का गठन काफी दिनों बाद आयोग से नियुक्त होकर आये प्राचार्यों द्वारा किया गया है।

## जर्जर बिजली तारों से हादसे का खतरा, ग्रामीणों में आक्रोश

**स्वतंत्र भारत मऊ।** विकासखण्ड रानीपुर ब्लॉक के हिरनपुर सबस्टेशन के अंतर्गत आने वाले ग्राम कारका मौर्या बस्ती में बिजली की जर्जर व्यवस्था आए दिन हादसों को दावत दे रही है। गाँव के आधे हिस्से में नई केबल बिछा दी गई है, जबकि शेष हिस्से में अब भी पुराने और टूटने की कगार पर पहुँचे बिजली के तार लटके हुए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि किसी भी दिन कोई बड़ा हादसा हो सकता है। तारों की हालत इतनी खराब है कि हल्की हवा या बारिश में भी वे टूट कर गिर जाते हैं। इससे ग्रामीणों में भय का माहौल है। गाँव के जितेंद्र मौर्य, सुवास चौहान, अमादेव मौर्य, सुवास भोई और रागोड़ मौर्य सहित कई ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से मांग की है कि गाँव के शेष हिस्से में भी जल्द से जल्द जर्जर तारों की जगह सुरक्षित केबल बिछाई जाए। यदि समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी विभाग की होगी।

# अपर जिलाधिकारी ने मेडिकल स्टोर्स की दुकानों पर सतत् निगरानी रखे जाने के दिए निर्देश

**जौनपुर।** जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में अपर ज़िलाधिकारी (वि0/रा0) राम अक्षयबर चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एन- कोर्ड की जनपद स्तरीय समिति की बैठक शुक्रवार सायं संपन्न हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने मेडिकल स्टोर्स की दुकानों पर सतत् निगरानी रखे जाने के निर्देश दिए, जिससे वहां पर प्रतिबन्धित दवाओं / वस्तुओं की बिकी कदापि न होने पाये किसी भी प्रकार के उल्लघंन के मामलों मे संबंधित दुकानों के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु भी विचार-विमर्श किया जाए। सार्वजनिक एवं दूरस्थ / सूनसान स्थानों पर जहाँ ड्रग्स की बिक्री की सम्भावना हो वहाँ पर जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन के साथ ही निर्देशित किया कि ऐसे स्थलों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए नियमित पेट्रोलिंग भी कराई जाये। गोमती घाट एवं अन्य घाट के आस-पास ड्रग्स की बिक्री की जांच हेतु निरीक्षण व आकस्मिक चेकिंग कराए जाने के निर्देश अपर ज़िलाधिकारी द्वारा दिये गए। उन्होंने कहा कि अस्पतालों, विद्यालयों एवं रेलवे / बस स्टेशनों के आस-पास पान मसाला, गुटका /दोहरा बेचने वाली दुकानों की चेकिंग/जांच किया जाय तथा पूर्ण रूप से जनपद में दोहरे की बिक्री पर रोक लगायी जाय। नियमित रूप से पुलिस पेट्रोलिंग व संयुक्त टीमों द्वारा सघन छापेमारी कर कड़ी कार्यवाही भी करे। ड्रग्स की तस्करी एवं परिवहन पर अंकुश लगाने हेतु विभिन्न राष्ट्रीय / राज्य राजमार्गो एवं संदिग्ध स्थानों पर संयुक्त टीम द्वारा चेकिंग किये जाने, जनपद में अवैध मादक पदार्थो यथा भांग व अफीम की खेती को समूल नष्ट कराए जाने, ड्रग्स पीड़ित व्यक्तियों के उपचार एवं नशे की लत छुड़ाने के संबंध में अस्पतालों मे व्यवस्था कराने, ड्रग पीड़ित व्यक्तियों के पुनर्वास के संबंध में यथावश्यक कार्यवाही किए जाने पर चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला आबकारी अधिकारी, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, एआरएम रोडवेज सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बस सुविधा की मांग को लेकर सौंपा गया ज्ञापन



**स्वतन्त्र भारत जमानियां (गाज़ीपुर)।** रोडवेज बसों के अभाव से जूझ रहे जमानियां तहसील क्षेत्र के लोगों की सुविधा हेतु शनिवार को राष्ट्रीय मानवाधिकार एण्ड एंटी करप्शन मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. वसीम रज़ा के नेतृत्व में जिलाधिकारी को संबोधित मांग पत्र उपजिलाधिकारी ज्योति चौरसिया को सौंपा गया। ज्ञापन में जमानियां से वाराणसी तक प्रतिदिन बसों का संचालन, जमानियां रेलवे स्टेशन से वाराणसी, गाज़ीपुर व चंदौली जनपद हेतु सीधी बस सेवाएं, तथा भदौरा, सैदपुर, शेरपुर सहित विभिन्न ब्लॉकों को जोड़ने वाली बस सेवाएं शुरू करने की मांग रखी गई। डॉ. रज़ा ने कहा कि बसों के अभाव में छात्र-छात्राएं, मरीज, व्यापारी और श्रद्धालु भारी कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। रोडवेज बसें शुरू होने से क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। इस मौके पर डॉ. इस्तियाक अहमद, राम रतन जयसवाल, हिमांशु प्रजापति, मुन्नवर अली, सुधीर, मोहन राम, राम दरस, वेदप्रकाश व सोनम शर्मा मौजूद रहे।

## मृतक के परिजनों को दी जाए 50-50 लाख : उषा जायसवाल

**जौनपुर।** बीते दिनों शहर के मछलीशहर पड़ाव स्थित बिजली के खंभे में करंट आने और नाले में डूबकर मरने की घटना में मृतक शिवा गौतम के कुल्हनामऊ आवास पर नगर पालिका परिषद की पूर्व अध्यक्ष प्रत्याशी एवं प्रदेश सचिव समाजवादी महिला सभा उषा जायसवाल ने पहुंचकर उनका हाल-चाल जाना। श्रीमती जायसवाल ने बताया कि उनकी खराब आर्थिक दशा को देखते हुए पता चला कि उनके घर खाने पकाने की कोई व्यवस्था नहीं है। परिवार घटना के दिन से बहुत ही बदहाल स्थिति में जी रहा है जिसको देखते हुए तत्काल शिवा गौतम के परिवार को गैस चूल्हा व गैस सिलेंडर सहित अन्य खान पान की सामग्री उपलब्ध कराई गई। यह वादा किया कि हर सुख दुख में हक अधिकार के लिए आपके साथ खड़े रहेंगे और प्रशासन से यह मांग करेंगे कि इस परिवार की आर्थिक दशा तथा दो और पीड़ित परिवारों की आर्थिक दशा को देखते हुए सभी को आर्थिक सहायता के रूप में 50-50 लाख रुपये मुआवजा व सभी परिवारों को एक-एक नौकरी की व्यवस्था बनाई जाए।

# हॉकी के जादूगर विश्व प्रसिद्ध खिलाड़ी ध्यानचंद के जन्मदिन पर वृहद खेल एवं फिटनेस क्रियाकलापों का आयोजन



**स्वतन्त्र भारत ग़ाज़ीपुर।** गाजीपुर हॉकी के विश्व प्रसिद्ध जादुगर मेजर ध्यानचन्द जी के जन्मदिवस (29 अगस्त) के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय खेल दिवस, 2025 के अवसर पर वृहद खेल एवं फिटनेस क्रियाकलापों का आयोजन कराया गया, जूनियर वर्ग बालको की खो-खो एवं बालक/बालिकओ की बैडमिण्टन प्रतियोगिता का आयोजन नेहरु स्टेडियम गोराबाजार गाजीपुर के प्रांगण में किया गया। इस प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण के मुख्य अतिथि मा0 नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सरिता अग्रवाल के कर कमलो द्वारा किया गया, इस अवसर पर सर्वदेव सिंह यादव सेवानिवृत क्रीड़ाधिकारी, दिलीप कुमार जिला युवा कल्याण अधिकारी गाजीपुर, प्रबन्धक विपिन बिहारी राय बी0एस0डी0 पब्लिक स्कूल रेवतीपुर, भूतपूर्व हॉकी कोच नफीस अहमद, भाजपा कार्यालय प्रभारी राजन प्रजापति अवधेश कुमार कुशवाहा, राजेश्वर चौहान, अश्वनी राय, पारसनाथ सिंह, मो0 मोईन जिला फुटबाल संघ अतिरिक्त सचिव गाजीपुर, योगेन्द्र कुमार, प्रेमचन्द यादव, विनोद कुमार जायसवाल, योगेन्द्र सिंह, प्रदीप राय, विजय यादव, अंजनी वर्मा, शिवानी राय, अंशु राय,दिनेश राय, अजय राय, एवं समस्त स्टाप उपस्थित रहें। खो-खो प्रतियोगिता श्री राधेश्याम सिंह यादल खो-खो प्रशिक्षक की देख-रेख में किया गया जिसमें जनपद के कुल 10 टीमो ने प्रतिभाग किया, इस प्रतियोगिता का पहला सेमीफाईनल मैच नेहरु स्टेडियम गाजीपुर (ए) बनाम नन्द किशोर सिंह इण्टर कालेज गाजीपुर के मध्य खेला गया, जिसमें नेहरु स्टेडियम गाजीपुर 16 अंको से विजयी होकर फाईनल में अपनी जगह बनायी, दुसरा सेमीफाईनल मैच शाहफैज पब्सिक स्कूल बनाम बी0एस0डी0 पब्लिक स्कूल रेवतीपुर के मध्य खेला गया, जिसमें शाहफैज पब्सिक स्कूल गाजीपुर 16 अंको से विजयी होकर फाईनल में अपनी जगह बनायी, इस प्रतियोगिता का फाईनल मैच शाहफैज पब्सिक स्कूल गाजीपुर बनाम नेहरु स्टेडियम गाजीपुर के मध्य खेला गया, जिसमें नेहरु स्टेडियम गाजीपुर 21-16 से विजयी होकर खिताब पर अपना कब्जा जमाया । बैडमिण्टन प्रतियोगिता श्री चन्दन यादल बैडमिण्टन प्रशिक्षक की देख- रेख में किया गया जिसमें जनपद के कुल 55 बालक/बालिकाओ ने प्रतिभाग किया ।

# नगर की सरकार आपके द्वार की हो रही प्रशंसा

## महापौर गिरीशपति त्रिपाठी के इस कार्यक्रम से साठों वार्डों में हो रही है विशेष चर्चा, जनता की समस्याओं का हो रहा समाधान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** अयोध्या नगर निगम के महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी पूरे नगर में चर्चा का विषय बने हुए हैं। उन्होंने नगर की सरकार आपके द्वार का कार्यक्रम सभी वार्डों में रखकर यह साबित कर दिया है कि जनता की समस्या का समाधान तुरन्त हो रहा है। करीब दो साल बीत जाने के बाद भी आज नगर निगम अयोध्या का ग्राफ बढ़ता ही जा रहा है। एक वार्ड की जनता, गुरु प्रसाद ने कहा कि महापौर का कार्य बहुत ही अच्छा है और वह निष्पक्ष रूप से जनता की सेवा कर रहे हैं। वार्ड का एक ही विशेष व्यक्ति अपना नाम न छापने की शर्त पर बताया कि महापौर जी महंत के साथ-साथ जनता की सेवा करते रहते हैं। वह अपने घर पर भी सुबह के समय जनता से मिल करके उनकी समस्याओं का समाधान करते रहते हैं। सुबह उठ करके शाम तक, यूं कहें कि रात तक जनता की सेवा में लगे



रहते हैं। जिससे जनता महंत महापौर जी से बहुत खुश नजर आ रही है। महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने साठ वार्डो में जो आखिरी वार्ड 41 बने हैं उनमें भी जा करके विकास का कार्य बहुत तेजी से करवाने जा रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मार्च के पहले यह कार्य सम्पन्न हो जायेगा। अभी हाल ही में नगर निगम की टीम के साथ उन्होंने 41 गांव का निरीक्षण किया और वहां के निवासियों से पूछा भी कि क्या समस्यायें हैं। सभी लोगों ने अपनी समस्या लिखित व मौखिक नगर आयुक्त के माध्यम से महापौर को बता दिया गया। वहां की भी जनता चाहती है कि अगर हमसे वाटर टैक्स, हाउस टैक्स लिया जा रहा है तो उसी हिसाब से विकास होना चाहिए। वहां की जनता ने महापौर से कहा कि टैक्स ज्यादा न लगे इस पर विशेष ध्यान दिया जाय, तो उन्होंने कहा कि अगर किसी के साथ नाइंसाफी नगर निगम के कर्मचारी करते हैं तो पहली बार मैं दंडित करूंगा, उसके बाद जो सही रूप से टैक्स होगा मैं जनता के हित में लगाऊंगा। उन्होंने कहा कि बड़ी तपस्या करने के बाद ईश्वर ने मुझे नगर की सेवा करने के लिये कहा है। मैं निष्पक्ष और स्वच्छ रूप से सेवा करता रहूंगा। किसी वार्ड में गंदगी नहीं होने पायेगी। मैं नगर वासियों को यह बताना चाहता हूं कि कोई भी दिक्कत नगर निगम में है तो मुझसे सीधे सम्पर्क कर सकते हैं, उनका समाधान मैं तुरन्त करा दूंगा। सुरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव

# सूर्यकुंड मेला आज, तैयारी पूरी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** दर्शननगर स्थित सूर्यकुंड पर लगने वाले ऐतिहासिक मेले की तैयारियों का शनिवार को विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ एसडीएम सदर राम प्रसाद त्रिपाठी और सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी भी मौजूद रहे। मेला 31 अगस्त को आयोजित होगा। निरीक्षण के दौरान भीड़ प्रबंधन, श्रद्धालुओं की सुविधाएं, साफ-सफाई, पेयजल, स्वास्थ्य सेवाएं और वाहन पार्किंग की व्यवस्था सहित अन्य विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि सूर्यकुंड का मेला अयोध्या की आस्था और परंपरा से जुड़ा हुआ है। यहां हर साल हजारों श्रद्धालु दूर-दराज से पहुंचते हैं। हमारी जिम्मेदारी है कि उन्हें सुगम व सुरक्षित वातावरण मिले। प्रशासन और स्थानीय निकाय को मिलकर इस बार की तैयारियों को और बेहतर



बनाना होगा। श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, यही हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त पार्किंग स्थल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। भीड़ नियंत्रण के लिए बैरिकेडिंग और सुरक्षा बलों की तैनाती की जाए। साथ ही स्वास्थ्य शिविर और एम्बुलेंस की व्यवस्था भी समय से सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान विधायक ने स्थानीय लोगों और दुकानदारों से भी बातचीत कर सुझाव लिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरे, इसके लिए सभी स्तर पर समन्वय बनाकर कार्य किया जा रहा है। विधायक ने भरोसा दिलाया कि इस बार का सूर्यकुंड मेला श्रद्धालुओं के लिए पहले से अधिक सुव्यवस्थित और सुरक्षित होगा। मौके पर भाजपा पदाधिकारी व विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# चौदह कोसी व पंचकोसी परिक्रमा का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने पंचकोसी व चौदह कोसी परिक्रमा मार्ग का कल देर रात्रि निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने उदया तिराहा से प्रारम्भ होकर झुनकी घाट, हनुमान गुफा परमा एकेडमी होते हुए हलकारा का पुरवा पर समाप्त हुआ। निरीक्षण के दौरान गैस गोदाम स्थित कांशीराम कालोनी के सामने ड्रेन/डक्ट का शेष कार्य पूर्ण करते हुए एक सप्ताह में चौड़ीकरण का कार्य कराया जाय। मीडियन मे मिट्टी भराई का कार्य अतिशीघ्र पूर्ण कर लिया जाय। जहा पर डी0बी0एम0 स्तर तक कार्य पूर्ण हो गया है वहां पर मीडियन का निर्माण करते हुए मिटटी भराई का कार्य पूर्ण कराया जाय। पंचकोसी के सम्पूर्ण चैनेज में डी0बी0एम0 स्तर तक का कार्य माह सितम्बर 2025 तक पूर्ण करा दिया जाय। परिक्रमा मार्ग के निर्माण कार्य को मानक एवं विशिष्टयों के अनुरूप गुणवत्तापरक



पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया। यह भी स्पष्ट किया गया कि परिक्रमा मार्ग के निर्माण कार्य को आगामी माह अक्टूबर 2025 में जनपद अयोध्या का प्रान्तीयकृत दीपोत्सव, चौदह कोसी व पंचकोसी परिक्रमा मेले के आयोजन से पूर्व पूर्ण करा लिया जाये, ताकि समय से उक्त प्रान्तीयकृत मेलो का ससमय आयोजन किया जा सके। उक्त निरीक्षण में कार्यदायी संस्था के अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता, निर्माण खण्ड-3, लो0नि0 वि0, अयोध्या एवं अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता, जल निगम (नगरीय) प्रथम, अयोध्या तथा अन्य अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहें।

# राष्ट्रीय लोकदल ने की बैठक




**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** राष्ट्रीय लोकदल प्रदेश कार्यालय में पूरे प्रदेश से आए प्रदेश पदाधिकारीयों, क्षेत्रीय अध्यक्षों, मंडल अध्यक्षों, जिला अध्यक्षों व पदाधिकारियों की समीक्षा बैठक में दिल्ली से चलकर आए मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी और प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय की अध्यक्षता मे आयोजित बैठक मे शामिल हुआ और अपना सुझाव व्यक्त किया। बैठक में राष्ट्रीय लोक दल जिला अध्यक्ष बलराम यादव, जिला महासचिव संगठन राम शंकर वर्मा, अवध क्षेत्र एससी एसटी प्रकोष्ठ क्षेत्रीय अध्यक्ष बेचू लाल ज्ञान, जिला उपाध्यक्ष अवधेश राव, युवा प्रदेश सचिव सुरजीत वर्मा, जिला सचिव राम जियावान वर्मा शामिल हुए।

# मॉनीटरिंग स्टेशन से लाभान्वित होगा पूर्वांचल : शाही

**स्वतंत्र भारत कुमारगंज (सं.)** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में शनिवार को एक अत्याधुनिक रियल-टाइम एंबिएंट एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन की स्थापना की गई। इसका उद्घाटन कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा किया गया। यह स्टेशन, जो विश्वविद्यालय परिसर में रणनीतिक रूप से स्थापित किया गया है। क्षेत्रीय स्तर पर वायु गुणवत्ता की निगरानी करने वाला अपनी तरह का पहला उच्च क्षमता युक्त अनुसंधान आधारित केंद्र है। इसकी मदद से वातावरण में मौजूद प्रमुख प्रदूषकों जैसे (नाइट्रोजन डाइऑक्साइड), (सल्फर डाइऑक्साइड), (कार्बन मोनो ऑक्साइड), (ओज़ोन) तथा तापमान, आर्द्रता, वर्षा, हवा की गति और दिशा जैसी जलवायु-संबंधी सूचनाएं रियल टाइम में रिकॉर्ड और विश्लेषित की जा सकेंगी। इस मौके पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि इस मॉनीटरिंग स्टेशन की स्थापना एक मील का पत्थर है। विवि के कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशन की स्थापना हमारे विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। यह न केवल वैज्ञानिक अनुसंधान को नई ऊँचाइयों तक ले




जाएगा, बल्कि हमारे विद्यार्थियों को भी व्यावहारिक ज्ञान और तकनीकी कौशल सिखाने में मदद करेगा। हम पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करते हुए, इस पहल के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग तक जागरूकता फैलाने का प्रयास करेंगे। यह केंद्र पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना करने के लिए आवश्यक वैज्ञानिक सूचनाओं का सटीक और समयोचित स्रोत साबित होगा। यह केंद्र न केवल विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं और छात्रों को वायु मंडलीय डेटा के साथ अनुसंधान के नए आयाम प्रदान करेगा, बल्कि उत्तर प्रदेश एवं आसपास के क्षेत्रों में पर्यावरणीय स्थितियों पर वैज्ञानिक आधारित नीति-निर्माण में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस मौके पर मौसम विभाग के विभागाध्यक्ष डा. सीताराम मिश्रा, कुलपति के सचिव डा. जसवंत सिंह व निदेशक शोध डा. सुशील कुमार सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# प्रतिनिधि मण्डल ने जिलाधिकारी से भेंट कर न्याय की किया मांग

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** राजश्री दशरथ मेडिकल कालेज अयोध्या के मेडिकल छात्र जौनपुर निवासी सागर पटेल जिसकी मेडिकल कालेज से सम्बन्धित छात्रावास में संदिग्ध अवस्था में मृत्यु हो गई थी के संबंध में अयोध्या के पूर्व मंत्री तेज नारायण पाण्डेय पवन और जौनपुर मुंगरा बादशाहपुर विधानसभा के विधायक पंकज पटेल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल और मृत छात्र के पिता समर बहादुर पटेल और परिजनों के साथ जनपद अयोध्या के जिलाधिकारी निखिल टीकाराम से भेट की। मृतक छात्र सागर पटेल के पिता ने एक लिखिए शिकायती/ प्रार्थना पत्र जिलाधिकारी अयोध्या को देकर अपने पुत्र सागर पटेल की हत्या का आरोप मेडिकल कालेज के प्राचार्य, और प्रोफेसर और कॉलेज प्रशासन पर लगाया और अपने पुत्र की हत्या किए जाने और प्रताड़ना किए जाने का आरोप भी लगाया और कहा की उनके पुत्र की हत्या के लिए कालेज का प्रबंधतंत्र दोषी है, अयोध्या के पूर्व विधायक



तेज नारायण पाण्डेय पवन ने कहा की एक होनहार मेडिकल छात्र का चला जाना दुखदायी है। इस घटना की निष्पक्ष जांच की और दोषियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर दोषियों को दंडित किए जाने की मांग भी पवन पाण्डेय ने की और कहा ऐसी घटना भविष्य में किसी छात्र के साथ दोबारा ना हो। इस सरकार में देश का भविष्य छात्र, नौजवान, महिला कोई सुरक्षित नहीं है। मृतक छात्र की लड़ाई समाजवादी पार्टी पूरी ईमानदारी से लड़ेगी। विधायक पंकज पटेल ने कहा की मृतक छात्र गरीब परिवार से था और अपने परिवार का इकलौता, मेधावी बेटा था उसका जाना दुखद है। महानगर प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया इस प्रतिनिधि मंडल में पूर्व विधायक पूर्व मंत्री तेज नारायण पाण्डेय पवन, विधायक मुंगराबादशाहपुर (जौनपुर) पवन पटेल, शावेज़ जाफरी एडवोकेट राष्ट्रीय महासचिव अधिवक्ता सभा, रामकरण यादव एडवोकेट, लाल बहादुर शुक्ला एडवोकेट, गोविंद यादव एडवोकेट, विजय प्रताप एड्, धर्मेंद्र यादव, सतीश वर्मा, दिलीप कुमार एडवोकेट, चंद्रभान गौतम एड्, शशिकांत विद्यार्थी एड्, शिवदयाल एड्, राज किशोर चौरसिया एडवोकेट अली अहमद, प्रमोद, राकेश कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

# स्पोर्ट डे पर बच्चों को दिया गिफ्ट

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** जूनियर दिल्ली स्कूल एवं दिल्ली पब्लिक सीनियर स्कूल फैजाबाद अयोध्या में इनर व्हील क्लब के सारे मुख्य मेंबर एवं डॉ. रजनीश विद्यालय आये। संचालिका शालू भल्ला एवं सभी अध्यापिकाओं ने आए हुए मुख्य अतिथि इनर व्हील क्लब की संग अध्यक्ष निशा गोयल, स्नेहलता, रेनू अग्रवाल, ललिता अग्रवाल, रेनू सिंघल, मंजू श्रीवास्तव, मीरा अग्रवाल और ऋचा कौशल एवं डॉ. रजनीश सभी अतिथियों का स्वागत किया। इनर व्हील क्लब कि महिलाओं द्वारा बच्चों के डेंटल चेक अप के साथ-साथ, स्पोर्ट डे पर बच्चों को बैडमिंटन लूडो कैरम आदि कई गिफ्ट बाटे गए। साथ ही डॉ रजनीश ने बच्चों को दांतों के महत्वपूर्ण कार्य एवं उनकी सफाई के बारे में बताया और उन्हें यह भी बताया कि हम अपने दांतों को किस तरह सुरक्षित रख सकते हैं तथा बच्चों को टूथब्रश, टूथपेस्ट, टंग क्लीनर और फ्रूटी आदि भी बांटा।

# भाजपा प्रशिक्षण कार्यशाला में डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने कार्यकर्ताओं का किया मार्गदर्शन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** आचार्य नरेन्द्र देव कृषि विश्वविद्यालय में भारतीय जनता पार्टी की तीन दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला में जिले के प्रभारी व कृषि मंत्री की विधानसभा पथरदेवा देवरिया के पदाधिकारी मौजूद रहे। शुक्रवार देर शाम शुरू हुए कार्यक्रम की प्रस्तावना कृषि मंत्री ने रखी। पहले दिन मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल सत्ता प्राप्त करने का साधन नहीं, बल्कि विचारधारा और संगठन के बल पर खड़ी हुई पार्टी है। भाजपा की स्थापना का आधार सेवा, संगठन और राष्ट्रहित रहा है। हर कार्यकर्ता को यह समझना होगा कि पार्टी का मूल मंत्र 'सबका साथ, सबका विकास' है और इसी आधार



पर हम समाज के अंतिम पायदान तक विकास पहुंचा रहे हैं। शनिवार को कार्यशाला के दूसरे दिन उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने पार्टी की उपलब्धियों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारतीय जनता पार्टी ने देश और प्रदेश की राजनीति की दिशा बदल दी है। केंद्र और प्रदेश की सरकार ने गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के लिए ऐतिहासिक योजनाएं लागू कीं। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के नेतृत्व में भारत विश्व पटल पर नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, बिजली, कानून-व्यवस्था सहित हर क्षेत्र में ठोस काम किया है। कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि वे इन उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाएं। प्रथम दिन क्षेत्रीय अध्यक्ष गोरखपुर सहजानंद राय ने एकात्म मानववाद विषय पर कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया। दूसरे दिन प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विजय बहादुर दूबे, प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता, आईटी प्रदेश संयोजक अंकित सिंह चंदेल, प्रदेश महामंत्री संजय राय सम्बोधित किया। रविवार को कार्यशाला का समापन होगा। समापन सत्र को प्रदेश महामंत्री धर्मपाल सिंह, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या तथा सहकारिता मंत्री जीपीएम राठौर सम्बोधित करेंगें। समापन के उपरांत सामूहिक रूप से रामलला का दर्शन किया जाएगा। कार्यशाला के दूसरे दिन जिलाध्यक्ष देवरिया भूपेंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, विधायक चंद्रभानु पासवान, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, विधानसभा पथरदेवा के मंडल पदाधिकारी तथा शक्ति केन्द्र संयोजक मौजूद रहे।

# काफिला जा रहा है वतन के लिए...



**स्वतंत्र भारत (अंबेडकरनगर)** जुलूसे अमारी के वार्षिक कार्यक्रम में इमाम जुमा व जमाअत मौलाना टांडा तहसील क्षेत्र के ग्राम दहियावर में शनिवार को अंजुमन अब्बासिया के तत्वावधान में आयोजित महफिल में मोहम्मद कमर आबिदी ने सुनाया, ...यह काफिला जब अपने वतन मदीना से चला था, तो क्या शान थी, क्या रौनकें थीं। उन्होंने आगे कहा अहले हरम का यही काफिला जब कर्बला से जाने के लिए तैयार है तो न हुसैन हैं, न अब्बास हैं, न अकबर हैं और न कासिम। हरफ वीरानी तथा हू का आलम है। उससे पहले दस्तए मासूमिया बड़ागांव-घोसी के शायर व नौहाखान मौलाना शफकत तकी ने मौला गाजी हजरत अब्बास अलैहिस्सलाम के प्रतीकात्मक आस्ताने पर नौहा पढ़ा कर्बला में कयामत का एक शोर है, काफिला जा रहा है वतन के लिए। दे दिया फातिमा का भरा गुल्सितां, कर्बला तेरे उजड़े चमन के लिए। आरिफ अनवर अकबरपुरी एवं जाहिद अब्बास के संचालन में नौहोमातम के सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए अंजुमन हैदरी साखनी-बुलंदशहर के नौहाखान चांद फैजी ने पढ़ा जमीं पे इतने ऊंचे हैं कि रश्के आसमां हैं हम, दुआ जहरा ने जिसको दी वो नस्ले जावेदां हैं हम। जबकि अंजुमन पैगामे अली अकबर लखनऊ के नौहाखान अली मूसा व हमनवा ने नौहा प्रस्तुत किया। शाहिद हुसैन जैदी, सुहैल अब्बास, रजा जैदी, अलमदार हुसैन उर्फ सोनू, अजादार हुसैन, शब्बर, अज्जे, नन्हें, सदफ, आलम जैदी आदि ने मेहमाननवाजी की मिसाल पेश किया।

# इंटर कॉलेज में आचार्य-आचार्या को दिया गया प्रशिक्षण



**स्वतंत्र भारत टांडा (सं.)** विवेकानंद शिशुकुंज इंटर कॉलेज विद्युत नगर के सभी आचार्य-आचार्या को अंग्रेजी विषय का प्रशिक्षण दिया गया। माह के अंतिम दिवस पर नोएडा से आये अंग्रेजी विषय में प्रशिक्षित आचार्य कन्हैया लाल ने कक्षा-कक्ष में अंग्रेजी विषय के प्रति बच्चों में रुचि उत्पन्न हो इस पर विचार रखा। कार्यक्रम के अंत में विद्या भारती द्वारा संचालित इस विद्यालय के प्रधानाचार्य रामतीरथ यादव द्वारा संस्कृति बोध परियोजना सम्पर्क अभियान की समीक्षा किया। साथ ही संकुल स्तरीय कार्यक्रम की तैयारी की समीक्षा करते हुए सभी आचार्य को तत्परता के साथ छात्र-छात्राओं के तैयारी में सहयोग की अपेक्षा किया। अंत में कल्याण मंत्र के साथ इस कार्यक्रम का समापन कराया गया।

# कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** जनपदीय विद्यालयी बालक बालिका कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय इंटर कॉलेज अयोध्या के संयोजन में संपन्न हुआ। अंदर -19 बालक वर्ग में जनपद के 10 विद्यालयी टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रथम सेमीफाइनल मुकाबले में बलदेव विद्यापीठ इंटर कॉलेज ने एस एस वी इंटर कॉलेज को 5 पॉइंट से पराजित किया दूसरे सेमीफाइनल मुकाबला में मनोहर लाल इंटर कॉलेज ने देव इंटर कॉलेज तरौली को 8 पॉइंट से पराजित किया। फाइनल मुकाबला बलदेव विद्यापीठ इंटर कॉलेज व मनोहर लाल इंटर कॉलेज अयोध्या के मध्य खेला गया जिसमें बलदेव विद्यापीठ ने मनोहर लाल इंटर कॉलेज को 7 पॉइंट से पराजित किया। अंदर 17 बालक वर्ग में सात विद्यालयी टीमों ने प्रतिभा किया। प्रथम सेमीफाइनल देव इंटर कॉलेज तरौली व राजकीय इंटर कॉलेज अयोध्या के मध्य खेला गया जिसमें राजकीय इंटर कॉलेज अयोध्या ने 17 पॉइंट से देव इंटर कॉलेज को पराजित किया। अंडर-19 बालिका वर्ग की प्रतियोगिता में पी डी पाण्डेय इंटर कॉलेज सुनैसा ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज अयोध्या को 6 पॉइंट से हराकर विजेता बनी।

# भाकियू ने जिला अस्पताल में किया रक्तदान और फलदान



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** भारतीय किसान यूनियन टिकैत अयोध्या जिला इकाई द्वारा शनिवार को संगठन के जिला उपाध्यक्ष रहे स्व0 अरविंद गोस्वामी की पहली पुण्यतिथि पर अयोध्या जिला अस्पताल मे रक्तदान शिविर के साथ एमरजेंसी वार्ड हड्डी वार्ड मे मरीजों को फल वितरण के साथ उनके पैतृक गांव मे भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर अरविंद गोस्वामी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें संगठन के लोगो ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। प्रदेश सचिव श्रीराम वर्मा ने कहा की संगठन मे अरबिंद गोस्वामी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। महिला बिंग की जिलाध्यक्ष सुमन पाण्डेय ने कहा जीवन बहुमूल्य है यह रक्तदान शिविर दूसरे लोगो की जिंदगी बचाने के लिये महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। जिलाध्यक्ष राम जनम वर्मा व युवा बिंग के जिलाध्यक्ष राम जनम यादव ने कहा की संगठन द्वारा शुरू किया गया यह कार्यक्रम अरबिंद गोस्वामी के लिये आदर्श एवं यादगार माना जायेगा। रकदान करने वालो मे रवि गोस्वामी के साथ उनके अन्य सहयोगी शामिल रहे। कार्यक्रम मे राम बरन, राम सूरत, नगर अध्यक्ष बाबूराम कोरी, राज कुमार, हरीराम मौर्या, रेखा वर्मा, श्रवण सैनी, गोलू गिरी, लालबहादुर वर्मा, मंजीत सरदार, कन्हैया लाल, सहित बड़ी संख्या मे संगठन कार्यकर्ता शामिल रहे।

# मतदाता पुनरीक्षण के कार्यों में जो भी कठिनाइयां आती हैं उसका निदान कराया जायेगा : सुरेंद्र

## विधायक ने मतदाता पुनरीक्षण कार्य के लिए दी जिम्मेदारी


देवरिया : बैठक करते विधायक सुरेंद्र चौरसिया।

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** शनिवार, मतदाता पुनरीक्षण कार्यों को लेकर भाजपा की बैठक रामपुर कारखाना विधानसभा के बरियारपुर नगर पंचायत में की गई। बैठक को संबोधित करते हुए रामपुर कारखाना के विधायक सुरेंद्र चौरसिया ने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के निमित्त सबसे प्रथम कार्य मतदाता सूची में नए मतदाताओं को जोड़ना तथा जो लोग अब नहीं है उनका सूची से नाम कटवाना अति आवश्यक है ताकि जो वैध मतदाता हैं उनको उनके अधिकारों से वंचित न होना पड़े । उन्होंने कहा कि मतदाता पुनरीक्षण के कार्यों में जो भी कठिनाइयां आती हैं उसे संबंधित से बात कर निदान कराने का कार्य किया जाएगा। मतदाता पुनरीक्षण के लिए रामपुर कारखाना विधानसभा के संयोजक व प्रदेश के पूर्व सदस्यता अभियान प्रभारी आनंद प्रकाश शाही ने कहा कि आगामी पंचायत चुनावों को देखते हुए हर बूथ और शक्तिकेंद्र तथा मंडल स्तर पर विभिन्न कार्यकर्ता तय किए गए हैं जो बूथों के बी एल ओ से संपर्क कर नए मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़वाएंगे । इस दौरान भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, बरियारपुर मंडल अध्यक्ष दिवाकर यादव, बैकुंठपुर मंडल अध्यक्ष राजेश कुशवाहा, रामपुर मंडल अध्यक्ष सत्यप्रकाश पांडे, पुरुषोत्तम पांडे, भटनी मंडल अध्यक्ष रोहित मिश्रा, आशीष पासवान, सुनील मधेशिया सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## किसानों को मिलेगा राई/सरसों का निःशुल्क बीज मिनीकिट

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** उप निदेशक कृषि सुभाष मौर्य ने बताया कि राज्य सहायतित निःशुल्क बीज मिनीकिट वितरण प्रसार कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद देवरिया को राई/सरसों बीज वितरण हेतु 191 क्विंटल निःशुल्क मिनीकिट का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग के पोर्टल पर पंजीकृत किसानों को मिनीकिट प्रदर्शन हेतु निःशुल्क बीज उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए किसानों को निर्धारित अवधि में ऑनलाइन आवेदन करना होगा। यदि लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होते हैं तो लाभार्थियों का चयन ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा।चयनित किसानों को पीओएस मशीन के माध्यम से निःशुल्क राई/सरसों बीज मिनीकिट उपलब्ध कराया जाएगा। मिनीकिट की बुकिंग 1 सितम्बर 2025 से 25 सितम्बर 2025 तक की समय सीमा के भीतर की जाएगी। किसान इसके लिए पोर्टल https://agridarshan.up.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# नपा अध्यक्ष ने किया विघ्नहर्ता श्री गणेश की पूजा-अर्चना

## कर्मचारियों ने पैदल यात्रा कर किया विसर्जन


देवरिया : नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता जायसवाल श्रीगणेशजी की मूर्ति का विसर्जन करने जाती।

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** नगरपालिका परिषद गौरा बरहज में स्थापित विघ्नहर्ता श्री गणेश जी की मूर्ति का नगर पालिका परिषद गौरा बरहज अध्यक्ष श्रीमती श्वेता जायसवाल और अध्यक्ष प्रतिनिधि श्यामसुंदर जायसवाल ने प्रातः काल विधि विधान से हवन, पूजन-अर्चन किया। इसके बाद गाजेबाजे के साथ भगवान श्री गणेश की मूर्ति का विसर्जन सरयू नदी में किया गया। इस दौरान अधिशासी अधिकारी श्रीमती निरुपमा प्रताप, अवर अभियंता अवनीश राय, प्रधान लिपिक मनोज गुप्ता, निर्माण लिपिक, लेखाकार, एस बी एम लिपिक, डिमांड लिपिक व समस्त नियमित एवं आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने पूरे हर्षोल्लास से श्री गणेश पूजन व मूर्ति विसर्जन के भाग लिया तथा पैदल यात्रा कर मूर्ति विसर्जन किया। इस दौरान नपा अध्यक्ष श्वेता जायसवाल ने कहा कि विघ्नहर्ता सभी के विघ्न बाधा को हर ले तथा सभी का मंगल करें। यही हमारी प्रार्थना है।

## खबर एक नजर

### स्कूल बस व ट्रेलर की आपस में भिड़ंत



**स्वतंत्र भारत (फरिहा) आजमगढ़।** शुक्रवार को दोपहर लगभग 2ः00 बजे थाना गंभीरपुर अंतर्गत श्रीरामगंज पूर्वांचल ढाबा के पास लालगंज थाना देवगांव की तरफ से आ रही ठाकुर विद्या मंदिर ग्लोबल स्कूल की बस नंबर क्क50 ष्टज्ञ 4461 तथा गोसाई की बाजार थाना गंभीरपुर की तरफ से वाराणसी की तरफ जा रही ट्रेलर नंबर क्क65स्नज्ञ9702 के अचानक आपस में टकरा जाने से स्कूल की बस सड़क के बगल में गड्ढे में पलट गई । जिससे बस में सवार लगभग 22 बच्चों में से 12 बच्चे सामान्य रूप से घायल हो गये। उक्त घटना की सूचना पर पहुंची थाना गंभीरपुर व 108 नंबर एम्बुलेंस की मदद से सामान्य रूप से घायल बच्चों को 100 शैया संयुक्त चिकित्सालय टीकरगाढ़ लालगंज भेज दिया गया है जहां पर एक्सीडेंट के दौरान घायल हुए बच्चों का इलाज चल रहा है। अस्पताल में बच्चों के परिजन पहुंच चुके हैं। मौके पर क्षेत्राधिकारी लालगंज मौक़े पर है।

### अवैध अस्पतालों पर भाजपा नेता का बड़ा आरोप



स्वतंत्र भारत आजमगढ़। जिले में धड़ल्ले से संचालित हो रहे अवैध अस्पतालों को लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता रमाकांत मिश्र ने मंडलायुक्त को ज्ञापन सौंपा और स्वास्थ्य विभाग व पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि विभागीय मिलीभगत से अवैध अस्पताल खुलेआम चल रहे हैं और इनकी लापरवाही से लोगों की जान जा रही है। मिश्र ने मंडलायुक्त को दिए शिकायती पत्र में फूलपुर स्थित यशलोक हॉस्पिटल और लालगंज स्थित आर्यन हॉस्पिटल का नाम लेते हुए कहा कि ये अस्पताल बिना पंजीकरण के ऑपरेशन और डिलीवरी जैसे गंभीर इलाज कर रहे हैं। उनका कहना है कि ऐसे झोलाछाप डॉक्टरों की वजह से आए दिन मौतें हो रही हैं और इस पूरे खेल में कुछ स्थानीय नेताओं का भी हाथ है। उन्होंने सवाल उठाया कि डिप्टी सीएमओ द्वारा कार्रवाई कर अस्पताल सील करने के अगले ही दिन ये अस्पताल कैसे फिर से खुल जाते हैं। क्या एक ही रात में इनके पास मान्यता और डिग्री आ जाती है? इससे साफ है कि स्वास्थ्य विभाग की मिलीभगत के बिना यह संभव नहीं है। कमिश्नर ने शिकायत पर गंभीरता दिखाते हुए अपर जिलाधिकारी को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। वहीं अतरौलिया में संचालित दर्जनों अस्पतालों के संदर्भ में पूछा गया तो रमाकांत मिश्र ने स्पष्ट कहा कि बिना रजिस्ट्रेशन चल रहे सभी अवैध अस्पतालों पर अब कार्रवाई होना तय है। उन्होंने चेतावनी दी कि आमजन की जिंदगी से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अब देखना यह होगा कि भाजपा नेता की शिकायत के बाद जिला प्रशासन इन अवैध अस्पतालों पर कितनी सख्ती दिखाता है।

# वॉलीबॉल का राष्ट्रीय कोच बनने के पर प्रथम आगमन में हुआ स्वागत



**स्वतंत्र भारत माहुल (आजमगढ़)।** स्थानीय नगर के वार्ड नं. तीन निवासी और हिन्द गर्ल्स कॉलेज की छात्रा रही निशा शर्मा का वालीबॉल का राष्ट्रीय कोच बनने के बाद शनिवार को प्रथम आगमन पर क्षेत्र के लोगों ने भव्य स्वागत। हिन्द गर्ल्स कॉलेज में उनके लिए स्वागत सम्मान का आयोजन किया। जहां पर वक्ताओं ने उनकी प्रतिभा का बखान किया। वालीबाल स्पोर्ट का राष्ट्रीय कोच बनने के बाद पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के फुलवरिया टोल नाके पर निशा शर्मा जैसे ही पहुंची क्षेत्र के लोगों ने उन्हें घेर लिया और पुष्पगुच्छ देकर और फूलमालाओं से लाद कर उनका स्वागत किया उसके बाद जब वे वहां से निकली तो उनके पीछे वाहनों की लंबी कतार लग गई और लोग निशा शर्मा जिंदाबाद का नारा लगाते हुए उनके पीछे हो लिए। जब वे वाहनों के काफिले के साथ हिन्द गर्ल्स कॉलेज परिसर में पहुंची। पूरा कालेज ही उनके स्वागत के लिए बेताब था। गेट के अंदर पहुंचते ही कालेज की छात्राएं करतल ध्वनि के साथ उन्हें मंच तक ले गई जहां कालेज के वालीबाल टीम की छात्राओं के साथ उपस्थित लोगों ने भव्य स्वागत किया। निशा शर्मा ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मिट्टी से मैट तक का उनका सफर संघर्ष भरा रहा। इस विद्यालय और इसके प्रबंधक सैयद आफताब हुसैन की कृपा से आज इस मुकाम तक पहुंची है। उन्होंने कहा कि मन में लगन और जज्बा हो तो कुछ भी असंभव नहीं।उन्होंने कालेज की छात्राओं से कहा कि आप को सोचना है कि कौन सा हिस्सा खोना है और कौन सा हिस्सा पाना है। जिस दिन आप इसको खोज लिए दुनिया में आप हमेशा सफल रहेगी।निशा शर्मा ने यह भी कहा कि महिला खिलाड़ियों की अपेक्षा पुरुष खिलाड़ियों को ट्रेनिंग देना आसान होता है क्यों कि महिला खिलाड़ियों की आंतरिक समस्या होती ।

उन्होंने कालेज की वालीबाल टीम का खर्च उठाने का बीड़ा उठाया । कालेज के प्रबंधक सैयद आफताब हुसैन को जैसे ही निशा शर्मा ने वालीबॉल भेंट किया वे भाव विभोर हो गए और उनका गला भर आया। इस अवसर पर नगर पंचायत माहुल के चेयरमैन लियाकत अली,पूर्व जिला पंचायत सदस्य नसीम अहमद, भाजपा गोरखपुर क्षेत्र युवा मोर्चा उपाध्यक्ष रानू राजभर, अमित पाल, निखिल शर्मा,शिवा शर्मा, अयूब अहमद, आशीष सिंह, सतीश सिंह, ओमप्रकाश सिंह,आदि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक डॉ हाफिज इरशाद और संचालन विजय बहादुर यादव ने किया।

# एड्स अनुभाग की बैठक का हुआ आयोजन


देवरिया : एड्स अनुभाग की बैठक।

**स्वतंत्र भारत देवरिया।**शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के धनवंतरी सभागार में एड्स अनुभाग की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें कम्युनिटी एडवाइजरी बोर्ड की बैठक एवं एड्स विभाग के मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर संजय कुमार रेड्डी, संजय तिवारी पर्यवेक्षक जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ राजेश कुमार, दिशा क्लस्टर के सीपीएम डॉक्टर नीतिश राय ने कम्युनिटी एडवाइजरी बोर्ड की बैठक का आयोजन का मुख्य उद्देश्य यह था कि प्रोग्रामेटिक मैपिंग साइज ऐस्टीमेशन जिसमें प्रमुख रूप से शहर में कितने यौन कर्मी कार्य कर रहे हैं उनकी गणना का आकलन के लिए किया गया। उपेंद्र तिवारी, बृजेश तिवारी, वात्सलय टी आई ए कार्यक्रम प्रबंधक किरन कुशवाहा, सत्य प्रकाश मिश्र सहित समस्त स्टाफ एवं आईसीटीसी स्टाफ उपस्थित रहे।

# वेदांता इंटरनेशनल स्कूल में इन्वेस्चर सेरेमनी का हुआ आयोजन



**स्वतंत्र भारत आजमगढ़।** वेदांता इंटरनेशनल स्कूल,आज़मगढ़ में आज इन्वेस्चर सेरेमनी का आयोजन बड़े ही उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रबंध निदेशक शिव गोविंद सिंह को एन.सी.सी. छात्रों द्वारा परेड के माध्यम से मंच तक लाकर की गई। तत्पश्चात मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर विधिवत शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर विभिन्न पदों हेतु चयनित छात्र-छात्राओं को सम्मानपूर्वक दायित्व सौंपे गए। इनमें हेड ब्वॉय के रूप में दिव्यांशु सिंह, हेड गर्ल के रूप में गरिमा यादव, चारों हाउस के कैप्टन एवं वाइस कैप्टन में। रेड हाउस से कप्तान गंगा सिंह वाइस कैप्टन कशिश वर्मा, ब्लू हाउस से खुशी सिंह वाइस कैप्टन निधत्री सिंह, ग्रीन हाउस से हाउस कैप्टन प्रांजल सिंह वाइस कैप्टन संगम प्रकाश, येलो हाउस से हाउस कैप्टन सोनम चौहान वाइस कैप्टन यश यादव तथा डिसिप्लिन इंचार्ज श्रेया सिंह व रतन सिंह इसके साथ ही स्पोर्ट्स कैप्टन विशेष सिंह व जनरल प्रीफेक्ट्स में आराधना मौर्य शेख अब्दुल्ला हेमंत राय शिवम प्रजापति निहारिका गौतम हर्ष यादव शहंशाह खान रहे। स्कूल के प्रधानाचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों में नेतृत्व क्षमता व टीम भावना का विकास करते हैं। वहीं प्रबंध निदेशक शिव गोविंद सिंह ने कहा कि ÷यह पद सम्मान नहीं, बल्कि दायित्व है, जिसका निर्वहन छात्रों के व्यक्तित्व निर्माण में सहायक होगा।कार्यक्रम का संचालन पूर्णिमा राय द्वारा किया गया। आयोजन में अनीता सिंह, नीलम चौहान, एजाज अहमद, किशन मिश्रा, सुप्रिया राय, कुमकुम दुबे, एके शुक्ला, प्रभाकर सिंह आदि का योगदान उल्लेखनीय रहा।

# कैफे में चल रहे अवैध हुक्काबार का खुलासा, संचालक समेत 5 गिरफ्तार



**स्वतंत्र भारत आज़मगढ़।** जिले के थाना मुबारकपुर पुलिस को शुक्रवार को सूचना मिली कि अलीनगर चौराहे के पास आउल कैफे में बिना किसी विधिक लाइसेंस के अवैध हुक्काबार संचालित हो रहा है। बताया गया कि यहां कम उम्र के लड़कों को संचालक अजीजुर्रहमान द्वारा लाइसेंस होने का झांसा देकर बुलाया जाता है और उन्हें फ्लेवर्ड हुक्का पिलाकर नशे का आदि बनाया जा रहा है। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक शशि मौलि पाण्डेय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। कैफे के अंदर पुलिस ने देखा कि अलग-अलग मेजों पर 10 हुक्के लगे हुए थे जिनसे कुछ युवक फ्लेवर्ड तंबाकू पी रहे थे। पुलिस की कार्रवाई के दौरान वहां मौजूद कई लोग भागने लगे, किंतु मौके से हुक्काबार संचालित करने वाले तीन लोग तथा हुक्का पीते हुए दो लोगों को पकड़ लिया गया। तलाशी में कैफे से 10 हुक्का, 3 हुक्का राड, 7 हुक्का पाइप, 6 चीलम, 7 फुकनी, एक चिमटी, 24 डिब्बा फ्लेवर, विभिन्न कम्पनियों के 107 पैकेट फ्लेवर तथा 17 पैकेट सिगरेट बरामद हुए। पकड़े गए लोगों से जब हुक्काबार संचालन का लाइसेंस मांगा गया तो कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। पूछताछ में संचालक अजीजुर्रहमान ने बताया कि वह अपने दोनों पुत्र आकिब रहमान व नवाजिस रहमान के साथ यह कैफे चलाता है तथा अबु तोराब व कमालुद्दीन उसके यहां हुक्का पीने आए थे। उसने स्वीकार किया कि एक हुक्का का रेट 150 रुपये लेता है और इससे प्राप्त धन से ही परिवार का पालन-पोषण करता है। पुलिस ने बताया कि प्रतिबंधित फ्लेवरयुक्त तंबाकू रखने, अवैध रूप से हुक्काबार चलाने और विधि द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन न करने के कारण यह कार्रवाई की गई। कैफे में भारी संख्या में युवकों को बैठाना भी गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। अभियुक्तगण अजीजुर्रहमान, आकिब रहमान, नवाजिस रहमान, अबु तोराब और कमालुद्दीन को पुलिस हिरासत में लिया गया। उनके विरुद्ध थाना मुबारकपुर में मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# हनुमान मंदिर जमीन प्रकरण में कांग्रेस नेता ने उठाया मुद्दा, समिति/ट्रस्ट बनाने की मांग



**स्वतंत्र भारत देवरिया।** शहर के हनुमान मंदिर जमीन प्रकरण में कांग्रेस नेता मुकुंद भास्कर मणि ने भी एंट्री मार दी है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा है कि ग्राम देवरिया खास स्तिथ यह पोखरा आजादी के पहले से ही हैं। यहाँ पर एक कुआ भी पहले से हैं जो जमीन के नापी के लिए फिक्स पॉइंट के रूप मे प्रयोग होता था। इस फोखरे मे गांव के लोग नहाते व बच्चे तैरते थे। हम लोगो ने इसी पोखरे मे तैरना सीखा हैं। इसके उत्तर पश्चिम कोने पर विशाल बरगत के निचे एक अखाडा था। जो आज भी हैं। उसमे गांव के युवा कुश्ती लड़ते थे। जिसमे उस समय नगर व गांव के हजारोंलोग सम्मलित हुए और राख़ का विसर्जन सम्मानपूर्वक विसर्जन किया और इसका नाम गांधी कुंड रखा गया। कुछ समय बाद कोई सरकार योजना के तहत पोखरे का जिर्णोद्धार किया गया। लगभग 1959 या 60 मे गांव के जमींदारो ने वहाँ एक छोटा सा शिव मंदिर का निर्माण हुआ। जिसमे एक गिरी जी पूजा पाठ किये इस पोखरे व मंदिर की देखभाल करनेके लिए एक रेजिस्ट सोसाइटी जिसमे अध्यक्ष स्व विंध्याचल मणि व मंत्री विशेश्वर राय जी व सदयस्ता के रूप मे रमाकांत लाल श्रीवास्तव व स्व सिंघासन मणि विष्णु भास्कर मणि व लखन साहू व अन्य सदस्य लोगो की कमेटी बनी और इसकी देख भाल होने लगी सन 1962 में लगभग मंदिर का निर्माण हुआ। जिसमे एक यज्ञ का आयोजन चला जिसे अयोध्या से आए एक खड़ेसरी बाबा ने यज्ञ किया। उस समय मन्दिर के पुजारी पंडित कैलाश थे। उसके बाद जो पंडित जी आए उनका जिला पंचायत मे नौकरी लगा तो वो चले गए। ज़ब सभी चले गए तो समिति के प्रस्ताव व गांव के लोगो के मत से सरयू दास को देख रेख के लिए रखा गया। उनकी मृत्यु के बाद एक रामफल दास जी आए और रामफल दास कुछ वर्ष रहने के बाद वह भी चले गए और इस तरह सरयू दास के मृत्यु के बाद भवानी यादव आए। इन्हे मंदिर की साफ सफाई के लिए रखा गया व गांव के ही स्व रामचंद्र पाण्डेय जो नगरपालिका के मेंबर भी रहें थे। उनके जिम्मे पूजा पाठ का प्रबंधन दिया गया। जितने मे मंदिर जो की शंकर जी का व हनुमान जी का हैं। उतना ही जमींदारों द्वारा बनवाया गया था। ना कि दान दिया गया था ना ही रजिस्ट्री की गयी थी। जमींदारों के मौखिक अनुमति से चंदा मांग कर मंदिर बनवा दिया गया था। धीरे धीरे समिति के जिम्मेदार वृद्ध लोग सक्रिय नहीं रहें और रामचंद्र पाण्डेय की मृत्यु हो गयी। इस स्तिथि का लाभ उठा कर चोरी छिपे भवानी यादव ने अपने को परमात्मा दास कहना शुरू किया और धूर्तता पूर्वक अपने आप को सरयू दास का चेला बताते हुए और मंदिर का सर्वराकार घोषित कर लिया। अब मंत्री जी के जमीन के विवाद के उपरांत जानकारी में ये मामला आया है कि हमरी मांग हैं की जो पूर्व मे समिति के लोग जो जीवित हैं व वर्तमान मे जमींदार हैं तथा गांव के लोगो की जमीन हैं। उनकी समित गाँधी कुंड को जीवित किया जाए या ट्रस्ट बनाकर उसकी देख रेख सरकार द्वारा किया जाए और भवानी यादव उर्फ़ परमात्मा दास को यहाँ से अभिलम्ब हटाया जाए। साथ ही इनके द्वारा किये गए अभिलेख मे फ्राड करने के लिए मुकदमा दर्ज कर के कार्यवाही किया जाए।

# म.सु.दे. विवि आजमगढ़ व दीनदयाल विवि गोरखपुर के बीच शैक्षणिक समझौता

## विवि की बेहतरी हेतु क्षेत्रवासी एवं बुद्धिजीवी वर्ग आगे आएं : प्रो. संजीव कुमार



**स्वतंत्र भारत आजमगढ़।** महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय आजमगढ़ एवं दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय गोरखपुर के बीच शैक्षणिक समझौता(एम.ओ .यू. )हुआ। आजमगढ़ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 संजीव कुमार एवं दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय गोरखपुर की कुलपति प्रो0 पूनम टंडन के संयुक्त हस्ताक्षर से आज यह शैक्षणिक समझौता मूर्त रूप लिया। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ0 प्रवेश कुमार सिंह ने बताया कि आज महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय आजमगढ़ की प्रगति में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि जुड़ी। सन 2025 के प्रारंभ में पहले शैक्षणिक समझौता आगरा विश्वविद्यालय तथा दूसरा एलन हाउस इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी कानपुर के बीच शैक्षणिक समझौता हुआ था । अब आज गोरखपुर विश्वविद्यालय से शैक्षिक समझौता निश्चय ही विश्वविद्यालय के शैक्षणिक प्रगति के लिए मील का पत्थर साबित होगी। नवागत विश्वविद्यालय महाराजा सुहेलदेव नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है ,इस वर्ष विश्वविद्यालय में शैक्षणिक क्षेत्र के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं खेलकूद मैं अनेक उपलब्धियां दर्ज की। जिसमें मुख्य रूप से रोवर्स रेंजर्स में प्रदेश में प्रथम स्थान, देश विदेश के कई विभूतियां द्वारा सेमिनार में सहभाग करने साथ ही खेलकूद में कई उपलब्धियां अर्जित करना आदि निश्चय ही विश्वविद्यालय के लिए एक सुखद संकेत है।विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.संजीव कुमार ने इस उपलब्धि का श्रेय विश्वविद्यालय के ऊर्जावान अधिकारियों, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों तथा छात्रों को दिया। यह समझौता गोरखपुर विश्वविद्यालय एवं आजमगढ़ विश्वविद्यालय के लिए शैक्षिक विकास के साथ-साथ तकनीकी क्षेत्र को नई दिशा प्रदान करेगा। अपितु नई शिक्षा नीति 2020 के दिशा निर्देश को यह शैक्षणिक समझौता अंगीकार करता दिखेगा , जो निश्चय ही विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों को नई दिशा एवं गति प्रदान करेगा। उक्त शैक्षणिक समझौते की सूचना विश्वविद्यालय परिसर में प्राप्त हुई तो कुलसचिव डॉ0 अंजनी कुमार मिश्र, उप कुलसचिव केश लाल एवं स0 कुलसचिव महेश कुमार श्रीवास्तव प्राध्यापकों तथा गैर शैक्षणिक कर्मचारियों में खुशी की लहर व्याप्त हो गई। सभी एक दूसरे को बधाई देते नजर आए, साथ ही साथ अपने ऊर्जावान कुलपति के प्रति आभार ज्ञापित करते दिखे। प्राध्यापकगण आपस में यह भी चर्चा करते दिखे की हमारे विवि के मुखिया न सिर्फ शैक्षणिक क्षेत्र में अपितु सांस्कृतिक, खेलकूद ,सेमिनार एवं नई नई तकनीकी से विश्वविद्यालय को संरक्षित कर रहे हैं । जिसका परिणाम है की भारी संख्या में विश्वविद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं ने न सिर्फ पंजीकरण कराया अपितु प्रवेश भी लिया। कुल सचिव ने इस शैक्षणिक समझौते को विश्वविद्यालय के लिए बड़ी उपलब्धि बताते हुए कुलपति जी के प्रयास को सराहा साथ ही कुलपति जी को यह विश्वास दिलाया कि विश्वविद्यालय परिवार आपके मार्गदर्शन में यथासंभव सहयोग के लिए प्रतिपल उपलब्ध रहेगा।

# आमजनों की सुख सुविधाओं को ध्यान में रखकर कराये जा रहे है विकास कार्य : नपा अध्यक्ष



**देवरिया।** शनिवार को नगरपालिका परिषद गौरा बरहज बोर्ड की बैठक अध्यक्ष श्वेता जायसवाल, अधिशासी अधिकारी निरुपमा प्रताप की मौजूदगी में सम्पन्न हुई। इस दौरान सभी सभासद भी मौजूद रहे। बैठक में विकास कार्यों की स्वीकृति, भवन मानचित्र की स्वीकृति एवं मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के अंतर्गत शासन को विकास कार्यों हेतु प्रेषित किए जाने वाले प्रस्ताव/कार्य- योजना की स्वीकृति सर्वसम्मति से प्रदान किया गया। कार्य योजना में सी सी रोड व नाली निर्माण, डिजिटल लाइब्रेरी, पार्क, बहुउद्देशीय सामुदायिक भवन एवं सरयू नदी के तट पर दो नए घाटों पर सीढ़ी व बरामदा का पक्का निर्माण कराया जाना सम्मिलित किया गया है, इस कार्य हेतु नगरपालिका द्वारा 6 करोड़ 50 लाख की कार्य योजना प्रेषित किया जाएगा। अध्यक्ष श्वेता जायसवाल ने कहा कि बरहज नगर के चौमुखी विकास के लिए नगर पालिका परिषद निरंतर प्रयास कर रही है। आमजनों की सुख सुविधाओं को कैसे बेहतर बनाया जाय,इस दिशा में लगातार विकास कार्य कराये जा रहे है,जिसमे सभासदों का भी सहयोग मिल रहा है। योगी आदित्यनाथ जी की सरकार नगर निकायों को अधिक से अधिक स्वक्ष, सुंदर एवं जन सुविधाओं से लैस बनाने के लिए हर संभव कदम उठा रही है,जिसका भरपूर लाभ नगर निकायों को मिल रहा है।

# विंध्य कॉरिडोर से तीर्थ यात्रियों की सुविधाओं में व्यापक बदलाव : डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

## राज्य सूचना आयुक्त ने विंध्याचल पहुंच कर मां विंध्यवासिनी देवी का किया दर्शन पूजन

**मिर्जापुर।** राज्य सूचना आयुक्त डॉ दिलीप अग्निहोत्री ने मां विंध्यवासिनी देवी के धाम विंध्याचल पहुंच कर मां विंध्यवासिनी देवी का विधि-विधान व मंत्रोच्चार के साथ दर्शन पूजन किया। तीर्थ पुरोहित प. धीरज मिश्र द्वारा दर्शन मंत्रोच्चार के साथ दर्शन पूजन कराया गया।

आयुक्त ने कहा कि विंध्य कॉरिडोर से तीर्थ यात्रियों की सुविधाओं में व्यापक सुधार हुआ है। विंध्याचल में उन्होंने कहा कि शक्ति पीठों में मां विंध्यवासिनी धाम का विशेष महत्व है। एक तरफ मां गंगा दूसरी तरफ विंध्य पर्वत शृंखला इस पूरे क्षेत्र को सुरम्य बनती है। इसके साथ ही यहां काली खोह और अष्टभुजा देवी का भी धाम है।विंध्यवासिनी काली खोह और अष्टभुजा धाम आध्यात्मिक त्रिकोण का निर्माण करते हैं। साधना की दृष्टि से यह सिद्ध क्षेत्र है। नवदुर्गा की अवधि में यहां साधक विशेष अनुष्ठान करते हैं। दूर-दूर से यहां दर्शनार्थी पहुंचते हैं। विंध्यवासिनी धाम को नव्य और भव्य बनाने के लिए 2021 में कॉरिडोर का निर्माण शुरू हुआ था। आधुनिक सुविधाओं के साथ ही सुगम आवागमन के लिए गलियों का कायाकल्प किया गया है। यहां चार प्रमुख मार्गों पर प्रवेश द्वार बनाया गया है। मुख्य मंदिर के चारों तरफपचास फीट चौड़ा परिक्रमा पथ बनाया गया है। परिक्रमा पथ का निर्माण पूर्ण हो चुका है। मां विंध्यवासिनी देवी मंदिर एवं विंध्य कॉरिडोर निर्माण के साथ-साथ काली खोह,अष्टभुजा मंदिर निर्माण तथा त्रिकोण मार्ग के चौड़ीकरण एवं सौन्दर्यकरण का कार्य पूरे त्रिकोण तीर्थ को सुविधा संपन्न बना रहा है।



# उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारंभिक अर्हता परीक्षा 2025 को लेकर हुई बैठक

**स्वतंत्र भारत मऊ।** जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पी.ई.टी) 2025 को सकुशल संपन्न कराने हेतु बैठक कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में संपन्न हुई। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद मऊ में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारंभिक अर्हता परीक्षा 2025 हेतु कुल 17 केंद्र बनाए गए हैं एवं इन 17 केंद्र पर दिनांक 6 एवं 7 सितंबर 2025 को पी.ई.टी. की परीक्षा प्रत्येक दिन दो पालियों में सकुशल संपन्न कराई जाएगी। प्रत्येक पाली में 7800 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे एवं दोनों दिनों की चारों पालियों में कुल 31200 अभ्यर्थियों की परीक्षा संपन्न कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा को ठीक ढंग से आयोजित करने हेतु सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगा दी गई है। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने परीक्षा ड्यूटी में लगाए गए सभी सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट को गुणवत्तापूर्ण ढंग से परीक्षा को संपन्न करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने सभी केंद्र व्यवस्थापक को आयोग द्वारा जारी गाइड लाइन के अनुसार सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी परीक्षा केंद्रों पर कमरे में पर्याप्त मात्रा में लाइट एवं साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के भी निर्देश केंद्र व्यवस्थापक को दिए।


**SHIVPAL SINGH YADAV DEGREE COLLEGE**
Malihabad, Hardoi Road, Lucknow – 226102
REQUIRES
Assistant Professors – 08 Posts for B.Com. Classes
How to Apply:
Apply to the Manager within 21 days from the first insertion of this advertisement.
Qualifications & Salary:
As per UGC / State Government of U.P. norms and the First Statute of Lucknow University.
E-mail: hlygc1997 @ gmail.com
Mobile: 9415467381,7052999901
Manager

सी.आर.-1163/L

**HEERALAL YADAV BALIKA DEGREE COLLEGE**
Sarojini Nagar, Lucknow – 226008
REQUIRES
Assistant Professors – 09 Posts (One in each subject)
B.A. – Hindi, English, Economics, Political Science, Education, Sociology, Home Science, Ancient Indian History (AIH), Modern Indian History
Assistant Professors – 06 Posts
B.Com. / M.Com. / B.B.A. – All Groups
Assistant Professors – 05 Posts (One in each subject)
B.Sc. – Physics, Chemistry, Mathematics, Zoology, Botany
Assistant Professors – 03 Posts
M.A. – Hindi, Home Science, Sociology
How to Apply:
Apply to the Manager within 21 days from the first insertion of this advertisement.
Qualifications & Salary:
As per UGC / State Government of U.P. norms and the First Statute of Lucknow University.
E-mail: principalhlygpg@gmail.com
Mobile: 9415467381, 7052999901
Manager

सी.आर.-1164/L


**हेतु संदर्शित करने की सूचना**
**(साधारण प्रारूप)**
**न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय गोण्डा**
**वाद संख्या-1200/2023**
**ता. पेशी:- 03-09-2025**
**शबा परवीन प्रति मो. इरशाद अहमद**
**बनामः** मो. इरशाद अहमद पुत्र निसार अहमद निवासी ग्राम धनेसरपुर (फुलबगिया) पोस्ट करदा थाना वजीरगंज जिला गोण्डा हालपता एक्सिस बैक रानी बाग ग्राउंड फ्लोर ए-4 महाराणा प्रताप इन्क्लेब पीतमपुरा नई दिल्ली 110034। चूंकि ऊपर नामांकित वादिनी ने इस न्यायालय में यह निवेदन किया है कि अतएव आपको एतद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरुद्ध हेतु संदर्शित करने के लिए दिनांक-03-09-2025 को पूर्वान्ह 10 बजे स्वयं या सम्यकरूपेण अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हों और ऐसा करने में सफल न रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित दिनांक-को निकाली गई।
**न्यायालय**
**प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, गोण्डा**

सी.आर.-1160/L-CN

**पूर्वोत्तर रेलवे** सूचना संख्या 144/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा प्रदान करने हेतु त्यौहार विशेष गाड़ियों का संचालन** निम्नवत् किया जायेगा:–

**गाड़ी सं. 05301/05302 मऊ – अंबाला कैंट – मऊ त्यौहार के चलते विशेष गाड़ी**

गाड़ी सं. 05301 मऊ से गुरुवार 02.10.2025 से 27.11.2025 = कुल 09 फेरे
गाड़ी सं. 05302 अंबाला कैंट से शुक्रवार 03.10.2025 से 28.11.2025 = कुल 09 फेरे

| 05301 मऊ – अंबाला कैंट | | ↓ स्टेशन ↑ | 05302 अंबाला कैंट – मऊ | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| – | 04.00 | मऊ | 22.00 | – |
| 04.42 | 04.44 | बेलथरा रोड | 21.15 | 21.17 |
| 05.20 | 05.22 | भटनी | 20.32 | 20.34 |
| 05.42 | 05.47 | देवरिया सदर | 20.00 | 20.05 |
| 06.50 | 07.00 | गोरखपुर | 18.50 | 19.00 |
| 07.35 | 07.37 | खलीलाबाद | 17.45 | 17.47 |
| 08.07 | 08.10 | बस्ती | 17.15 | 17.17 |
| 08.58 | 09.00 | मनकापुर | 16.18 | 16.20 |
| 09.30 | 09.35 | गोण्डा | 15.50 | 16.00 |
| 10.35 | 10.37 | बुढ़वल | 14.50 | 14.52 |
| 12.18 | 12.23 | सीतापुर | 12.50 | 13.00 |
| 15.35 | 15.37 | बरेली | 09.40 | 09.42 |
| 17.20 | 17.22 | मुरादाबाद | 08.28 | 08.30 |
| 19.35 | 19.37 | गाजियाबाद | 06.05 | 06.07 |
| 20.20 | 20.30 | दिल्ली | 05.00 | 05.10 |
| 21.12 | 21.14 | सोनीपत | 03.40 | 03.42 |
| 22.05 | 22.07 | पानीपत | 03.05 | 03.07 |
| 00.30 | – | अंबाला कैंट | – | 01.40 |

रेक संरचना: ब्रेक, लगेज सह जेनरेटर कार–1, सामान्य द्वितीय श्रेणी–04, शयनयान –05, एसी–3–टियर इकॉनमी–02, एसी–3–टियर – 06, एसी–2–टियर – 02, प्रथम एसी–01, एलएसएलआरडी–01 कुल = 22 कोच

**गाड़ी सं. 05005/05006 बढ़नी – अमृतसर – बढ़नी त्यौहार के चलते विशेष गाड़ी**

गाड़ी सं. 05005 बढ़नी से बुधवार 24.09.2025 से 26.11.2025 = कुल 10 फेरे
गाड़ी सं. 05006 अमृतसर से गुरुवार 25.09.2025 से 27.11.2025 = कुल 10 फेरे

| 05005 बढ़नी – अमृतसर | | ↓ स्टेशन ↑ | 05006 अमृतसर – बढ़नी | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| – | 15.10 | बढ़नी | 08.15 | – |
| 15.48 | 15.50 | तुलसीपुर | 07.20 | 07.22 |
| 16.16 | 16.18 | बलरामपुर | 06.48 | 06.50 |
| 17.05 | 17.15 | गोण्डा | 06.00 | 06.05 |
| 18.20 | 18.22 | बुढ़वल | 04.57 | 05.02 |
| 19.48 | 19.58 | सीतापुर जंक्शन | 02.28 | 02.38 |
| 23.08 | 23.10 | बरेली | 22.51 | 22.56 |
| 00.45 | 00.55 | मुरादाबाद | 21.22 | 21.30 |
| 03.57 | 04.02 | सहारनपुर जं. | 18.00 | 18.10 |
| 04.25 | 04.27 | यमुनानगर जगाधरी | 17.30 | 17.32 |
| 05.12 | 05.20 | अम्बाला कैंट | 16.40 | 16.50 |
| 06.45 | 06.55 | ढंडारी कलां | 15.05 | 15.15 |
| 08.05 | 08.10 | जलंधर सिटी | 13.53 | 13.58 |
| 08.43 | 08.45 | ब्यास | 13.15 | 13.17 |
| 09.30 | – | अमृतसर | – | 12.45 |

रेक संरचना: शयनयान–09, साधारण श्रेणी–09, एस.एल.आर.–02 कुल = 20 कोच
मुजाधि/टी–43बी मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक, गोरखपुर
"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

# हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में योग और प्राणायाम पर एकल व्याख्यान का आयोजन

**स्वतन्त्र भारत जमानियां।** स्थानीय स्टेशन बाजार स्थित हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में ÷जीवन को बेहतर बनाने में योग और प्राणायाम की भूमिका÷ विषय पर एक प्रेरक एकल व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को योग और प्राणायाम के महत्व के प्रति जागरूक करना था, ताकि वे इसे अपनी दैनिक जीवनशैली में शामिल कर सकें। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित परामर्श चिकित्सक डॉ. विजय श्याम पांडेय ने योग और प्राणायाम के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि योग केवल शारीरिक व्यायाम तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मन, शरीर और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करने का एक समग्र दृष्टिकोण है। डॉ. पांडेय ने प्राणायाम की विभिन्न तकनीकों, जैसे अनुलोम-विलोम, भस्त्रिका और कपालभाति, के लाभों पर चर्चा की और बताया कि ये तकनीकें तनाव प्रबंधन, एकाग्रता में सुधार और शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ाने में सहायक हैं। उन्होंने यह भी जोड़ा कि नियमित योग अभ्यास से रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है और मानसिक शांति प्राप्त होती है, जो आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में अत्यंत आवश्यक है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. श्रीनिवास सिंह ने अपने संबोधन में छात्र-छात्राओं से अपील की कि वे योग को अपनी दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाएं। उन्होंने कहा, ÷योग और प्राणायाम न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं, बल्कि यह हमें मानसिक रूप से मजबूत और केंद्रित बनाकर जीवन की चुनौतियों का सामना करने में मदद करते हैं।÷ उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे योग के प्रति गंभीरता दिखाएं और इसे अपनी जीवनशैली में शामिल करें ताकि वे एक स्वस्थ और संतुलित जीवन जी सकें। कार्यक्रम में महाविद्यालय के कला संकाय प्रमुख डॉ. संजय कुमार सिंह, प्रो. प्रदीप कुमार सिंह और अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भी इस व्याख्यान में भाग लिया और योग के प्रति अपनी जिज्ञासा व्यक्त की। कुछ छात्रों ने डॉ. पांडेय से योग और प्राणायाम की बारीकियों के बारे में सवाल पूछे, जिनका उन्होंने सरल और व्यावहारिक तरीके से जवाब दिया। यह आयोजन न केवल शैक्षिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि इसने युवाओं में योग और प्राणायाम के प्रति जागरूकता पैदा करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महाविद्यालय प्रशासन ने भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों को जारी रखने की योजना बनाई है ताकि अधिक से अधिक लोग योग के लाभों से अवगत हो सकें।

# उद्यान विभाग द्वारा योजनाओं की गतिशीलता हेतु जमीनी निरीक्षण को दी जा रही रफ्तार

**स्वतंत्र भारत मऊ।**विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को किसान के खेत पर देखने और व्यापकता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग विभाग, उत्तर प्रदेश के निदेशक डॉ भानु प्रकाश राम द्वारा शनिवार को जनपद मऊ में भ्रमण किया गया तथा विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों के स्थलीय निरीक्षण के दौरान कृषकों, उद्यमियों से संवाद स्थापित किया गया। निदेशक, उद्यान द्वारा विकासखंड रानीपुर में पलिया ग्राम में ÷पर ड्रॉप मोर क्रॉप÷योजना में लाभार्थी संतोष सिंह के खेत पर स्थापित एक हेक्टेयर में मिनी स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धति को चलवा कर निरीक्षण किया गया तथा लाभार्थी से निजी कंपनी बालसन पाली प्लास्ट द्वारा आपूर्ति किए गए सामग्री के बारे में विस्तार से जानकारी की गई। निदेशक द्वारा विकासखंड परदहा के ग्राम पंचायत भवनाथपुर में राजेंद्र प्रसाद सिंह, लल्लन सिंह तथा ग्राम आदेडीह में राज नारायण सिंह,संजय कुमार एवं जय नारायण सिंह के यहां कुल 8 हेक्टेयर क्षेत्रफल में स्थापित मिनी स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धति का अवलोकन करते हुए किसानों से योजना की सफलता के बारे में फीडबैक लिया गया एवं इससे खेती में जल संरक्षण, लागत में कमी के बारे में जानकारी दी गई।निरीक्षण के दौरान उद्यान निदेशक द्वारा भीटी, मऊ शहर में गीता देवी के यहां प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना में इस वर्ष स्थापित नमकीन उद्योग का स्थलीय निरीक्षण करते हुए लाभार्थी को फूड सेफ्टी के मानकों के अनुसार उत्पादन करने का सुझाव दिया गया। उद्यान निदेशक द्वारा बताया गया कि जनपद में 1400 से अधिक हेक्टेयर क्षेत्रफल में किसानों के खेतों पर ड्रिप सिंचाई,मिनी स्प्रिंकलर और पोर्टेबल स्प्रिंकलर सिंचाई की व्यवस्था हेतु लक्ष्य भेजे गए हैं जिसमें से अब तक 200 से अधिक किसानों द्वारा 230 हैकटेयर क्षेत्रफल में सिंचाई पद्धतियों का विकास कराया गया है जिस पर बीस हजार से एक लाख रुपए से अधिक तक का अनुदान उसके कार्यक्रम की अनुमन्यता अनुसार दिया गया है।निदेशक द्वारा जिला उद्यान अधिकारी संदीप कुमार गुप्त को निर्देश दिए गए कि दोनों योजनाओं में लक्ष्य के अनुरूप प्रगति हेतु किसानों के बीच में नियमित भ्रमण सुनिश्चित करें तथा निर्माता कंपनियां एवं जिला रिसोर्स पर्सन का समन्वय, बैठक कर किसानों, उद्यमियों को लाभ दिलाएं। निदेशक द्वारा किसानों और उद्यमियों द्वारा किए जा रहे कामों की सराहना की गई तथा बताया गया कि आइसक्रीम उद्योग और मसाला उद्योग जैसे खाद्य पदार्थों से जुड़े अनेक उद्योगों पर प्रधानमंत्री सूचना खाद्य उद्योग उन्नयन योजना अंतर्गत रुपए 10 लाख तक की सब्सिडी दी जा रही है, इससे जहां एक व्यक्ति का रोजगार और उद्यम सृजित होता है वहीं प्रत्येक उद्यम से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लोग रोजगार भी पा रहे हैं। उद्यान निदेशक द्वारा अपने भ्रमण में राजकीय अलंकृत उद्यान ,चंद्रभानपुर में गुणवत्तापूर्ण शाकभाजी वेहन उत्पादन हेतु स्थापित मिनी सेंटर आफ एक्सीलेंस एवं उद्यान का भी भ्रमण किया गया।

**अदालती सूचना**
**सम्मन बिनावर इनफिसाल मुकदमा**
**न्यायालय अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 मीरजापुर**
**मु0 नं000090 सन् 2021**
**राजीव सिंह बनाम गिरिजाशंकर वगै0**
**अपील अन्तर्गत धारा 128 उ0प्र0रा0 संहिता बाबत**
**मौजा पटेहरा कला तप्पा 84 पर0 कंतित तह0 मड़िहान, जिला-मीरजापुर**
1-वलिन्दर 2- रजिन्दर पुत्रगण विजई नि0 ग्रा0 पटेहरा कला, पो0 कुवरी पटेहरा, तप्पा 84, पर0 कंतित, तह0 मड़िहान जिला मीरजापुर हरगाह ने आपके नाम एक नालिस दायर की लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 11 माह 09 सन् 2025 बवक्त 10.00 बजे बमुकाम असालतम या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालत से वाकई से वाकिफ किया गया हो और जो कुछ अमूर अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके। हाजिर हूजिए और जवाब देही दावा को कीजिए और हर माह वही तारिख जो आपके हाजिरी के लिए मुकर्रर है। वास्ते इनफिसाल कतई मुकदमा के तजवीज के लिए हुई है पर आपको सूचित हो कि गवाही की जिनकी शहादत में जुमला दस्तावेजों जिस पर बताइद अपनी जवाब देही के इस्तदलाल करना चाहते हो उसी रोज पेश कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मसकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी मसमूअ और फैसला होगा।
**तारीख पेशी 11.09.2025**
**दस्तखत हाकिम व मुहर अदालत**

सी.आर.-1158/D-CN


स्वतंत्र भारत **वर्गीकृत**


## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पुत्री का नाम प्रज्ञा सिंह दर्ज है, जो कि गलत है जबकि आधारकार्ड सहित समस्त दस्तावेजों में मेरी पुत्री का नाम प्रज्ञा है, जो सही है। सही नाम दर्ज किया जाय। शैलेश कुमार यादव कान्वेंट विद्यालय के पास तुलसी सागर तन बनवा रोड गाजीपुर उ.प्र.-233002
सी.आर.-1161/D-42


## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पुत्री का नाम प्रज्ञा सिंह दर्ज है, जो कि गलत है जबकि आधारकार्ड सहित समस्त दस्तावेजों में मेरी पुत्री का नाम प्रज्ञा है, जो सही है। सही नाम दर्ज किया जाय। शैलेश कुमार यादव कान्वेंट विद्यालय के पास तुलसी सागर तन बनवा रोड गाजीपुर उ.प्र.-233002
सी.आर.-1161/D-42


## सूचना

मैंने अपने बड़े पुत्र आफताब अहमद व उसकी पत्नी रेश्मा बेगम के चाल चलन से तंग आकर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य में ये अपने समस्त कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। शमीम अहमद पुत्र अमानुल्लाह, ग्रा0-पुरैनाबुलन्द, गैड़ासबुजुर्ग, उतरौला, बलरामपुर।
सी.आर.-1162/D-36

## सूचना

इसी प्रकार प्रमावती देवी PRAMAWATI DEVI W/o राम गजेंद्र दूबे ( RAM GAJENDRA DUBEY) जन्म तिथि ( 01-01-1938 ) मेरे आधार कार्ड में है जो सही है। जबकि मेरे स्व- पुत्र बीरेंद्र कुमार दूबे के सर्विस दस्तावेज में मेरा नाम प्रमावत (PREMAUT) जन्मतिथि (11-05- 1950) हो गया है जो गलत है। ऐसे में मुझे और मेरे पत्नी को सही नाम से जाना व पहचाना जाए।
सी.आर.-1159/D-46

## सूचना

मैंने अपने पुत्रों दिलशाद, शादाब, नौशाद, इरशाद व कैफ व पुत्री निशा को दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल का संबंध विच्छेद कर लिए हैं । मतलूब हसन पुत्र अमीर हसन निमो खलीलग़र्बी , जिला शाहजहांपुर।
सी.आर.-1157/D-31

## सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम राम गजेन्द्र दूबे (RAMGAJENDRA DUBEY) व जन्म तिथि (15-02-1933) है। जो सही है। तथा मेरे स्व. पुत्र बीरेन्द्र कुमार दूबे जो आर्मी में नायब सूबेदार पद पर थे। उनके सर्विस दस्तावेज में मेरा नाम श्री राम गजेन्द्र ( SHREE RAM GAJENDRA) एवं जन्मतिथि (03.10.1949) है जो गलत है। मेरा सही नाम राम गजेन्द्र दूबे S/o स्व. सूर्य नारायन दूबे ग्राम थरौली पो0-बेलौली थाना मेहदावल जनपद संत कबीर नगर है।
सी.आर.-1159/ D

## PUBLIC NOTICE

It is informed to the General Public dat myslient Mohd Khodan Springhous Finance Limited in which the pervious original sac dood which was dyrt 101.51.2013 Located in Sainik Colony Jalal Nagar Balur Clungi Tehail Saan District Shahjahanpur, which wa Shahjahanpur has been lost somewhere, if any organization person has any skgoction regarding it, please contact the following address within 14 days. If no objection is received within 14 days, the kon against the said property will be approved by Piramal Finance Limited
PROPERTY DESCRIPITION
Area 77.63 sq.mt.
BOUNDARIES
East Rasta 12 Fit Wide
West House Asha Devi
North Rasta & Fit Wide
South Aaraji Shailendra Singh
Contact-
Deepak Kumar (Advocate)
R/O 26, Nai Basti Lodhipur District Shahjahanpur UP.
Pin Code 242001.
Mob. No. 09415527978

सी.आर.-1157/D

# विशेष रेलगाड़ियों की संचालन अवधि में वृद्धि

सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियों की संचालन अवधि को बढ़ाने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

| रेलगाड़ी संख्या | स्टेशन से | स्टेशन तक | चलने के दिन | पूर्व अधिसूचित तिथि | विस्तार की अवधि | कुल फेरे |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 04217 | वाराणसी जं. | लखनऊ जं. | प्रतिदिन | 31.10.2025 | 01.11.2025 से 30.11.2025 | 30 |
| 04218 | लखनऊ जं. | वाराणसी जं. | प्रतिदिन | 31.10.2025 | 01.11.2025 से 30.11.2025 | 30 |
| 04090 | आनंद विहार ट. | पटना जं. | प्रतिदिन | 07.11.2025 | 08.11.2025 से 29.11.2025 | 22 |
| 04089 | पटना जं. | आनंद विहार ट. | प्रतिदिन | 08.11.2025 | 09.11.2025 से 30.11.2025 | 22 |

नोट :– शेष जानकारी पूर्ववत् है

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले अन्य स्टेशनों की विस्तृत समय–सारणी और श्रेणियों की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in देखें अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 | रेलमदद वेबसाइट देखें :- www.railmadad.indianrailways.gov.in | रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

**उत्तर रेलवे** आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
2629/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**बैंक ऑफ़ इंडिया Bank of India BOI**
आंचलिक कार्यालयः "स्टार हॉउस" विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ–226010, फोनः 0522–2721512

**अधिग्रहण सूचना**

यद्यपि प्राधिकृत अधिकारी बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा वित्तीय अस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 की सपठित नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में मांग सूचना जारी की गई थी और ऋणी को मांग सूचना में उल्लिखित धनराशि जिसका विवरण नीचे दिया गया है, का भुगतान सूचना प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर करने को कहा गया था। ऋणगृहिता के द्वारा यह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणगृहिता और सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त एक्ट की धारा 13 (4) सपठित उप नियम 8 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्तियों का आधिपत्य ग्रहण कर लिया गया है। ऋणगृहिता को विशिष्ट रूप से और सर्वसाधारण को सामान्य रूप से एतद्द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार (क्रय–विक्रय) नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और निम्नलिखित सम्पत्ति का किसी प्रकार से कोई क्रय–विक्रय बैंक ऑफ इंडिया के पक्ष में देय बकाया राशि, ब्याज एवं अन्य व्यय के भार के अधीन होगा। ऋणी को सुरक्षित परिसम्पत्ति के आधार पर धारा 13 के उपधारा (8) के प्रावधान के अन्तर्गत दिये गये समय में आमंत्रित कर रहे हैं।

| क्र. सं. | उधारकर्ता/जमानतकर्ता का नाम व पता | बंधक सम्पत्ति का विवरण/सम्पत्ति मालिक का नाम | बकाया धनराशि (₹) धारा 13 (2) के अनुसार मांग सूचना/अधिग्रहण की तिथि |
|---|---|---|---|
| | शाखा : अमीनाबाद | | |
| 1 | मेसर्स मेडशेड लाईफ साइंस प्राइवेट लिमिटेड<br>निदेशक : सैयद अरशद जफर, सैयद अहमद जफर, श्रीमती अशरफ जहाँ व श्रीमती इरम जफर, ए 17, शाह ट्रेड सेंटर, वाल्मिकी मार्ग, लालबाग, लखनऊ–226018 (निदेशकगण)<br>श्रीमती ईरम जफर, ए 17, शाह ट्रेड सेंटर, वाल्मिकी मार्ग, लालबाग, लखनऊ–226018 (निदेशक/बंधककर्ता)<br>श्री सैयद अहमद जफर, ए 17, शाह ट्रेड सेंटर, वाल्मिकी मार्ग, लालबाग, लखनऊ–226018 (निदेशक)<br>श्री सैयद अरशद जफर, ए 17, शाह ट्रेड सेंटर, वाल्मिकी मार्ग, लालबाग, लखनऊ–226018 (निदेशक)<br>श्रीमती अशरफ जहाँ, श्री सैयद अहमद जफर, ए 17, शाह ट्रेड सेंटर, वाल्मिकी मार्ग, लालबाग, लखनऊ–226018 (निदेशक)<br>श्रीमती ईरम जफर, 450/565 अ, मुफ्तीगंज, जीआईसी के पीछे, लखनऊ (निदेशक/बंधककर्ता)<br>श्री सैयद अहमद जफर, 450/565 अ, मुफ्तीगंज, जीआईसी के पीछे, लखनऊ (निदेशक)<br>श्री सैयद अरशद जफर, 450/565 अ, मुफ्तीगंज, जीआईसी के पीछे, लखनऊ (निदेशक)<br>श्रीमती अशरफ जहाँ, 450/565 अ, मुफ्तीगंज, जीआईसी के पीछे, लखनऊ (निदेशक) | 1. लखनऊ स्थित भूमि और भवन, खसरा संख्या– 1593 मीटर पर प्लॉट संख्या– 12 स्थित संपत्ति, मोह बरावन कलां (0647) वार्ड बालकगंज (074) लखनऊ, जिला– लखनऊ, **क्षेत्रफल : 167.286 वर्ग मीटर**, स्वामित्व श्रीमती ईरम जाफर के पास<br>बंधककर्ता का नाम : श्रीमती ईरम जफर, **क्षेत्रफल** : 167.286 वर्ग मीटर<br>**चौहद्दीः उत्तर** : मकान संख्या–13, **दक्षिणः** मकान संख्या–11, **पूर्वः** आर.जी. चावला, **पश्चिमः** 20 फीट सड़क | ₹ 31,52,370.04 + ब्याज व अन्य खर्च<br>डिमांड नोटिस दिनांक : 23.05.2025<br>अधिग्रहण सूचना दिनांक : 28.08.2025 |

दिनांक : 31.08.2025 स्थान : लखनऊ — प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इंडिया

**उत्तर रेलवे**
**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियन्ता/सेतु कर्मशाला, उत्तर रेलवे चारबाग, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई.– निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | निविदा सं0 | कार्य का नाम |
|---|---|---|
| 1 | 08/डब्ल्यू0/बीडब्ल्यूएस/सीबी/एल0के0ओ/2025–26 | ठेकेदार की अपनी मशीनरी और संयंत्र, सामग्री, ईंधन, गैसों, बिजली और अन्य आवश्यक संसाधनों का उपयोग करके अनुमोदित डिजाइन, चित्र और विनिर्देशों के अनुसार न्यूनतम 5.0 मिमी मोटी, चिकनी, स्पिरिट–आधारित, गैर–प्रतिक्रियाशील ग्रेफाइट–जिरकोन रिफ्रैक्टरी कोटिंग प्रदान करना और लागू करना, निर्दिष्ट गुणवत्ता मानकों के अनुसार पूरा करना सुनिश्चित करना, ब्रिज वर्कशॉप/एनआर/चारबाग/लखनऊ के भीतर स्थित उत्तर रेलवे सुविधा केंद्र के परिसर के भीतर रेलवे अधिकारियों की देखरेख में कार्य का निष्पादन सुनिश्चित करना। |
| 2 | अनुमानित लागत | रू0 63213356.25 |
| 3 | बोली सुरक्षा राशि | रू0 466100.00 |
| 4 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह |
| 5 | निविदा डालने की प्रारम्भिक तिथि | 11.09.2025 |
| 6 | निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं निविदा खुलने की तिथि तथा समय | निविदा 25.09.2025 को 15:00 बजे तक जमा किए जा सकेंगे एवं निविदा उसी दिन खोली जायेगी। |
| 7 | | न्यूनतम पात्रता की शर्तें: |
| अ | तकनीकी | (ए) निविदा कार ने पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा या प्रर्याप्त रूप से पूरा किया हो, जिस महीने में निविदा आमंत्रित की गयी थी, उससे पहले के महीने के अन्तिम दिन को समाप्त करना होगा।<br>तीन समान कार्य जिनकी लागत, निविदा की विज्ञापित मूल्य के 30 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो। या<br>दो समान कार्य जिनका लागत, निविदा की विज्ञापित मूल्य के 40 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो। या<br>एक समान कार्य की लागत, निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60 प्रतिशत के बराबर राशि से कम नहीं होनी चाहिए। |
| ब | वित्तीय | निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार V/N (वी/एन) या 'V' (वी) जो भी कम होय जहाँ V (वी) = निविदा की विज्ञापित मूल्य करोड़ रूपये में। N (एन) = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या, जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गयी है।<br>औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना, पिछले तीन वित्तीय वर्षों में कुल संविदात्मक भुगतान के औसत के रूप में की जायेगी, लेखा परीक्षित बैलेन्स शीट के अनुसार। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन–पत्र अभी तक तैयार/लेखापरीक्षित नहीं है, तो औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष की लेखा परीक्षित तुलन–पत्र पर विचार किया जाएगा। |
| 8 | एक समान कार्य | " ऑटो थिम्बल तकनीक के साथ सिंगल शॉट क्रूसिबल का विनिर्माण और आपूर्ति/पूर्वनिर्मित मोल्ड/क्रूसिबल चार्ज/एटी वेल्डिंग के लिए थ्रिम्बल" या "स्टील कास्टिंग/ फोर्जिंग/फैब्रिकेशन का कोई अन्य कार्य" |
| 9 | वेबसाइट का विवरण एवं कार्यालय का नाम जहाँ निविदा का विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in, कार्यालय उप मुख्य अभियन्ता/से0 कर्म0, उत्तर रेलवे चारबाग, लखनऊ। |

नोट :- 1. ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। 2. समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। 3. मैनुउल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। 4. निविदा प्रपत्र की लागत जो निविदा प्रपत्र में निर्दिष्ट किया गया है। 5. बोली सुरक्षा राशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग, पेमेंट गेटवे या बैंक गारंटी जैसा कि निविदा प्रपत्र में निर्दिष्ट किया गया है, द्वारा स्वीकृत की जायेगी। निविदा सू0सं0–08/डब्ल्यू0/बीडब्ल्यूएस/सीबी/एल0के0ओ/2025–26
दिनांक 28.08.2025 2628/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## ईट भट्ठे पर छापामारी के दौरान 150 किलो लहन को किया नष्ट

**स्वतंत्रभारत मऊ।** प्रत्येक महीने आबकारी विभाग एवं प्रवर्तन मंडल आजमगढ़ की संयुक्त टीम द्वारा विशेष छापामारी अभियान चलाकर विभिन्न एट एवं भट्ठा से बन रही अवैध शराब एवं लहन को नष्ट करती है शनिवार प्रातः जिला आबकारी अधिकारी मोहम्मद असलम के निर्देश पर प्रवर्तन मंडल आजमगढ़ के इंस्पेक्टर संजय सिंह सत्येंद्र सिंह एवं जनपद के आबकारी निरीक्षक विमलेश यादव बजरंगी नेहा यादव अदनान समेत आबकारी पुलिस एवं महिला पुलिस ने मधुबन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सराय मेवा गिरी में आबकारी विभाग की टीम ने पहुंचकर एक ईट भट्टे पर छापामारी किया इस दौरान मौके पर तो कोई नहीं मिला।


पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक : के.के. श्रीवास्तव
स्थानीय संपादक : विष्णु मोहन*
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।

# भारत और जापान में क्षेत्रीय स्तर पर भी सहयोग हो

## पीएम मोदी ने जापान के गवर्नरों के साथ की चर्चा | कहा दिल्ली और टोक्यो तक ही न सीमित रहें संबंध



**टोक्यो/नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को जापान के विभिन्न प्रांतों के गवर्नरों से मुलाकात की और इस बात पर बल दिया कि भारत और जापान के बीच संबंधों को अब राज्यों और प्रांतों के स्तर पर भी विस्तार देना आवश्यक है, ताकि दोनों देश विकास के पथ पर एक-दूसरे के साझीदार बन सकें। अपनी जापान यात्रा के दूसरे दिन, श्री मोदी ने टोक्यो में 16 प्रांतों के गवर्नरों के साथ गहन चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत के राज्यों और जापान के प्रांतों के बीच सहयोग भारत-जापान संबंधों का एक महत्वपूर्ण आधार है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने लिखा, आज सुबह टोक्यो में जापान के 16 प्रांतों के गवर्नरों के साथ उपयोगी बातचीत हुई। क्षेत्रीय स्तर पर सहयोग भारत और जापान की दोस्ती का एक मजबूत स्तंभ है। इसीलिए, कल 15वें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन में इस दिशा में एक विशेष पहल शुरू की गई। व्यापार, नवाचार, उद्यमिता, स्टार्टअप, प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे क्षेत्रों में असीमित संभावनाएँ मौजूद हैं।

गवर्नरों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और जापान के बीच आधुनिक संबंध दोनों देशों की प्राचीन सांस्कृतिक और सभ्यतागत विरासत से प्रेरणा लेते हुए निरंतर प्रगति कर रहे हैं। उन्होंने भारत-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी की गति पर प्रकाश डालते हुए इस बात पर जोर दिया कि अब समय है कि दोनों देशों के बीच संबंधों को दिल्ली और टोक्यो तक सीमित न रखकर राज्यों और प्रांतों के बीच नए सिरे से मजबूत किया जाए। इस संदर्भ में उन्होंने 15वें वार्षिक शिखर सम्मेलन में शुरू की गई क्षेत्रीय साझेदारी पहल का उल्लेख किया, जो व्यापार, प्रौद्योगिकी, पर्यटन, कौशल विकास, सुरक्षा और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देगी। उन्होंने जापान के गवर्नरों और भारत के राज्य सरकारों से इस पहल का अधिकतम लाभ उठाने और विनिर्माण, तकनीक, नवाचार, गतिशीलता, अगली पीढ़ी के बुनियादी ढांचे, स्टार्टअप और लघु एवं मध्यम उद्यमों (एसएमई) जैसे क्षेत्रों में साझेदारी स्थापित करने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि जापान के प्रत्येक प्रांत की अपनी अनूठी आर्थिक और तकनीकी विशेषताएँ हैं, और उसी तरह भारत के राज्यों की भी विविधतापूर्ण क्षमताएँ हैं। उन्होंने गवर्नरों को भारत की विकास यात्रा में भागीदार बनने के लिए आमंत्रित किया और दोनों देशों द्वारा किए गए युवा व कौशल आदान-प्रदान के वादों में योगदान देने का आग्रह किया। साथ ही, उन्होंने जापानी तकनीक को भारतीय प्रतिभा के साथ जोड़कर सर्वोत्तम परिणाम प्राप्त करने की बात कही। गवर्नरों ने इस बात पर सहमति जताई कि भारत-जापान के बीच व्यापार, शिक्षा, संस्कृति और जन-जन के बीच संबंधों को नई ऊँचाइयों तक ले जाने के लिए क्षेत्रीय सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### ऐतिहासिक रहा जापान दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना जापान दौरा पूरा कर चीन के लिए रवाना होने से पहले कहा कि उनका ये जापान दौरा याद रखा जाएगा क्योंकि इस दौरे पर दोनों देशों के बीच कई ऐसे समझौते हुए, जिनके आधार पर दोनों देशों के रिश्तों में और मजबूती आएगी। जापान दौरे पर पीएम मोदी ने भारत-जापान आर्थिक फोरम में शिरकत की और बुलेट ट्रेन की भी सवारी की। साथ ही पीएम मोदी ने जापान की सेमीकंडक्टर बनाने वाली प्रमुख कंपनी का दौरा भी किया।



हर रंग में सुंदरता ढूंढो, बिल्कुल मोर के पंखों की तरह    छाया : गोपी रस्तोगी

# 'यूक्रेन युद्ध के लिए भारत नहीं, अमेरिकी अधिकारी जिम्मेदार'

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के एक यहूदी संगठन ने उन अधिकारियों की आलोचना की है, जिन्होंने रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत की निंदा की है। संगठन ने कहा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष के लिए भारत जिम्मेदार नहीं है और अमेरिका-भारत संबंधों को फिर से सुधारने की जरूरत है। ट्रंप प्रशासन के कुछ सदस्यों ने हाल ही में भारत आरोप लगाया है कि रूस से उर्जा खरीदकर भारत राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की युद्ध मशीन को फंडिंग कर रहा है। अमेरिकी यहूदी समिति ने कहा कि व्हाइट हाउस के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो की ओर से भारत पर लगाए गए आरोप गलत और अपमानजनक हैं। नवारो ने इसे मोदी का युद्ध कहा और यह भी कहा कि शांति की राह नई दिल्ली से होकर गुजरती है।

**यहूदी संगठन ने की ट्रंप प्रशासन की आलोचना**

## एक नज़र

### शांति बहाली में तेजी लाने की कवायद

**कीव।** रूस और यूक्रेन बीच तीन साल से चल रहे संघर्ष में स्थिति दिन प्रतिदिन और भयावह होती जा रही है। शांति वार्ता को लेकर चल रहे प्रयास भी धूमिल होते हुए दिख रहे है। ऐसे में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा है कि यूक्रेन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूरोपीय नेताओं से अगले हफ्ते मुलाकात करना चाहता है ताकि रूस के साथ चल रही तीन साल की जंग को खत्म करने के प्रयासों पर चर्चा की जा सके। जेलेंस्की ने रूस पर आरोप लगाया कि वह शांति वार्ता में कोई गंभीर पहल नहीं कर रहा, बल्कि अब भी यूक्रेन के आम इलाकों पर हवाई हमले कर रहा है। यूक्रेन राष्ट्रपति कार्यालय प्रमुख आंद्रेई यरमाक ने न्यूयॉर्क में ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ से मुलाकात की।

### इंडोनेशिया में भीड़ ने संसद भवन फूंका, तीन मरे

**जकार्ता।** इंडोनेशिया में लगातार बढ़ते विरोध प्रदर्शनों ने हिंसक रूप ले लिया है। साउथ सुलावेसी प्रांत की राजधानी मकास्सार में गुस्साई भीड़ ने शुक्रवार देर रात स्थानीय संसद भवन में आग लगा दी। इस घटना में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जलने और इमारत से कूदने के कारण चोटें आईं। घटनास्थल से शनिवार सुबह शव बरामद किए गए। स्थानीय रिपोर्ट में बताया गया कि पूरी इमारत आग की लपटों से घिर गई और रातभर क्षेत्र नारंगी रोशनी में डूबा रहा। इसके अलावा वेस्ट जावा के बांडुंग शहर में भी प्रदर्शनकारियों ने क्षेत्रीय संसद भवन को आग के हवाले कर दिया। सुराबाया शहर में गुस्साई भीड़ ने पुलिस मुख्यालय पर धावा बोला, वाहनों को आग के हवाले किया और बैरिकेड तोड़ दिए। पुलिस ने भीड़ को काबू करने के लिए आंसू गैस और पानी की बौछारों का इस्तेमाल किया, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने पटाखों और लकड़ी की छड़ों से जवाब दिया।

### अमेरिकी सीनेटरों के ताइवान जाने पर भड़का चीन

**ताइपे।** अमेरिका की हरकत पर चीन एक बार फिर भड़क उठा है। असल में दो अमेरिकी सीनेटरों ने ताइवान की यात्रा की थी। चीन ताइवान को अपना हिस्सा बताता है। ऐसे में अमेरिकी अधिकारियों का ताइवाना जाना और वहां के लोगों से मिलना चीन को रास नहीं आया। चीन ने इस दौरे की आलोचना करते हुए इसे अपनी संप्रभुता का उल्लंघन बताया है। अमेरिकी सीनेट सशस्त्र सेवा समिति के अध्यक्ष रोजर विकर और नेब्रास्का की रिपब्लिकन डेब फिशर ने शुक्रवार को ताइवान के वरिष्ठ नेताओं के साथ कई उच्च-स्तरीय बैठकें कीं।

### सिंगापुर में भारतीय नागरिक को जेल की सजा

**सिंगापुर सिटी।** सिंगापुर की एक अदालत ने शुक्रवार को एक भारतीय नागरिक को 2023 में एक सड़क दुर्घटना में नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ़ सिंगापुर के एक वरिष्ठ लॉ प्रोफेसर की मौत के लिए दो साल एक महीने की जेल और 2,000 सिंगापुर डॉलर के जुर्माने की सजा सुनाई। 7 जुलाई, 2023 को, एक निर्माण मजदूर नटराजन मोहनराज (28) ट्रक चलाते समय अपना मोबाइल फोन देख रहा था और उसी वक्त उसके ट्रक ने एमेरिटस प्रोफेसर टैन यॉक लिन (70) की कार से टक्कर मार दी।

### ऑस्ट्रेलिया के राजनेता ने दी पत्रकार को धमकी

**ब्रिस्बेन।** ऑस्ट्रेलिया के राजनेता बॉब कैटर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पत्रकार को धमकाने को लेकर विवादों में घिर गए हैं। यह घटना ब्रिस्बेन में क्वींसलैंड संसद भवन के बाहर हुई, जहां एक पत्रकार ने बॉब कैटर से उनके लेबनानी मूल को लेकर सवाल पूछा। इस पर कैटर भड़क गए और उन्होंने गुस्से में पत्रकार की ओर मुट्ठी उठाई। कैटर ने चिल्लाते हुए कहा, अरे यार, ये मत बोलो क्योंकि ये बात मुझे गुस्सा दिलाती है और मैंने ऐसे कहने वाले लोगों का मुंह तोड़ा है। मत बोलो ऐसा।

### लाहौर के कई इलाके बाढ़ में डूबे

**लाहौर।** पाकिस्तान में बाढ़ का कहर खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। यहां तक पाकिस्तान के सबसे अहम शहर लाहौर तक भी बाढ़ का कहर पहुंच चुका है। लाहौर के कई आवासीय इलाके बाढ़ के पानी में डूब चुके हैं। लगभग 40 वर्षों में पहली बार लाहौर शहर में बाढ़ आई है। पंजाब प्रांत में बाढ़ के चलते पिछले 24 घंटों में कम से कम 22 लोगों की मौत हो चुकी है। सिखों के पवित्र स्थल करतारपुर सहित प्रांत भर में कम से कम 1,700 गांव जलमग्न हैं। बाढ़ का पानी 38 साल बाद इस शहर में घुसा है।

# ट्रंप के अधिकांश टैरिफ गैर कानूनी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की एक अपील अदालत ने शुक्रवार (स्थानीय समयानुसार) को एक बड़ा फैसला सुनाया। अदालत ने कहा कि राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप के अधिकांश टैरिफ गैरकानूनी हैं। अदालत का यह फैसला उस नीति को बड़ा झटका है, जिसमें ट्रंप ने टैरिफ को अपनी अंतरराष्ट्रीय आर्थिक रणनीति का अहम हथियार बनाया था। हालांकि, अदालत ने कहा है कि ये टैरिफ 14 अक्तूबर तक लागू रहेंगे, ताकि ट्रंप प्रशासन के पास अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में अपील करने का समय रहे। बता दें कि ट्रंप ने अलग-अलग देशों पर एक फरवरी से टैरिफ लगाया था। हालांकि, बाद में टैरिफ वसूलने की तारीखें आगे भी बढ़ाई गईं और कुछ देशों को छूट भी दी गई। दो अप्रैल कोट्रंप रेसिप्रोकल टैरिफ की दरों का एलान करने खुद सामने आए थे और टैरिफ वसूले जाने वाले देशों की सूची के साथ उनकी तस्वीर लंबे समय तक सुर्खियों में भी रही। अपील अदालत के फैसले के बाद, डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में लिखा, सभी टैरिफ अभी भी लागू हैं! आज एक बेहद पक्षपाती अपील अदालत ने गलती से कहा कि हमारे टैरिफ हटा दिए जाने चाहिए, लेकिन वे जानते हैं कि अंत में जीत अमेरिका की ही होगी। अगर ये टैरिफ कभी हट भी गए तो यह देश के लिए एक बड़ी आपदा होगी।

**अमेरिकी अपील अदालत का बड़ा फैसला**

# अमेरिका की संसदीय समिति का चीन पर सख्त रुख

**वॉशिंगटन।** चीन पर अमेरिका की विशेष संसदीय समिति के अध्यक्ष जॉन मूलनार ने वाणिज्य विभाग के सचिव हावर्ड लटकनिक को पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्होंने चीन को निर्यात की जाने वाली एआई चिप पर रोलिंग टेक्निकल थ्रेशोल्ड रणनीति लागू करने की सिफारिश की है। मूलनार मिशिगन राज्य से रिपब्लिकन पार्टी के सांसद हैं। इस रणनीति का मकसद यह है कि चीन को जो एआई चिप निर्यात किए जाएं, वे उन चिप से थोड़े बेहतर हों जिन्हें चीन खुद अपने देश में बड़े पैमाने पर बना सकता है। इस तरह अमेरिका अपनी तकनीकी बढ़त बनाए रख सकेगा। साथ ही, इस रणनीति का एक और लक्ष्य यह है कि चीन की कुल एआई कंप्यूटिंग शक्ति अमेरिका की तुलना में केवल 10 प्रतिशत तक सीमित रहे, ताकि अमेरिका लंबे समय तक एआई में अग्रणी बना रहे।

# हॉटलाइन संचार से टला था तीसरे विश्व युद्ध का खतरा

**नई दिल्ली।** अक्टूबर 1962... अमेरिका और सोविय संघ के बीच शीतयुद्ध अपने चरम पर था। इसी बीच सोवियत संघ ने अमेरिका के पास मौजूद क्यूबा में परमाणु मिसाइल तैनात कर दिए। इस घटना से पूरी दुनिया में हड़कंप मच गया। अमेरिका भी तुरंत सक्रिय हो गया। सबको लगा अब दोनों देशों के बीच परमाणु युद्ध होकर रहेगा।क्यूबा मिसाइल संकट को शीत युद्ध का चरम समय माना जाता है। इस दौरान अमेरिका और सोवियत संघ के बीच 13 दिनों तक टकराव चला, जिसके बाद दोनों देशों के बीच हॉटलाइन संचार शुरू हुआ।

**सोवियत संघ ने अमेरिका के पास तैनात कर दिए थे परमाणु मिसाइल**

### क्यों हुई हॉटलाइन संचार की स्थापना

20 जून 1963 को अमेरिका और सोवियत संघ के बीच हॉटलाइन संचार की स्थापना हुई। हॉटलाइन संचार एक सीधा संचार लिंक था, जो वाशिंगटन और मॉस्को को जोड़ता था। दरअसल क्यूबा मिसाइल संकट के दौरान जब दुनिया पर तीसरे विश्व युद्ध का खतरा मंडरा रहा था, तब अमेरिका ने सोवियत संघ को समझौते का मैसेज भेजा, जिसे पहुंचने में 12 घंटे का समय लगा। सभी को डर था कि कहीं मैसेज पहुंचने से पहले रूस अमेरिका पर परमाणु हमला न कर दे।

# तुर्की ने इजरायल के साथ तोड़े व्यापारिक संबंध

**अंकारा।** आर्थिक संबंध पूरी तरह से समाप्त करने की घोषणा की है। इसके साथ ही, तुर्की ने अपने हवाई क्षेत्र को इजरायली विमानों के लिए बंद कर दिया है और अपने बंदरगाहों पर इजरायली जहाजों के प्रवेश पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। यह कदम गाजा में इजरायल की सैन्य कार्रवाइयों के खिलाफ तुर्की की अब तक की सबसे सख्त प्रतिक्रिया मानी जा रही है। तुर्की के विदेश मंत्री हाकन फिदान ने अंकारा में संसद के एक विशेष सत्र में गाजा मुद्दे पर बोलते हुए इस फैसले की घोषणा की। उन्होंने कहा, हमने इजरायल के साथ सभी व्यापारिक संबंध पूरी तरह से समाप्त कर दिए हैं। इसके अलावा, इजरायली विमानों के लिए हमारा हवाई क्षेत्र पूरी तरह बंद है।

# अमेरिका में अवैध प्रवासियों के तेजी से निर्वासन पर रोक



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन को उस समय बड़ा झटका लगा, जब एक संघीय जज ने हिरासत में लिए गए अवैध प्रवासियों के तेजी से निर्वासन पर अस्थायी रोक लगा दी। ट्रंप प्रशासन संघीय कानूनी दायरा बढ़ाकर अवैध प्रवासियों को बिना जज के सामने पेश किए जल्द देश से बाहर निकालना चाहता था। ट्रंप ने 2024 के चुनावी अभियान में वादा किया था कि अगर वह दोबारा व्हाइट हाउस लौटते हैं, तो वह बड़े बड़े पैमाने पर निर्वासन अभियान चलाएंगे। उन्होंने कहा था कि वह अपने दूसरे कार्यकाल में सालाना दस लाख लोगों को निर्वासन करना चाहते हैं। वॉशिंगटन डीसी की यूएस डिस्ट्रिक्ट जज जिया कॉब ने कहा कि ट्रंप प्रशासन की तेजी से निर्वासित करने की नीति से लोगों के कानूनी अधिकारों का उल्लंघन हो रहा है। जनवरी में ट्रंप के पद संभालने के बाद होमलैंड सिक्योरिटी विभाग ने अवैध प्रवासियों के तेजी से निर्वासन की घोषणा की थी।

**ट्रंप प्रशासन को फेडरल कोर्ट से बड़ा झटका**

# पोर्न साइट पर डाल दीं जॉर्जिया मेलोनी व अन्य की तस्वीरें

**रोम।** इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने एक अश्लील वेबसाइट पर उनके और दूसरी महिलाओं की फर्जी तस्वीरें पोस्ट करने पर कड़ा ऐतराज जताया है। उन्होंने इसे घिनौना बताया और दोषियों को सख्त सजा देने की बात कही। उनकी बहन अरियाना, विपक्षी नेता एली श्लेन, मशहूर हस्ती कियारा फेर्रानी और यूरोपीय संघ की सांसद एलेसांद्रा मोरेटी की तस्वीरें भी इस वेबसाइट पर मिलीं, जिसका नाम फिका है। इस प्लेटफॉर्म के 7 लाख से ज्यादा यूजर्स थे, लेकिन इसके मैनेजर्स ने इसे बंद कर दिया क्योंकि लोग इसका गलत इस्तेमाल कर रहे थे।

# लांग रेंज मिसाइलों की तैनाती तेज करेगा जापान

**टोक्यो।** जापान ने एक अहम घोषणा करते हुए इस बात पर जोर दिया है कि वह अब अपनी घरेलू रूप से विकसित लंबी दूरी की मिसाइलों की तैनाती तय समय से एक साल पहले करेगा। जापान के रक्षा मंत्रालय ने दी। मंत्रालय के अनुसार अब ये मिसाइलें मार्च 2026 तक दक्षिण-पश्चिमी जापान के कुमामोटो स्थित सेना के कैंप केंगुन में तैनात कर दी जाएंगी। यह टाइप-12 एंटी-शिप मिसाइल एक विशेष प्रकार की मिसाइल है जो कि लगभग 1,000 किलोमीटर तक मार कर सकती है। ये कदम चीन, उत्तर कोरिया और रूस से बढ़ते सुरक्षा खतरों को देखते हुए उठाया गया है। खासतौर पर चीन की आक्रामक नौसैनिक गतिविधियों को लेकर जापान सतर्क है।

जापान ने दावा किया कि जून में पहली बार दो चीनी एयरक्राफ्ट कैरियर को अपने दक्षिणी द्वीपों के पास देखा, जिसके बाद सुरक्षा संकट को लेकर अहम कदम उठाने की आवश्यकता है।

**बढ़ते क्षेत्रीय तनाव के बीच नीति में बड़ा बदलाव**

## अपार खुशी और दिव्य ऊर्जा लाते हैं गणपति!



देश भर में गणेश चतुर्थी पर्व बड़ी श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाया जा रहा है। गणपति बप्पा का घर में स्वागत ढेर सारे प्यार, प्रार्थना और खास तैयारियों के साथ किया गया है। सपना सिकरवार जोकि एण्डटीवी के शो 'हप्पू की उलटन पलटन' में बिमलेश का किरदार निभा रही हैं, कहती हैं ''गणपति बप्पा हमेशा हमारे घर में अपार खुशी और दिव्य ऊर्जा लेकर आते हैं। इस साल हमारी मूर्ति गुलाबी और सफेद रंग की है, जो शांति और सकारात्मकता का प्रतीक है। सजावट ताज़े फूलों-लिली और डैफोडिल्स से की गई है, जिससे पूरा घर एक दिव्य बगीचे जैसा लग रहा है। इस बार मेरी सह.कलाकार और रील लाइफ बहन गीतांजलि मिश्रा उर्फ राजेश् भी मेरे साथ मिलकर सजावट और पकवानों की तैयारी में शामिल हुईं। मेरे लिए गणेश चतुर्थी भक्तिए साथ और घर को दिव्य ऊर्जा से भरने का पर्व है।'' रोहिताश्व गौड़ यानी 'भाभीजी घर पर हैं' के मनमोहन तिवारी कहते हैं ''पिछले 24 साल से हम घर में बप्पा ला रहे हैं और यह साल का सबसे खास समय होता है। पिछले तीन साल से हम 11 दिन का गणपति रखते हैं और घर में दिव्यता का माहौल रहता है। इस साल का थीम सफेद है बैकग्राउंड से लेकर सजावट तक,जिससे घर में शांति और पवित्रता बनी हुई है।''

## मायरा मिश्रा बनीं वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट



'छोरियाँ चली गाँव' के कंटेस्टेंट्स अनिता हसनंदानी, अंजुम फकीह, कृष्णा श्रॉफ, डॉली जावेद, एरिका पैकार्ड, रमीत संधू, सुरभि और समृद्धि मेहरा लगातार अपनी मेहनत, हौसले और जोश से दर्शकों का दिल जीत रहे हैं। जहां गांव में पहले ही हिम्मत, हंसी और बदलाव के कई पल देखे जा चुके हैं, वहीं इस हफ्ते एक नया और रोमांचक मोड़ आया। गणेश चतुर्थी के खास एपिसोड के दौरान पॉपुलर एक्ट्रेस मायरा मिश्रा ने शो में गेस्ट एंट्री दी और सभी को चौंकाते हुए ऐलान किया कि वो अब वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट्स के रूप में शो का हिस्सा बन रही हैं। 'भाग्य लक्ष्मी' में अपने किरदार से लोगों के दिलों में जगह बनाने वालीं मायरा मिश्रा अब एक नए अनुभव के लिए तैयार हैं। अपनी गंभीर अदाकारी और मजबूत ऑन-स्क्रीन मौजूदगी के लिए जानी जाने वाली मायरा ने टीवी पर एक विश्वसनीय फैन फॉलोइंग बनाई है और अब वो अपने व्यक्तित्व का एक बिल्कुल नया और अलग पहलू दर्शकों के सामने लाने जा रही हैं। गांव में कदम रखते ही मायरा शहर की आरामदायक जिंदगी को छोड़कर सादगी और चुनौतियों से भरे ग्रामीण जीवन का अनुभव करेंगी। मायरा मिश्रा ने अपनी एंट्री के बारे में कहा, छोरियाँ चली गाँव का हिस्सा बनकर मैं बहुत उत्साहित हूं। शो का कॉन्सेप्ट और कंटेस्टेंट्स की हिम्मत मुझे बहुत प्रेरित करती है।

# ट्रंप इज डेड : सोशल मीडिया पर वायरल नया ट्रेंड

## जेडी वेंस की टिप्पणी के बाद तेजी से हो रहा वायरल



**न्यूयॉर्क।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक ट्रेंड ट्रंप इज डेड जमकर वायरल है। जैसे ही ये ट्रेंड एक्स पर छाया लोगों ने इसके पीछे की वजह तलाशने की कोशिश शुरू कर दी। ये ट्रेंड उस वक्त अचानक वायरल हुआ, जब अमेरिका के उप राष्ट्रपति जेडी वेंस ने एक साक्षात्कार के दौरान कहा कि अगर किसी प्रकार की कोई त्रासदी आती है, तो वह राष्ट्रपति पद की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। यूएसए टुडे के साथ एक विशेष साक्षात्कार में वेंस से पूछा गया कि क्या वे भयानक त्रासदी की स्थिति में कमांडर-इन-चीफ की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। इसी सवाल के जवाब में उन्होंने ये टिप्पणी की थी। हालांकि, जोर देकर जेडी वेंसे ने कहा था कि अमेरिकी राष्ट्रपति पूरी तरीके से फिट और ऊर्जावान हैं। माना जा रहा है कि उत्तराधिकार के एक सवाल पर की गई वेंस की इन टिप्पणियों ने शायद इस ट्रेंड को जन्म दिया है।

बाजार दर्पण



उत्सव लॉन्स
गोरखपुर में

शादी-विवाह एवं अन्य
शुभ आयोजनो हेतु।
अलहदादपुर, गोरखपुर
फोनः- 0551-2338099
+918400085593

विश्वास नेत्र एवं
लेज़र सेन्टर

डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन
मेडिक्लेम सुविधा
उपलब्ध

विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइलः 9415016089